फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 45 प्रभात जयपुर, रविवार 15 सितम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Good Bye To Dear "Golu"

R.D. Singh managed to get down on a narrow ledge, which was a few feet above the deep flowing waters of Chambal.

Greenpeace Day

Make everyday changes in your life to help preserve the planet, or volunteer with or donate to Greenpeace to further their cause of planet salvation.

# 'निवेशकों ने प्रदेश की डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने यह भी कहा कि 5 साल में राजस्थान की अर्थव्यवस्था डबल होगी। उन्होंने कहा कि, राजस्थान में विदेशी भाषाओं की लर्निंग के लिए महाविद्यालय खोला जाएगा

जयपुर, 14 सितंबर। राजस्थान में उद्योग-धंधों की अपार संभावनाओं के चलते निवेशकों को आमंत्रित करने दक्षिण कोरिया और जापान यात्रा पर गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जयपुर लौटने पर आज एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक उनका भव्य स्वागत किया गया। लोक कलाकारों

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राइज़िंग राजस्थान के लिए इन्वैस्ट समिट की तरह ग्लोबल समिट होगा और 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नई दिल्ली में रोड शो होगा।

और भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाडों, बैंड-बाजों के साथ पुष्प वर्षा के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं का अपार प्रेम, स्नेह और भरोसा देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया कि भाजपा की सरकार प्रदेश के विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी।



*जापान और उत्तर कोरिया की यात्रा के बाद वापस लौटने पर जयपुर एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक मु.मंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मु.मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा, जापान के निवेशकों ने राजस्थान में निवेश के विषय में बहुत ही पॉज़िटिव प्रतिक्रिया दी है।*

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के भरोसे से मुझे कार्य करने की ताकत मिलती है। इसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र के बाद दक्षिण कोरिया और जापान के निवेशकों ने राजस्थान में निवेश करने के लिए पॉज़िटिव प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जापान की एक कंपनी ने तो राजस्थान के 15 हजार युवाओं को जापान में रोजगार तक देने का वादा भी कर दिया। ऐसे में राजस्थान में विदेशी भाषाओं की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीनी कम्पनियों में निवेश कर रही थीं सेबी चीफ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। कांग्रेस मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने शनिवार को सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने कहा कि माधवी ने 2017 से 2023 के बीच विदेशी फर्मों की लिस्टेड सिक्युरिटीज़ में निवेश किया था। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री को पता था कि वह ऐसे समय में चीनी कम्पनियों में निवेश कर रही थीं जब भारत चीन के साथ भू-राजनैतिक

- कांग्रेस ने सेबी चीफ माधवी पुरी बुच पर एक और सनसनीखेज आरोप लगाया और पूछा कि क्या प्रधानमंत्री को इस बारे में पता था।

समस्या का सामना कर रहा है।

उन्होंने एक प्रैस कॉन्फ्रैस में कहा कि सेबी प्रमुख चीनी कम्पनियों में निवेश कर रही हैं और यह अभी भी चल रहा है उनके पास चीनी कम्पनियों की सनसनीखेज सूचनाएं हैं। खेड़ा ने आरोप लगाया कि यह चीनी सामान भारत ला रही हैं।

खेड़ा ने माधवी से पूछा क्या उनकी और उनके परिवार की उन कंपनियों से कोई सांठगांठ है जिनके नाम पनामा पेपर्स या पैराडाइज़ पेपर्स में थे।

माधवी और उनके पति ने इन आरोपों पर कानूनी कार्यवाही की धमकी दी है कि खेड़ा ने कहा कांग्रेस विपक्षी दल होने की जिम्मेवारी निभा रही है।

# प्र.मंत्री मोदी के सी.जे.आई. के घर जाने पर न्यायविदों में भारी विवाद खड़ा हुआ

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड ने नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई गणपति पूजा में जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। जाने-माने वकीलों, रिटायर्ड जजों और विपक्षी नेताओं ने इस पर कई सवाल उठाए हैं। यह भी पूछा जा रहा है कि पूजा में जाने की खबर को क्या सार्वजनिक किया जाना चाहिए था।

राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने ऑन लाइन प्रचारित हो रही वीडियो क्लिप्स पर आश्चर्य जताया।

सिब्बल, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते 50 साल से भी ज्यादा हो चुके है, ने सी.जे.आई. की ईमानदारी और निष्ठा के प्रति पूर्ण सम्मान प्रकट किया लेकिन इस घटना के प्रचार पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति को निजी कार्यक्रमों का प्रचार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हो सकता है सी.जे.आई. का इरादा सार्वजनिक प्रचार का ना हो, पर ऐसे निजी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की उपस्थिति उचित नहीं थी।

सिब्बल ने कहा कि इस घटना को लेकर जो बातें चल रही हैं उससे सुप्रीम कोर्ट की साख पर दाग लग सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी सी.जे.आई. के आवास पर हुई गणपति पूजा में शामिल

- भाजपा के सम्बित पात्रा का तर्क है कि 2009 में जब तत्कालीन प्र.मंत्री मनमोहन सिंह ने इफ्तार पार्टी दी थी तब तत्कालीन सी.जे.आई. के.जी. बालाकृष्णन उसमें शामिल हुए थे, अब गणेश पूजा पर विवाद अनुचित है।
- सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का तर्क है कि प्रधानमंत्री का गणपति पूजा पर सी.जे.आई. के घर जाना व्यक्तिगत मसला हो सकता है, पर, उसका वीडियो बनाकर प्रचारित करना सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठा पर आघात है।

हुए तथा एक वीडियो में सी.जे.आई. व उनकी पत्नी को मोदी का स्वागत करते हुए दिखाया गया। इस पर विपक्षी नेता व कानूनविद् तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रहे आर.एम. लोढ़ा ने कहा कि संवैधानिक रुप से "शक्तियों का पृथक्करण" (सैपररेशन ऑफ पावर्स) है और आमतौर पर न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच दूरी रखी जाती है।

उन्होंने कहा ऐसी मुलाकातों से न्यायपालिका की सार्वजनिक अवधारणा प्रभावित होती है, पर न्यायिक फैसलों पर प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा जज जो भी स्वतंत्र रुप से करना चाहता है वो करेगा। पर मेरी याददाश्त में यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री किसी सी.जे.आई. के सरकारी आवास पर गए हों।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने कहा, यात्रा को सार्वजनिक बनाना गलत था। मेरे विचार से विज़िट को सार्वजनिक करना सही नहीं था। मुझे नहीं पता किसने किसे आमंत्रित किया था पर मैं कह सकता हूँ कि ऐसे विज़िट आम जनता की नज़र में न्यायपालिका की छवि को प्रभावित कर सकते हैं। माथुर 2018 से 20121 तक इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता इससे सी.जे.आई. के भावी फैसले प्रभावित होंगे पर इससे आम जनता में उनकी गलत छवि बनेगी। इससे गलत संदेश जा सकता है।"

शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने कहा कि गणपति उत्सव चल रहा है लोग एक दूसरे के घर जाते हैं मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री किसी के घर गए हैं या नहीं। दिल्ली व महाराष्ट्र सदन में कई जगहों पर गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सी.जे.आई. के घर गए उन्होंने आरती की। हमें लगता है कि अगर संविधान के संरक्षक राजनेताओं से मिलेंगे तो जनता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अशोक गहलोत के सब्सिडी वादों के झूठे जाल में फंसे उद्योगपति

## पिछली कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2022 में "रिप्स पॉलिसी" की घोषणा तो की, लेकिन नीति बनाकर टैक्स छूट व सब्सिडी नहीं दी

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 14 सितम्बर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछली सरकार में वोटबैंक साधने और अपनी सरकारी के लिए वाहवाही लूटने के लिए कई तरह की सब्सिडी देने का झांसा उद्योगपतियों को दिया था। इन घोषणाओं के झूठे जाल में फंसकर जिन कंपनियों ने करोड़ों रु. खर्च करके राजस्थान में कई प्लांट लगा दिए, उनमें से अधिकांश को उनकी सरकार ने सब्सिडी ही नहीं दी।

वर्ष 2022 में गहलोत सरकार ने राजस्थान इन्वैस्टमेंट प्रमोशन स्कीम (रिप्स) लागू करते समय निवेशकों को, जो टैक्स छूट व सब्सिडी राहत देने की घोषणाएं की थी, वह नहीं दी गई। क्योंकि रिप्स पॉलिसी 2022 में बनी, लेकिन इसके प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश ही गत 23 अगस्त 2024 को जारी किए गए। इस गाइडलाइन के मुताबिक सब्सिडी

- अब 2 साल बाद भजनलाल सरकार ने "रिप्स" में सब्सिडी व छूट देने के लिए गत 23 अगस्त 2024 को प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके पूर्व किस कंपनी को कितनी राहत, कैसे दी जाएगी, इस संबंध में कोई गाइडलाइन तय नहीं थी।
- गहलोत सरकार ने "रिप्स" पॉलिसी की घोषणा के समय निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी, कन्वर्ज़न चार्जेज़, लैंड टैक्स, विद्युत शुल्क, बाजार अथवा मंडी टैक्स के साथ ब्याज सब्सिडी, टर्म लोन में राहत, ग्रीन इन्सैन्टिव, कैपिटल सब्सिडी, टर्न ओवर लिंक सब्सिडी, इन्वैस्टमैंट सब्सिडी, क्लस्टर बैनिफिट समेत कई तरह की छूट देने के वायदे किए थे।

पाने के लिए कम से कम 50 करोड़ तक का निवेश अनिवार्य रखा गया है। इसके अभाव में व्यापार विस्तार के लिए मौजूदा निवेश का 25 प्रतिशत से ज्यादा राशि लगानी होगी। या मौजूदा उद्योग की 20 प्रतिशत क्षमता बढ़ानी होगी।

अशोक गहलोत की सरकार ने जब "रिप्स" पॉलिसी की घोषणा की थी, तब निवेशकों से वादा किया गया था कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मेव समाज के दिग्गज नेता एवं रामगढ़ विधायक ज़ुबेर खान का निधन

अलवर, 14 सितम्बर (निसं)। मेव समाज के राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेता एवं रामगढ़ से विधायक ज़ुबेर खान का शनिवार को इंतकाल हो गया वे करीब डेढ़ वर्ष से बीमार चल रहे थे। उन्होंने शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे अन्तिम सांस ली। उनके निधन की

- ज़ुबेर खान करीब डेढ़ वर्ष से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही मेव समाज एवं कांग्रेसजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

सूचना मिलते ही अलवर में कांग्रेस नेताओं सहित मेव समाज में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें शनिवार शाम पांच बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

जुबेर खान ने 8वीं तक की पढ़ाई अलवर के माचडी गांव के पास बगड़ राजपूत स्कूल से की थी। इसके बाद अलवर शहर के नवीन सीनियर सेकेंडरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जलजीवन मिशन में 22 हजार करोड़ रू. के ठेके, केवल 8-10 कम्पनियों को पूल बनाकर बांटे गए

## गहलोत सरकार का पूल बनाने का मकसद था कि टैंडर भरने वाली कम्पनियों की संख्या कम से कम हो

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। बड़े इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट के टैंडरों में मिलजुल कर दरें भरने और अपनी मर्जी के लोगों को न्यूनतम दर पर लाकर काम देने का खेल गहलोत सरकार में बेशर्मी से चला। जल जीवन मिशन के लगभग 22 हजार करोड़ के ठेकों में केवल 8-10 कंपनियों ने काम आपस में बांट लिए और 27 से 42 प्रतिशत ऊंची दरें भर दीं जिनको तत्कालीन ए.सी.एस. पी.एच.ई.डी. सुबोध अग्रवाल ने आंख मींचकर अनुमोदित कर टेंडर वित्त विभाग को भेज दिए, वित्त विभाग के मंत्री खुद अशोक गहलोत थे। समाचार पत्रों में मामला छपने और पाली सांसद पी पी चौधरी द्वारा लोकसभा में उठाए जाने पर गहलोत को निविदाएं निरस्त करनी पड़ी थीं।

अब प्रश्न उठता है कि पूल कैसे हो पाया और कैसे सिद्ध होता है कि गहलोत सरकार के समय पूल हुआ। ये खेल शुरू होता है इस बात से कि टैंडर भरने की योग्यता रखने वाली फर्में कम से कम हों जिससे उन पर जायज़, नाजायज़ दबाव और लालच का इस्तेमाल करके कामों का बंटवारा किया जाए। अगर ऐसे टेंडरों की ऑडिट हो तो पता चलेगा कि एक फर्म जिस टेंडर में न्यूनतम है और उसमें किसी एक आइटम की रेट 1 करोड़ ऑफर करती है तो उसी आइटम की रेट दूसरे टेंडर में (जिसमें पूल की अन्य फर्म न्यूनतम है) 1.5 करोड़ भर देती है।

- असल में गहलोत सरकार का इरादा था कि कम्पनियाँ कम से कम रहें और उन पर, जायज़-नाजायज़ दबाव डालकर तथा लालच का इस्तेमाल कर चहेती कम्पनी को ही काम दिलवाया जाए।
- ऐसा कहा जा रहा है कि पूल बनाने से ठेकेदारों को 2000 करोड़ रूपए की राशि अधिक मिली, जिसका उपयोग उन्होंने नेताओं और अफसरों को खरीदने में किया।
- यह मांग उठ रही है कि पूरे प्रकरण की सी.ए.जी. ऑडिट और सी.बी.आई. जाँच होनी चाहिए तब ही साबित होगा कि गहलोत ने मेघा इंजीनियरिंग को काम दिलवाने के लिए पूल बनाने का खेल रचा था।

ई.आर.सी.पी. का काम विशेष प्रकार का होने के कारण, एक तो इस तरह की इंफ्रा कंपनियां देश में कम ही हैं और तकनीकी योग्यता की शर्तें मेघा इंजीनियरिंग के मन माफिक रखने से विश्वराज कंस्ट्रक्शन जैसी बड़ी कंपनी भी क्वालीफाई नहीं कर पाई और क्या मालूम उस कंपनी ने दबाव में जानबूझकर पूरे कागज ही प्रस्तुत नहीं किए।

तीन पैकेजों में केवल दो फर्में, मेघा इंजीनियरिंग और रामकी इंफ्रा की दरें खुलीं और आश्चर्यजनक रूप से तीनों में से एक में भी रामकी इंफ्रा न्यूनतम नहीं आ पाई। इस तरह के प्रतिष्ठा पूर्ण प्रोजेक्ट के टैंडर की दरें जिस लापरवाही से रामकी इंफ्रा ने भरी हैं उसकी जांच अगर गहराई से होगी तो स्पष्ट हो जाएगा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार ने खाद्य तेलों की इम्पोर्ट ड्यूटी में 20 प्रतिशत वृद्धि की

नयी दिल्ली, 14 सितंबर (वार्ता) सरकार ने विदेशों से मंगाये जाने वाले कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है, जिससे सस्ते तेलों के आयात पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

भारत के राजपत्र में वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल्य सीमा शुल्क (बीसीडी) की दर शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गयी है।

- पाम ऑयल, रिफाइण्ड ऑयल पर इम्पोर्ट ड्यूटी 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32.5 प्रतिशत कर दी गई है।

इसी तरह रिफाइंड पाम ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी थक हार कर आन्दोलन स्थल पर भी गयीं

## पर अपने लम्बे राजनीति अनुभव के बावजूद डॉक्टरों से बातचीत का गतिरोध नहीं तोड़ पायीं

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। अनुभवी तथा चतुर राजनीतिज्ञ ममता बनर्जी ने, वर्तमान संकट का समाधान ढूंढने के लिए आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों के केवल एक छोटे से ग्रुप को शाम को अपने घर बुलाकर डॉक्टरों के आंदोलन को तोड़ने का प्रयास किया।

उन्होंने हर तरह से युवा डॉक्टरों को लुभाने की कोशिश की, यहाँ तक कि उनके स्वास्थ्य के बारे में भारी चिंता भी व्यक्त की। चूँकि, इन दिनों शहर में लगातार बारिश हो रही है, मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को "नहीं भीगने" की सलाह दी।

ममता बनर्जी रवैया, मृत महिला डॉक्टर के प्रति उनकी बेरुखी के बिल्कुल विपरीत था, जब उन्होंने कहा कि लोगों को आंदोलन को भूल जाना चाहिए तथा उत्सव के मूड में आ जाना चाहिए क्योंकि, दुर्गापूजा निकट है। सुबह के समय वो डॉक्टरों से मिलकर उन्हें अपनी मीठी बातों से प्रभावित करना चाहती थी।

तथापि, मीटिंग हो नहीं पाई, क्योंकि, अंत में सरकार ने उस स्तर की पारदर्शिता की इजाज़त नहीं दी, जिसकी जूनियर डॉक्टर मांग कर रहे थे। राज्य सरकार लाइव स्ट्रीमिंग के लिए सहमत नहीं हुई तथा आंदोलनरत डॉक्टरों के वीडियोग्राफरों को समस्त कार्यवाही का वीडियो लेने की इजाज़त नहीं थी।

डॉक्टरों के केस को हैण्डल करने के राज्य सरकार के रवैये से भी जूनियर डॉक्टर नाखुश हैं। सरकार ने दावा किया है कि 29 लोग मरे हैं, जबकि, डॉक्टर इस दावे को गलत बता रहे हैं। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए ममता बनर्जी के जो हताशा भरे प्रयास हैं। उनसे पता चलता है कि सरकार इस मामले में कितनी बुरी तरह से घिर चुकी है।

- उन्होंने अपने मनाने और मनुहार के सभी तरीके अपनाये, "चार्म" का पूरा उपयोग किया, पर, डॉक्टरों को तोड़ नहीं पायीं।
- अन्ततोगत्वा, मु.मंत्री ममता बनर्जी व आन्दोलनकारी डॉक्टरों की बातचीत इसलिये टूटी, क्योंकि, इस पर सहमति नहीं बनी कि मु.मंत्री के निवास पर आयोजित बातचीत व बैठक की वीडियोग्राफी कौन-कौन करेगा, केवल सरकारी वीडियोग्राफर या साथ में आए आन्दोलनकारी डॉक्टरों के वीडियोग्राफर।
- सरकार किसी भी हालत में, आन्दोलनकारियों के वीडियोग्राफर को बैठक की वीडियोग्राफी करने की इजाज़त नहीं देना चाहती थी।

जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि राज्य की जनता को, मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग की कार्यवाही जानने का पूरा अधिकार है। दोनों तरफ से वीडियोग्राफी का अभाव मीटिंग की पारदर्शिता को खत्म कर देगा। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के संकट का समाधान निकालने के लिए व्यक्तिगत प्रयास किया। वो आंदोलन स्थल पर गईं और आंदोलन कर रहे डॉक्टरों से सीधे बात की।

उन्होंने डॉक्टरों को आश्वासन दिया कि वो उनकी वैध मांगों पर विचार करेंगी। उन्होंने डॉक्टरों से काम पर वापस आने को कहा। तथापि, डॉक्टरों ने अपनी इस मांग को दोहराया कि उनकी सभी पांचों मांगें माननी होंगी।

बाद में उन्होंने जूनियर डॉक्टरों को अपने आवास पर आने का निमंत्रण दिया और संकट का समाधान निकालने के लिए बातचीत करने को कहा। शुरू में डॉक्टरों ने मांग की कि सभी 30 प्रतिनिधियों को मीटिंग में शामिल होने की अनुमति देनी होगी। तथापि, बाद में डॉक्टर 15 लोगों का प्रतिनिधिमंडल लाने की मामता बनर्जी की मांग से सहमत हो गए।

तथापि, शाम की मीटिंग में राज्य सरकार अपनी इस बात पर दृढ़ रही कि मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो कि मु.मंत्री के साथ मीटिंग के लिए डॉक्टर्स की एक शर्त थी।

मुख्यमंत्री के निवास पहुँचने पर डॉक्टरों को बताया गया कि लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति नहीं होगी। इसी के साथ, राज्य सरकार ने अपने स्तर पर वीडियोग्राफी कराने का आश्वासन दिया था, यह कहते हुए कि जनता को जानने का अधिकार है कि मीटिंग में क्या हुआ। लेकिन, सरकार ने यह बात मानने से इन्कार कर दिया कि वीडियोग्राफी डॉक्टर्स के वीडियोग्राफर द्वारा की जाए। इसके बाद डॉक्टर्स ने भी मुख्यमंत्री आवास में आने से मना कर दिया।

# अशोक गहलोत को आलाकमान ने "लॉलीपॉप" दिया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। बहुत लंबे इंतज़ार के बाद कांग्रेस हाई कमान ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री को

- राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हरियाणा में कांग्रेस का वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इस मौके का फायदा उठाकर गहलोत बड़ा पद पाने की कोशिश करेंगे।

लॉलीपॉप थमाया है और वो भी भूपेन्द्र सिंह हूडा के हस्तक्षेप के बाद, जिनके अशोक गहलोत के साथ बहुत निकट के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**घर का मोह कायरता का दूसरा नाम है। –अज्ञात**

# जराजीर्णता प्रतिषेध एवं प्रबंध

कल्पना कीजिए एक 75 वर्षीय दादी, जो कुछ साल पहले तक सक्रिय थीं, अपने पोते-पोतियों के साथ खेलती थीं और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेती थीं, अब सीढ़ियाँ चढ़ने में कठिनाई महसूस कर रही हैं, अक्सर संतुलन खो देती हैं, और पहले से कहीं अधिक थकान महसूस करती हैं। यह कहानी अनोखी नहीं है। दुनिया भर में, जराजीर्णता-एक जटिल नैदानिक स्थिति, जिसमें शक्ति, सहनशक्ति और शारीरिक कार्यों में कमी होती है–वृद्धों की जनसंख्या के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती प्रस्तुत करती है। 2019 के एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, जराजीर्णता का प्रभाव 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 10 प्रतिशत लोगों पर होता है, और उम्र के साथ इसकी व्यापकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। तेजी से वृद्ध होती जनसंख्या के कारण भारत में जराजीर्णता और आयु से संबंधित स्वास्थ्य गिरावट सामान्य बात होती जा रही है। जहां 112 मिलियन से अधिक बुजुर्ग लोग शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

बुढ़ापे में किसी की मदद के बिना चलने-फिरने, पहनने-ओढ़ने और मल त्याग में सक्षम रहना है तो यह आलेख आपके लिए है।

जराजीर्णता, या फ्रैलटीका आधुनिक विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में व्यापक रूप से विमर्श किया गया है। समकालीन शोध ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस, इन्फ्लेमेशन, और फ्री रेडिकल क्षति के कारण शारीरिक गिरावट पर केंद्रित है। इसके विपरीत आयुर्वेद उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जराजीर्णता की एक समग्र दृष्टि प्रदान करता है। आयुर्वेद के अनुसार, जराजीर्णता तीन दोषों-वात, पित्त और कफ-के असंतुलन और शरीर के ऊतकों (धातु), पाचकाग्नि और मल प्रबंधन प्रणालियों के क्षय के कारण उत्पन्न होती है। वस्तुतः समय के परिणाम से बुढ़ापा और मृत्यु हर व्यक्ति के जीवन में अंततः आते हैं, और बुढ़ापे में होने वाली समस्यायें स्वाभाविक हैं। इनकी चिकित्सा नहीं होती (कालस्यपरिणामेनजरामृत्युनिमित्तजाः। रोगाः स्वाभाविकादृष्टाः स्वभावोनिष्प्रतिक्रियः॥ च.शा.1.115)। स्वाभाविक जरावस्था को नहीं टाला जा सकता, पर अकाल-जरा या असमय बुढ़ापे की समस्याओं से निपटने के लिये आयुर्वेद में पर्याप्त, प्रभावी और प्रमाण-आधारित उपाय हैं।

आयुर्वेद उम्र बढ़ने (जरावस्था) को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में मान्यता देता है जो शरीर, इंद्रियों, मन और आत्मा को प्रभावित करती है। जीवन के विभिन्न चरणों में वात, पित्त, और कफ की परस्पर क्रियाशीलता के कारण विशिष्ट शारीरिक परिवर्तन होते हैं। बचपन में कफ दोष का प्रभुत्व होता है, जो वृद्धि और विकास (अनाबॉलिज्म) को बढ़ावा देता है। वयस्कता में पित्त का प्रभुत्व होता है, जो चयापचय और शरीर की कार्यक्षमता को बनाए रखता है। वृद्धावस्था में वात का प्रभुत्व होता है, जो शरीर के गिरावट (कैटाबॉलिज्म) की ओर ले जाता है। कफ के क्षय के कारण बल में कमी होना, वात की वृद्धि के कारण शरीर में दर्द और कॉग्निटिवइम्पेयरमेंट और पित्त की विषमता से अग्नि-वैषम्य बुढ़ापे के मुख्य लक्षण हैं जो जराजीर्णता लाते हैं।

आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उनका आयुर्वेद से मेल अब बहुत स्पष्टता से देखा जा सकता है। वर्ष 2019 के विश्लेषण में उद्धृत आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययन पुष्टि करते हैं कि जराजीर्णता कई कारकों, जैसे कि आनुवंशिक प्रवृत्ति, जीवनशैली विकल्प, और पर्यावरणीय जोखिमों से प्रभावित होती है। जराजीर्णता के मुख्य कारणों में मांसपेशियों के द्रव्यमान और शक्ति का ह्रास (सार्कोपेनिया), संज्ञानात्मक गिरावट, कुपोषण, और गतिशीलता में कमी शामिल हैं। ये स्थितियाँ ऑक्सीडेटिव तनाव और इन्फ्लेमेशन में वृद्धि से जुड़ी होती हैं, जो आगे कोशिका क्षति और उम्र बढ़ने को तेज करती हैं।

रोचक बात यह है कि जराजीर्णता के प्रबंधन के लिए आयुर्वेद की सलाह और आधुनिक वैज्ञानिक रणनीतियों के मध्य बड़ी निकटता है। उदाहरण के लिए, आयुर्वेद उम्र से संबंधित शारीरिक गिरावट को रोकने के लिए संतुलित अग्नि (पाचनशक्ति) और वात दोष के प्रबंधन पर जोर देता है। यह दृष्टिकोण ऑक्सीडेटिव तनाव और इन्फ्लेमेशन को कम करने के लिए आधुनिक हस्तक्षेपों के साथ सुसंगत है ताकि उम्र-आधारित रोगजनन की गति को धीमा किया जा सके।

जराजीर्णता की रोकथाम की रणनीतियाँ: जराजीर्णता की रोकथाम और प्रबंधन के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें जीवनशैली में परिवर्तन, आहार संबंधी हस्तक्षेप, और उपचारात्मक अभ्यास शामिल होते हैं। यहाँ आज तक अद्यतन, प्रमाण-आधारित और सर्वाधिक प्रभावी रणनीतियाँ दी गई हैं:–
बहुयुक्तव्यायामवनानुभवसमाजोन्मुखताविवाहकर्तव्यनिष्ठासत्यनिष्ठाशुद्धान्तः
करणोत्तमप्रज्ञाध्यात्मज्ञानसुखायुर्हितायुसहाग्निसाम्य
फलशाकविविधाशनमद्यत्यागोदरस्थौल्यमुक्ततासहितंनित्यसेवनीयैरामलक्याद्यैः रसायनैश्चजराजीर्णतायाः प्रतिषेधंकरोति, तत्रसर्वेषुव्यायामरसायनयोः सर्वरसाभ्यासस्य च श्रेष्ठतमत्वम्। (यजुर्विदतन्त्र)। इस सूत्र को विस्तार से समझने के पूर्व इसका अर्थ समझना आवश्यक है। विविध प्रकार के व्यायाम, वनानुभव, समाज से मेल-मिलाप, वैवाहिक और पारिवारिक स्थिति, कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा, शुद्ध अंतः करण, उत्तम प्रज्ञा, अध्यात्मज्ञान, सुखायु (सुखी जीवन) और हितायु (हितकारी जीवन) के साथ-साथ अग्नि का साम्य (पाचनाग्नि का संतुलन), फल और सब्जियों का विविध आहार, मद्य का त्याग, उदरस्थौल्य (तोंद के रूप में पेट की चर्बी) का अभाव, आंवला, द्राक्षा, अनार आदि जैसे नित्य सेवन योग्य रसायन – ये सब मिलकर जराजीर्णता का प्रतिषेध (बचाव, प्रिवेंशन) करते हैं। इनमें से, व्यायाम, रसायन सेवन, और सभी रसों से युक्त नियमित आहार की विविधता बचाव के सर्वोत्तम कारक हैं।

**नित्य-सेवनीय रसायनों का दैनिक उपयोगः आयुर्वेद आंवला (आमलकी), अनार (दाडिम), द्राक्षा (मुनक्का), गाय का दूध और घी जैसे नित्य सेवनीय रसायनों के दैनिक उपयोग की सलाह देता है। इससे स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और उम्र-आधारित रोगजनन की गति बहुत कम हो जाती है।**

ध्यान दीजिये, यजुर्विदतन्त्र कोई संकलन नहीं बल्कि आयुर्वेद की एक मौलिक संहिता है जो ज्ञान की त्रिवेणी-शास्त्र, साइंस, अनुभव-पर आधारित है व युगानुरूप लिपिबद्ध की जा रही है। उपरोक्त सूत्र जराजीर्णता प्रबंधन एवं प्रतिषेध पर उपलब्ध ज्ञान को एकीकृत कर लिखा गया है। प्राचीन संहिताओं और समकालीन वैज्ञानिक शोध पर प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ 422 मेटा-एनालिसिस, और अनुभवजन्य ज्ञान समाहित हैं। इस सूत्र में प्रदत्त उपयोग-योग्य जानकारी आगे प्रस्तुत है।

1. बहु-घटक व्यायामः जराजीर्णता की रोकथाम और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आयुर्वेद के अनुसार, बल के आधे तक नियमित व्यायाम दोषों को संतुलित करता है, विशेष रूप से वात, जो गतिशीलता से जुड़ा होता है। यह मांसपेशियों को मजबूत करता है, सहनशक्ति को बढ़ाता है, और जोड़ों का लचीलापन बनाए रखता है। वैज्ञानिक अनुसंधान से पता चलता है कि बहु-घटक व्यायाम (एरोबिक, प्रतिरोध, संतुलन, और लचीलापन प्रशिक्षण का संयोजन) मांसपेशियों के द्रव्यमान, हड्डियों का घनत्व, और समग्र शारीरिक कार्य को सुधार कर जराजीर्णता के जोखिम को काफी कम कर सकता है।

2. आहार विविधता और पौष्टिक भोजनः दोषों को संतुलित करने और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेद सभी छह रसों (षड रस) से समृद्ध आहार पर जोर देता है। आधुनिक पोषण विज्ञान भी इस सिद्धांत का समर्थन करता है, जो फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, फलियां, मेवे और बीजों जैसे खाद्य पदार्थों से समृद्ध विविध आहार का परामर्श देता है। ये खाद्य पदार्थ एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं, जो जराजीर्णता की रोकथाम, ऑक्सीडेटिव तनाव और दर्द व सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

3. रसायनः आयुर्वेद के रसायन उम्र बढ़ने को रोकने और दीर्घायु को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित की गई है। इसमें आंवला, द्राक्षा, अनार, अश्वगंधा और ब्राह्मी जैसी जड़ी-बूटियों का उपयोग शामिल है, जो एंटीऑक्सीडेंट गुणों और संज्ञानात्मक और शारीरिक कार्य को बढ़ाने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं। आधुनिक शोध इन लाभों की पुष्टि करता है, जिससे पता चलता है कि इस तरह की जड़ी-बूटियाँ ऑक्सीडेटिव क्षति को कम करके और कोशिका कार्य में सुधार करके उम्र बढ़ने के प्रभावों में कमी ला सकती हैं।

4. सामाजिक सहभागिता और मानसिक कल्याणः जराजीर्णता केवल एक शारीरिक स्थिति नहीं है; इसका एक महत्वपूर्ण मानसिक घटक भी होता है। आयुर्वेद मानसिक स्वास्थ्य (सत्त्व) पर जोर देता है और ध्यान, आध्यात्मिक गतिविधियाँ (आध्यात्मिक आहार), और सामाजिक सहभागिता जैसी बातोंपर सुझाव देता है ताकि मन को संतुलित रखा जा सके। आधुनिक अध्ययन बताते हैं कि सामाजिक सहभागिता और संज्ञानात्मक गतिविधियाँ, संज्ञानात्मक गिरावट को रोकने और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने में मदद कर सकती हैं, जिससे जराजीर्णता का जोखिम कम हो जाता है।

5. पाचनशक्ति का प्रबंधन और दोष संतुलनः आयुर्वेद के अनुसार, पोषक तत्वों के अवशोषण और आत्मसात करने के लिए संतुलित पाचक अग्नि आवश्यक है। वृद्धावस्था में, पाचन दक्षता अक्सर कम हो जाती है, जिससे कुपोषण और जराजीर्णता होती है। इसका प्रबंधन करने के लिए, आयुर्वेद पाचक जड़ी-बूटियों के उपयोग, सावधानीपूर्वक खाने के अभ्यास और उचित पाचन और चयापचय कार्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित मलत्याग की सिफारिश करता है। वैज्ञानिक अध्ययन भी जराजीर्णता की रोकथाम के लिए आंत के स्वास्थ्य और पोषक तत्वों के अवशोषण को बनाए रखने पर जोर देते हैं।

6. शारीरिक-भार और उदर-स्वास्थ्य का रखरखावः जराजीर्णता की रोकथाम में इष्टतम शरीर भार बनाए रखना और उदर मोटापा (सेंट्रल ओबेसिटी) से बचना आवश्यक है। आयुर्वेद का सुझाव है कि खाने की आदतों के प्रति सचेत रहना और भारी, तैलीय या प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की अत्यधिक खपत से बचना पेट के मोटापे और उससे जुड़े जोखिमों को रोक सकता है। आधुनिक शोध से पता चलता है कि उदर-मोटापा कई क्लिनिकल समस्याओं, जैसे कि मेटाबोलिक सिंड्रोम, मधुमेह और हृदय रोगों से जुड़ा हुआ है। ये सभी रोग जराजीर्णता में योगदान करते हैं।

7. अत्यधिक निष्क्रिय व्यवहार से बचनाः आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों इस बात से सहमत हैं कि अत्यधिक निष्क्रिय व्यवहार (सदासन या सीडेंटरीबिहैवियर) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चेष्टाद्वेषी व्यक्ति बहुत जल्दी जराजीर्णता में फंस जाते हैं। स्वास्थ्य और जीवन-शक्ति को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद शारीरिक निष्क्रियता से बचने और नियमित शारीरिक व्यायाम को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने परामर्श देता है। वैज्ञानिक अध्ययन भी पुष्टि करते हैं कि नियमित व्यायाम, यहां तक कि छोटे अंतराल में भी, मांसपेशियों की शोष को रोक सकता है, हृदय स्वास्थ्य को बनाए रख सकता है, और जराजीर्णता के जोखिम को कम कर सकता है।

8. नित्य-सेवनीय रसायनों का दैनिक उपयोगः आयुर्वेद आंवला (आमलकी), अनार (दाडिम), द्राक्षा (मुनक्का), गाय का दूध और घी जैसे नित्य सेवनीय रसायनों के दैनिक उपयोग की सलाह देता है। इससे स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और उम्र-आधारित रोगजनन की गति बहुत कम हो जाती है। आधुनिक पोषण विज्ञान यह मानता है कि ये पदार्थ, एंटीऑक्सीडेंट और स्वस्थ वसा से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ सकते हैं, व्याधिक्षमत्व (प्रतिरक्षा) को बढ़ा सकते हैं, और रोगरहित दीर्घायु (हेल्थ-स्पान) दे सकते हैं, जिससे जराजीर्णता की रोकथाम हो सकती है। यदि स्वस्थ व्यक्ति के भोजन में प्रतिदिन अनार, आमलकी और द्राक्षा हो तो उस व्यक्ति के स्वस्थ रहे जाने की प्रबल संभावना है।


आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान मिलकर जराजीर्णता के प्रबंधन के लिए एक व्यापक रणनीति प्रदान करते हैं। जीवनशैली में संशोधन, आहार हस्तक्षेप, व्यायाम, सामाजिक सहभागिता और रसायन चिकित्सा को एकीकृत करके, हम स्वस्थ उम्र बढ़ने को बढ़ावा दे सकते हैं और जराजीर्णता के जोखिम को कम कर सकते हैं, जिससे उन्नत आयु में भी एक अधिक जीवंत, स्वतंत्र और संतोषजनक जीवन जीने में सक्षम हो सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में विजिटिंग प्रोफेसर)**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# कॉमरेड सीताराम येचुरी को आखरी सलाम

## 'अफॉर्डेबल क्वालिटी एज्यूकेशन फॉर ऑल'' व सोशलिज्म, सेक्युलरिज्म, सोशल जस्टिस, स्वतंत्रता, समानता, सद्भाव के आदर्शों के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे



प्रो. रमेश बैरवा


''स्टूडेंट यूनियन इज एन इंस्ट्रूमेंट ऑफ स्ट्रगल,नॉट ए सीट ऑफ पावर'' (अर्थात छात्रसंघ संघर्ष का हथियार है ना कि सत्ता की कुर्सी )...अक्टूबर 1988 के जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए एसएफआई व एआईएसएफ के संयुक्त पैनल की चुनावी सभा में कॉमरेड सीताराम येचुरी जिन्हें हम भी सीता नाम से ही संबोधित करते रहे हैं के मुख से निकले इन शब्दों ने मुझे भी द्रवित कर दिया था जिसकी छाप एक शिक्षक कार्यकर्ता के रूप में मेरे जीवन पर आज भी अमिट है। ऐसा ही असर जेएनयू में पढ़े हजारों विद्यार्थी कार्यकर्ताओं पर जरूर हुआ है। छात्रसंघ को संघर्ष का हथियार बताने वाले जेएनयू की छात्र राजनीति में हमारे प्रेरक रहे कॉमरेड सीताराम येचुरी का देहांत 12 सितंबर को 72 वर्ष की आयु में फेफड़ों में गहन संक्रमण के कारण हो गया। वे और भी जी सकते थे। कॉमरेड सीता मेधावी छात्र थे, सीबीएसई के टॉपर रहे थे। इंडिया के टॉप कॉलेज सेंट स्टीफंस के भी टॉपर रहे थे। जेएनयू में अर्थशास्त्र के टॉप विद्यार्थी थे।

जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहकर आपातकाल में विद्यार्थियों का नेतृत्व किया, जेल गए। साथ ही क्रांतिकारी छत्रसंगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे, जिसके बारे में भी अपने भाषणों में वे अक्सर कहते थे कि ''इफ यू वांट टू बी ए कंप्लीट स्टूडेंट,देन जॉइन एसएफआई''... विद्यार्थियों के बीच अपने स्पीच में कॉमरेड सीताराम अक्सर यह भी कहते थे कि ''इफ यू वांट स्कोर गुड मार्क्स, देन रीड मार्क्स'' अर्थात कार्ल मार्क्स! शिक्षकों और बुद्धिजीवियों के बीच अपने स्पीच में कॉमरेड सीता बोलते थे कि ''एन इंटेलेक्चुअल इज ए पर्सन हू युजेज हिज और हर इंटेलेक्ट फॉर द बेटरमेंट ऑफ सोसाइटी'' अर्थात बुद्धिजीवी वह है जो अपनी बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल समाज की बेहतरी के लिए करता है। सर्वश्रेष्ठ सांसद के खिताब से सम्मानित कॉमरेड सीताराम येचुरी इंडिया के बेहतरीन बौद्धिक राजनेता, अर्थशास्त्री और लेखक थे। डायवर्सिटी, डेमोक्रेसी, डिसेंट के 'आइडिया ऑफ इंडिया' के विचार वे प्रबल समर्थक थे कॉमरेड सीताराम येचुरी।

जेएनयू उनके दिल में बसता था। मुझे याद है जेएनयू का गैर एसएफआई विद्यार्थी भी यदि कॉमरेड सीताराम के पास कोई काम लेकर जाता था तो वे तुरंत इसे करते थे। वे एक राजनेता ही नहीं बल्कि सचमुच के एक राजनीतिज्ञ थे, साहित्य,संगीत और खेल के भी शौकीन थे। अनेक भाषाओं के जानकार थे कॉमरेड सीताराम। मेरी पत्नी रईसा जो जेएनयू की पूर्व विद्यार्थी कार्यकर्ता रही है और वर्तमान में अलवर में माकपा की जिला सचिव है को भी अच्छी तरह से जानते थे। शोषितों, पीड़ितों और महिलाओं के हक में संघर्ष के लिए प्रेरित करते रहे हैं ।

संक्षेप में कहना चाहूंगा कि 1988 से 1995 में जेएनयू के छात्र जीवन में मैं एसएफआई के साथ जुड़कर,जिसका इकाई सचिव भी रहा,छात्र राजनीति में बहुत सक्रिय रहा। कॉमरेड सीताराम की तरह आईएएस बनने का विचार त्याग कर 'शिक्षा और संघर्ष' का,...''लड़ो पढ़ाई पढ़ने को, पढ़ो समाज बदलने को''... का ''एकेडमिक विद एक्टिविज्म'' का रास्ता चुना। यह सब जानते हुए कि बुनियादी बदलाव के लिए बदनामी और बलिदान स्वाभाविक है।

31 मई 1995 के दिन आरपीएससी से चयन के बाद 5 जुलाई 1995 की तारीख का नियुक्ति आदेश मुझे भी कॉलेज व्याख्याता पद पर लोहिया कॉलेज चूरू में ज्वाइन करने हेतु मिल गया था। इसी बीच में मिल रही शोध छात्रवृत्ति एसआरएफ का अंत समय आ गया था। गरीबों, दलितों, वंचितों के लिए होल्टाइम रहकर कार्य करने के आदर्शवाद से लबरेज मैं नौकरी ज्वाइन करने में आनाकानी कर रहा था। कॉमरेड सीताराम भी मेरी पारिवारिक स्थिति और जिम्मेदारीयों के बारे में जानते थे। कॉमरेड जोगिंदर के साथ विचार कर कॉमरेड सीताराम ने 'शिक्षा और संघर्ष' के विचार को जीते हुए नौकरी ज्वाइन करने के लिए एक तरह से आदेशित किया। 5 जुलाई की तारीख का नियुक्ति आदेश तो मुझे समय से ही मिल गया था लेकिन आनाकानी के कारण नौकरी ज्वाइन 29.7.1995 की तारीख में ही कर पाया। कॉलेज शिक्षा सेवा में 29 वर्ष हो चुके हैं। शिक्षक और समाजकर्मी के तौर पर मैंने 'शिक्षा और संघर्ष' के नारे को बुलंद रखने के अपनी और से अथक प्रयास किए हैं, आज भी जारी है।



शिक्षक संघ रुक्टा का 1996 में केंद्रीय कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। शिक्षक और विद्यार्थी हित में जमकर काम किया। लेकिन रुक्टा नेतृत्व के भ्रष्ट और मनमाने आचरण के कारण नए संगठन रुक्टा का गठन करना पड़ा जिसका मैं प्रदेश संयोजक हूं। शिक्षा बचाओ आंदोलन का भी प्रदेश संयोजक रहा हूं।

कॉलेज शिक्षा में सत्ता के साए में पनपे वैचारिक वैमनस्य, भ्रष्टाचार और शिक्षक नेतृत्व के जातिवादी रवैए के खिलाफ ईमानदारी से संघर्ष किया जिसके लिए मुझे भी साथियों के साथ प्रताड़ित किया गया, यातनाएं दी, जमकर आर्थिक हानि पहुंचाई लेकिन मै झुका नहीं। रिटायर्ड होने के बाद सच बोलने के बजाय नौकरी में रहकर ही गलत के खिलाफ मजबूती से बोलता हूं। सिर्फ भविष्य को ही नहीं, वर्तमान को भी अच्छा बनाने का जज्बा जिंदा रखा है।

खैर, शिक्षक और विद्यार्थियों की दृष्टि से कहा जाए तो कॉमरेड सीताराम येचुरी के जहन में प्रमुख मुद्दा था तो वह है, ''अफॉर्डेबल क्वालिटी एजुकेशन फॉर ऑल'' जिसके लिए हम कृत संकल्प है। सोशलिज्म, सेक्युलरिज्म, सोशल जस्टिस, स्वतंत्रता, समानता, सद्भाव के आदर्शों के लिए हमारे प्रेरक रहे।

कॉमरेड सीताराम येचुरी को आखिरी सलाम ! विनम्र श्रद्धांजलि !!

**–प्रो.रमेश बैरवा,**
**प्रदेश संयोजक रुक्टा**
**डेमोक्रेटिक एवं पूर्व सचिव**
**एसएफआई, जेएनयू**

# लेखिका मानसी ज़वेरी अपनी किताब ''द पेरेंट्स आई मेट'' के प्रमोशन के लिए जयपुर आई

**जयपुर।** मानसी ज़वेरी, किड्सस्टोपरेस.कॉम की सीईओ और संस्थापक, सर्टिफाइड कॉन्शियस पेरेंटिंग कोच और लेखिका, अपनी किताब ''द पेरेंट्स आई मेट'' के प्रमोशन के लिए जयपुर आई। उन्होंने अपनी पुस्तक पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से 22 आउटलायर्स के माता-पिता के साथ अपने अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम सी-स्कीम में आयोजित किया गया था और इसकी मेजबानी अंग्रेजी भाषा शिक्षिका वार्णिका अग्रवाल और स्वास्थ कल्याण ग्रुप की सीईओ, श्रद्धा अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम में विभिन्न पृष्ठभूमियों और क्षेत्रों के माता-पिता ने बड़ी उत्सुकता और ध्यान से बातचीत को सुना। एक इंटरएक्टिव सत्र में भाग लिया और अंत में पुस्तक की एक साइन की हुई प्रति अपने साथ ले गए। यह एक ऐसा कार्यक्रम था जिसने पैरेंटिंग कम्युनिटी को एक साथ लाने का काम किया। मानसी ज़वेरी ने अपनी किताब के बारे में बताया कि उन्हें यह किताब लिखने की प्रेरणा कैसे मिली और उन्होंने हर माता-पिता से क्या सीखा। उन्होंने श्रोताओं के प्रश्नों का भी उत्तर दिया, जो बच्चों में पढ़ने की आदत डालने, आत्मविश्वास बढ़ाने, और उन्हें सशक्त बनाने जैसे विषयों से संबंधित थे।



मानसी ज़वेरी ने अपनी पुस्तक पर चर्चा की और अनुभव साझा किए

ज़वेरी ने सलाह दी कि बच्चों के साथ पढ़ाई की शुरुआत छोटी उम्र से करनी चाहिए। उनके साथ पढ़ें, उन्हें पढ़ाएं और स्वतंत्र रूप से भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्हें ऐसी किताबें दें जो उनकी पढ़ने के स्तर के अनुरूप हों, जिनमें चित्र और रंगीन कहानियां हों। बच्चों को अपनी गति से पढ़ने दें, उन पर अपनी पसंद की किताबें पढ़ने का दबाव न डालें। सार्वजनिक बोलने के विषय पर उन्होंने कहा कि एक बार जब आपका बच्चा पढ़ना शुरू करता है, तो उसकी अपनी राय बनने लगती है। अगर उनकी राय सुनी जाती है, उन पर चर्चा होती है और उन्हें डिबेट करने का मौका मिलता है, तो आत्मविश्वास का निर्माण होता है। इस दौरान श्रोताओं ने उनसे पूछा कि क्या 22 आउटलायर्स में से कोई उनका पसंदीदा है। उन्होंने कहा कि हर साक्षात्कार के बाद, मैंने सोचा कि अब इससे बेहतर पैरेंटिंग कहानी नहीं हो सकती... लेकिन अगली बार मैं गलत साबित हो जाती थी। किताब के प्रचार और देशभर में इसके बारे में बात करने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि हर कहानी कुछ असाधारण सिखाती है।

**■ ज़वेरी ने सलाह दी कि बच्चों के साथ पढ़ाई की शुरुआत छोटी उम्र से करनी चाहिए, उनके साथ पढ़ें, उन्हें पढ़ाएं और स्वतंत्र रूप से भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें**

ज़वेरी ने किताब के प्रति मिली सराहना के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं धन्य महसूस करती हूँ कि मैंने इस साहसिक कार्य को शुरू किया, क्योंकि इस यात्रा का परिणाम और इन कहानियों का विभिन्न माता-पिता, बच्चों और मुझसे जुड़ना एक बहुत ही विनम्र अनुभव रहा है। जब आप इस किताब को उठाएंगे, तो हर माता-पिता के शब्द, सलाह या सिर्फ उनका अनुभव आपके दिल में कहीं न कहीं बस जाएगा। .

जवेरी से यह भी पूछा गया कि एक मां और एक उद्यमी होने के नाते, इन दोनों भूमिकाओं को कैसे संतुलित किया जाए और एक सफल बच्चे को कैसे परिभाषित किया जाए। ज़वेरी ने उत्तर दिया, सफलता की कोई एक परिभाषा नहीं है। इसी कारण यह किताब भी सफल लोगों की कहानियों के रूप में नहीं प्रस्तुत की गई है, बल्कि उन लोगों की कहानियों के रूप में जो आम धारा से अलग हटकर कुछ नया किया। अंत में, ज़वेरी ने बताया कि उनके लिए एक सफल बच्चा वह है जो खुश और संतुष्ट है, जो बाहरी मान्यता पर निर्भर नहीं करता, जो आत्मविश्वासी है, जो अपने विचार व्यक्त करने से नहीं डरता, जो सपने देखने से नहीं डरता, और जो सकारात्मकता फैलाता है और दयालु होता है।

# मेजा बांध पर आयोजित कार्यक्रम में जल का महत्व बताया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। प्रदेश के सुख-समृद्धि एवं चहुंमुखी विकास के लिए जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव-2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को मेजा बांध पर किया गया। समारोह में विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर नमित मेहता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगरवासी शामिल हुए।

समारोह की शुरूआत विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करके की गई, जिसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदेश में जल के महत्व को दर्शाते हुए समुह सांस्कृतिक लोक नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महिलाओं ने मंगल गीत गाये। भजन गायकों ने भी भजनों का गायन कर समां बांधा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में जिला कलेक्टर नमित मेहता ने सभी को संबोधित करते हुए जलझूलनी एकादशी के दिन प्रदेशभर में हो रहे इस जल महोत्सव का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में सदियों से जल को आराध्य माना गया है और जल को संजोकर रखने तथा उसका सदुपयोग करने की प्रथा चली आ रही है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर कनेक्शन पहुंच चुके हैं, परंतु हमें परंपरागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा।

**■ 'प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण का ध्यान रखें, क्योंकि जितना हम प्रकृति को देते हैं, उससे कई गुणा अधिक प्रकृति हमें लौटाती है'**

विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए पर्यावरण का ध्यान रखना अति आवश्यक है क्योंकि जितना हम प्रकृति को देते हैं, उससे कई गुणा अधिक प्रकृति हमें लौटाती है। उन्होंने संबोधन के पश्चात सभी उपस्थित जन समुह को जल संरक्षण एवं वायु को दूषित नहीं करने के संबंध में प्रतिज्ञा दिलाई। इस दौरान सभी से आव्हान किया गया कि तालाब, नदी को दूषित नहीं करेंगे तथा जल संरक्षण में भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त रखना, उनकी साफ साफ सफाई सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आव्हान किया कि हमें जल संचय करना होगा और जल का सदुपयोग करना होगा।

समारोह में सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी ने सभी से जल स्त्रोतों का संरक्षण और मितव्ययता से जल का उपयोग करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान शंकर लाल कुमावत, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग सोजी प्रतिहार, अधिशाषी अभियंता डबल्यूआरडी सीएल कोली, अधिशासी अभियंता हिमांशु मंडिया, एईएन अब्बास अली खान, एईएन डबल्यूआर मेजा हेमराज, मेजा सरपंच छोटू सिंह, सुरास सरपंच एमपी सिंह, राजिविका जिला परियोजना प्रबंधक रामप्रसाद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद हुए।

## राशिफल रविवार 15 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, श्रवण नक्षत्र सायं 6:49 तक, अतिगंड योग दिन 3:13 तक, बव करण प्रातः 7:27 तक, चन्द्रमा सोमवार प्रातः 5:45 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज बुध अस्त पूर्व में सायं 7:35 पर होगा। आज विजय महाद्वादशी और श्रवण द्वादशी व्रत, प्रदोष व्रत, भुवनेश्वरी जयन्ती, वामन जयन्ती है। आज ओणम (केरल), बन बघड़ी (सिन्धी समाज का अबूझ मुहूर्त) है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:48 से 9:19 तक, लाभ-अमृत 9:19 से 12:22 तक, शुभ 1:54 से 3:25 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:29

**मेष**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**वृष**
आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। आवश्यक कार्यों के संबंध में भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**सिंह**
परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कन्या**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज शुभ-मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज रचनात्मक कार्यों में समय व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मकर**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मीन**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण आज भागदौड़ बनी रहेगी। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

# युवा गर्व से हिन्दी का प्रयोग करे, अंग्रेजी न जानने पर आत्म विश्वास कम नहीं करें : दिया कुमारी

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में तथा सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं विधायक सिविल लाइन्स गोपाल शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में शनिवार को जयपुर स्थित सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य सभागार में राजस्थान सरकार के भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह आयोजित किया गया।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कला संस्कृति एवं पर्यटन विषयों पर निरन्तर अपनी लेखनी से योगदान देने वाले साहित्यकार एवं अतिरिक्त निदेशक जनसम्पर्क राजेश कुमार व्यास को उनकी प्रख्यात ''कृति कलाओं की अन्तर्दृष्टि'' हेतु सम्मानित किया गया।

- उपमुख्यमंत्री ने कहा ''हिन्दी सिर्फ एक भाषा या विषय नहीं बल्कि हमारी पहचान है, भावों की अभिव्यक्ति है''
- उन्होंने कहा कि पिछली सरकार अंग्रेजी स्कूल पर जोर देती थी किन्तु हमारी सरकार की ओर से दृढ़ता के साथ हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हिंदी दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम हिन्दी भाषी हैं। हिंदी भाषा जन-जन की भाषा है, जो भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। हमें राष्ट्र पर गर्व है, तो हमें राष्ट्र की भाषा हिन्दी पर भी गर्व होना चाहिए। अंग्रेजी न जानने पर आत्म विश्वास में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी सिर्फ एक भाषा या विषय नहीं बल्कि हमारी पहचान है, भावों की अभिव्यक्ति है, एक विस्तृत विचारधारा, सोच और हमारी संस्कृति है। जब भी हम देश के बाहर कहीं जाते हैं और वहां किसी भारतवासी से मिलना होता है और जब उनसे हिन्दी में बात करते हैं तो बड़ी ही आत्मीयता ओर अपनेपन का अनुभव होता है।

उपमुख्यमंत्री ने उन सभी महानायकों, महापुरूषों को नमन किया जिनके प्रयासों से हिन्दी को संरक्षण और बढ़ावा मिला, राजभाषा का दर्जा मिला, उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हिन्दी हमारी अपनी भाषा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में विश्वास रखती है। हमारी सरकार हिन्दी को पढ़ाई का माध्यम बनाने पर जोर दे रही है। पिछली सरकार अंग्रेजी स्कूल पर जोर देती थी किन्तु हमारी सरकार की ओर से दृढ़ता के साथ हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

दिया कुमारी ने युवाओं व छात्र-छात्राओं को आव्हान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में हिन्दी का उपयोग करें और खासकर सोशल मीडिया पर भी हिन्दी को बढ़ावा दें। उन्होंने डॉ. के. के. पाठक के हिन्दी भाषा ज्ञान की तथा राजस्थान सरकार के बजट निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस सुअवसर पर उन्होंने हिन्दी सेवा पुरस्कार प्राप्त करने वाले लेखकों, बोर्ड परीक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि हिन्दी भाषा को किसी एक क्षेत्र की भाषा कहना सही नहीं हैं, यह पूरे देश की भाषा है। हिंदी भाषा का उपयोग दैनिक जीवन में होना चाहिए। निज भाषा का ज्ञान ही उन्नित का आधार है। उन्होंने कहा कि लोग पाश्चात्य संस्कृति की ओर लालायित रहते हैं। किन्तु अब हमें हिन्दी भाषा की ओर अग्रसर होना होगा।

सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कहा था कि निज भाषा उन्नित है, सब उन्नित को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूल। हम सबको अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 14 अक्टूबर 1977 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के मंच पर हिन्दी भाषा में बोलते हुए कहा था कि ''स्वप्न हुआ साकार''।

शासन सचिव, कार्मिक विभाग डॉ. के. के. पाठक ने समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि भाषा एक प्रवाह है। भाषा सरिता है, सागर नहीं है। भाषा संवाद का माध्यम है जबकि सागर तो ज्ञान है। संस्कृत, पाली व प्राकृत और हिन्दी भाषा के विकास का अपना इतिहास है। दुनिया की आधी आबादी भारतीय प्रायद्वीप में रहा करती थी।

डॉ. के. के. पाठक ने लघु वृतांतों के माध्यम से भाषा के प्रवाह और विकास को समझाया। उन्होंने एक भाषा से दूसरी भाषा के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत और हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के मूल शब्दों से अंग्रेजी और फारसी तथा विश्व की अन्य भाषाओं के शब्दों के साथ मेल खाने वाले रोचक उदाहरणों से भाषा के वैश्विक विकास पर प्रकाश डाला।

शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग कृष्ण कुणाल ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस वर्ष 12वीं कक्षा में सर्वाधिक छात्रों ने हिंदी विषय का चुनाव किया है। संविधान सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में अंगिकृत किया। हिंदी केवल भारत की ही भाषा नहीं है अपितु यह विश्व की भाषा बन गई है। उत्तर भारत ही नहीं दक्षिण भारत के लोग भी हिंदी भाषा को महत्त्व दें रहे हैं। हिन्दी भाषा ही हमारे स्वतंत्रता संग्राम का माध्यम बनी। हिन्दी देश और दुनियां को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने कहा था कि भारतीय भाषाएं नदिया हैं तो हिंदी महानदी है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन कर सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनको स्वागत स्वरुप पादप एवं पुस्तक भेंट की गई। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा शुभमकरोति कल्याणम वन्दना का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर भाषा विमर्श के विशेषांक प्रशासन में सर्जन का विमोचन किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कला संस्कृति एवं पर्यटन विषयों पर निरन्तर अपनी लेखनी से योगदान देने वाले साहित्यकार एवं अतिरिक्त निदेशक जनसम्पर्क राजेश कुमार व्यास को उनकी प्रख्यात ''कृति कलाओं की अन्तर्दृष्टि'' हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार डॉ. अखिलेश पालरिया को उनकी पुस्तक'' मेरी प्रिय कहानियां'', साहित्यकार विजय जोशी को उनकी पुस्तक ''अनुभूति के पथ पर:जीवन की बातें'',डॉ. सतीश कुमार को उनकी पुस्तक ''मैं विधायिका हूं'', श्री बजरंगलाल जेठू को ''जनसंचार,पत्रकारिता एवं सिनेमा'' डॉ.डी.डी. ओझा को पुस्तक ''जलशोधन-प्राचीन से अर्वाचीन'', डॉ. दिपक सिंह राजपुरोहित को पुस्तक ''नाड़ी दीप विज्ञान'', डॉ. सचिन गुप्ता को ''उद्यिमता दृष्टिकोण'' डॉ. सुनिता गुप्ता व डॉ एन.के. गुप्ता को ''फसल कार्यिकी के मूल सिद्धांत'' और डॉ. दीपिका विजयवर्गीय को पुस्तक ''चैतन्य महाप्रभू और गौड़िय संप्रदाय'' के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थियों (बोर्ड परीक्षा, 2024 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) का संभागवार सम्मान किया गया। निदेशक भाषा एवं पुस्तकालय विभाग मनीष गोयल ने कार्यक्रम के अन्त में सभी का आभार जताया।

# डोल ग्यारस पर जल विहार को निकले ठाकुरजी



जयपुर के आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुरजी को 1100 किलो फलों का भोग लगाया गया। फलों में विशेष रूप से सेव, नाशपती, पपीता, अनार, अन्नानास व अंगूर शामिल थे।

- गोविंद देवजी मंदिर में शालिग्राम भगवान को कराई परिक्रमा, सजी विशेष झांकी

**जयपुर।** भाद्रपद शुक्ल एकादशी शनिवार को जलझूलनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई। शाम को कॉलोनी के हर मंदिर से डोल निकले। शालिग्रामजी को पालकी में विराजमान कर शंख-घंटा-घड़ियाल बजाते हुए जयकारों के साथ डोल यात्राएं निकाली गई। श्रद्धालु डोल के नीचे से निकले। ठाकुरजी के दर्शन किए। इसके बाद ठाकुरजी को जल विहार कराया गया।

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में जल झूलनी एकादशी झूलन महोत्सव के रूप में मनाई गई। मंदिर महंत श्री अंजन कुमार जी गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री शालिग्रामजी भगवान को चांदी के खाट पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण पश्चिमी चौक तुलसी मंच पर ले जाया गया। यहां वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर चंदन श्रृंगार किया गया। आरती और भोग अर्पण के बाद हरिनाम संकीर्तन के साथ तुलसी मंच की चार परिक्रमा कराकर पुनः ठाकुर श्री शालिग्राम जी को खाट पर विराजमान कर मंदिर की एक परिक्रमा कराकर निज मंदिर में प्रवेश कराया गया। शालिग्रामजी को ठाकुर श्रीजी के समीप विराजमान किया गया। उसके बाद संध्या झांकी आरती दर्शन खुले। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विशेष झांकी के दर्शन किए।

इससे पूर्व ठाकुर श्रीजी का सुबह मंगला झांकी बाद वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। लाल रंग की नवीन नटवर वेश की पोशाक धारण कराकर गोचारण लीला के विशेष श्रृंगार धारण कराए गए। ठाकुरजी को 1100 किलो फलों का भोग लगाया गया। फलों में विशेष रूप से सेव, नाशपती, पपीता, अनार, अन्नानास, अंगूर शामिल थे।

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष द्वादशी 15 सितंबर को वामन जयंती मनाई जाएगी। निज मंदिर में राजभोग झांकी पूर्व शालिग्राम जी (नारायण जी) का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद राजभोग आरती के दर्शन होंगे। वहीं, भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर निज मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में राजभोग झांकी पूर्व ठाकुर श्री शालिग्राम जी (नारायण जी) का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद राजभोग आरती के दर्शन होंगे। ठाकुर जी को नवीन केसरिया लप्पा जामा पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएंगे।

## डी.पी.सी. नहीं करने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर की एमएसीटी कोर्ट के कर्मचारियों की पदोन्नित के लिए डीपीसी नहीं करने से जुड़े मामले में प्रमुख विधि सचिव और एमएसीटी ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दीपक भंडारी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकार्ता एमएसीटी ट्रिब्यूनल में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। प्रमुख विधि सचिव ने 16 सितंबर 2022 को एमएसीटी ट्रिब्यूनल में काम कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए डीपीसी करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद अब तक डीपीसी आयोजित नहीं की गई और उसे पदोन्नित का लाभ नहीं मिला। जबकि याचिकाकर्ता ट्रिब्यूनल में 2017 से कनिष्ठ सहायक के पद पर काम कर रहा है और पदोन्नित की वरिष्ठता सूची में शामिल है।

# आवासीय विद्यालयों के हालात सुधारे सरकार : मानवाधिकार आयोग

- विद्यार्थियों की सुबह-शाम हाजिरी दर्ज करने का आदेश

**जयपुर।** राज्य मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार को कहा है कि वह प्रदेश में संचालित सभी आवासीय विद्यालयों में रहने वाले विद्यार्थियों के उचित खान-पान, रहवास, सुरक्षा और देखभाल के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी करे। इसके साथ ही वहां रहने वाले विद्यार्थियों की प्रतिदिन कम से कम दो बार उपस्थित दर्ज की जाए। वहीं बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की सूचना उनके परिजनों व वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही आयोग ने बीआर अंबेडकर आवासीय छात्रावास, खेड़ा आसपुर, डूंगरपुर के 11वीं कक्षा के छात्र की मौत के मामले में उसके परिजनों को एक लाख रुपए मुआवजा देने को कहा है। आयोग ने मामले में प्रधानाचार्य को दिए गए आरोप पत्र की रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है। आयोग ने कहा कि राज्य सरकार मुआवजा राशि की रिकवरी दोषी अधिकारी से कर सकती है। आयोग ने यह आदेश सुभाष शर्मा की ओर से दायर परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए।

परिवाद में बताया गया कि अप्रैल, 2023 में आसपुर के आवासीय छात्रावास के तीन सौ मीटर दूरी स्थित कुए में इस हॉस्टल में रहने वाले दीपक मीणा की लाश मिली थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए छात्रावास प्रशासन की लापरवाही बताई थी। परिवाद में कहा गया कि 560 विद्यार्थियों की क्षमता वाले इस छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सुनवाई के दौरान सामाजिक न्याय विभाग की ओर से रिपोर्ट पेश कर कहा गया कि प्रशासनिक जांच में छात्र के सीसीटीवी से बचते हुए टूटी दीवार कूदकर भागने की बात सामने आई है।

इसके अलावा प्रधानाचार्य और अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग भेज दिया गया है। आयोग ने कहा कि यदि हॉस्टल की दीवार टूटी हुई थी तो अधीक्षक का दायित्व था कि वह इसे ठीक कराने का प्रयास करता, लेकिन उनकी ओर से न तो इसे ठीक कराया गया और ना ही अवरोधक डालकर उसे बंद किया गया।

## कुछ दल आदिवासियों को बरगला रहे हैं : राधा मोहन दास अग्रवाल

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चो की प्रदेश स्तरीय बैठकों का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, सदस्यता अभियान संयोजक एवं उपचुनाव वाली विधानसभा के प्रभारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक लेकर जाना चाहिए। अनुसूचित जाति, व जनजाति मोर्चो के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को वार्ड स्तर तक के कार्यकर्त्ता को समझाकर भाजपा का सदस्य बनाना है। आने वाले उपचुनावों में अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चो की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे झूठ से जनता को

# पति पर शक करना व माता-पिता से अलग रहने का दबाव बनाना मानसिक क्रूरता

**जयपुर।** शहर की फैमिली कोर्ट-दो ने पत्नी की ओर से पति पर शक करने, उसके माता-पिता से अलग रहने के लिए दबाव डालने व उनका अपमान करने को मानसिक क्रूरता मानते हुए दोनों की साढे ग्यारह साल पुरानी शादी को समाप्त कर दिया है। अदालत ने पति की ओर से तलाक लेने के प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए कहा कि पत्नी का पति पर बिना किसी आधार के अवैध संबंधों का आरोप लगाना भी मानसिक क्रूरता ही है। पति यह साबित करने में सफल रहा है कि पत्नी उसके घर वालों से बिना किसी कारण झगडा करती थी, उसकी मां को गालियां देती थी और अनजान लोगों से फोन पर बात करती थी। ये सभी मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। वहीं पत्नी ने कभी भी शादी बचाने का प्रयास नहीं किया और उसने पति पर जो भी आरोप लगाए हैं, उन्हें वह साबित करने में सफल नहीं रही है। ऐसे में 17 जनवरी 2013 को हुए विवाह को विच्छेद किया जाना उचित होगा।

मामले के अनुसार पति ने मानसिक क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक लेने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया था। प्रार्थना में कहा गया कि शादी के बाद से ही पत्नी उस पर माता-पिता से अलग होने का दबाव डालने लगी। इस दौरान ही सितंबर 2014 में उनके एक बेटा हुआ, लेकिन फिर भी हालात नहीं सुधरे और वह उसके माता-पिता को बच्चे से हाथ भी नहीं लगाने देती। वह प्रार्थी पर शक भी करती थी और उसका फोन भी चेक करती थी। पूरे दिन लगातार अनजान लोगों से बात करती थी और पूछने पर कोई जवाब नहीं देती। वहीं बातें नहीं मानने पर सुसाइड की भी धमकी देती थी। इसलिए उसे तलाक दिलवाया जाए। जवाब में पत्नी ने कहा कि उस पर लगाए सभी आरोप निराधार है और ससुराल वालों का व्यवहार उसके प्रति खराब रहा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर पति के पक्ष में फैसला देते हुए तलाक की अर्जी मंजूर की है।

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**जयपुर।** ऑल इंडिया (अखिल भारतीय) हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा, जयपुर की रविवार को विशाल सामूहिक गोठ, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह समाज की धर्मशाला श्री सिद्धपीठ बैनाड़ाधाम, बस्सी, जिला-जयपुर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिरधी चन्द शर्मा की अध्यक्षता एवं श्री श्री 1008 पीठाधीश्वर रामदयाल दास महाराज, श्री सिद्धपीठ बैनाड़ाधाम की संरक्षकता में यह विशाल सामूहिक गोठ, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह आयोजित होगा।


**खोया पाया**

मेरे प्लॉट के बसंत बहार सिंधी कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड जयपुर की ओरिजिनल रसीद गुम हो गई है प्लॉट नंबर 41 बसंत विहार कॉलोनी गोपालपुरा मोड टोंक रोड मिलने पर सपर्क करें 9828290194



**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-14/2024 डी-1428 दिनांक: 13.09.2024

**सार्वजनिक सूचना**

जोन-14 के क्षेत्राधिकार में निजी खातेदारी की योजना के नियमन शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. सं. | प्रस्तावित कैम्प दिनांक | विकासकर्ता | योजना का नाम | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.09.2024 | निजी खातेदारी | उन्नति रेजीडेन्सी, ग्राम श्रीरामपुरा, तह. सांगानेर | जोन-14 कार्यालय जविप्रा परिसर, जयपुर |

उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर



**कार्यालय उपायुक्त, आदर्श नगर जोन, नगर निगम जयपुर, हैरिटेज**
(जवाहर नगर सेक्टर नं.4, एम.पी.एस. स्कूल के पास, जयपुर)

क्रमांक- F54/A.N.Z./Dy Comm./सामान्य शाखा/2024/792 दिनांक-06.09.2024

**सार्वजनिक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जुगल किशोर पुरी पुत्र श्री नारायण पुरी निवासी-भूखण्ड संख्या सी-104, गोवर्धन गलता घाटी कच्ची बस्ती जयपुर के द्वारा अपंजीकृत वसीयत, मृत्यु प्रमाण-पत्र, निर्धारित वचनबद्धता (अण्डरटेकिंग) आदि अन्य दस्तावेजों के आधार पर अपने भूखण्ड संख्या सी-104, गोवर्धनपुरी गलता घाटी कच्ची बस्ती जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 66.66 वर्गगज का पट्टा चाहने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत के प्रस्तुत करें। मियाद बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाकर पट्टा जारी करने से सम्बन्धित कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। सूचित हो।

युगान्तर शर्मा (R.A.S.) उपायुक्त
आदर्श नगर जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम प्रशान्त शर्मा से बदल कर प्रशान्त कुमार शर्मा रख लिया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे 194 एफ-2 कनक वृन्दावन सिरसी रोड पांच्यावाला जयपुर

I service no 15773916W Ex L NK bhanu prakash sharma S/O late Sita Ram Sharma R/O ward no 12 khari kui shahpura jaipur that I have changed my daughter name from RAKSHITA To RAKSHITA SHARMA (DOB 25/9/2006) vide affidavit dated 10 sept 2024 before district notary Jaipur


# प्रदेश में जलझूलनी एकादशी पर पूर्ण भरे जलाशय व 385 बांधों पर जल महोत्सव मनाया

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में व्यर्थ बहकर जाने वाले जल से बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन के साथ-साथ जल के सदुपयोग के लिए रन ऑफ वाटर ग्रिड की स्थापना की जाएगी, इस कार्य पर 30000 करोड़ रुपए व्यय होंगे।उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं जल का सदुपयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने इस पर कार्य करना शुरु कर दिया है। प्रदेश के 6 लाख से अधिक लोगों ने जल महोत्सव में भाग लिया एवं प्रतिज्ञा ली

रावत शनिवार को प्रदेश भर में आयोजित राजस्थान जल महोत्सव के तहत जयपुर जिले के नेवटा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जल झूलनी एकादशी के दिन पूरे राज्य में ग्राम पंचायत , ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित राजस्थान जल महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से



जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने शनिवार को प्रदेश भर में आयोजित राजस्थान जल महोत्सव के तहत जयपुर जिले के नेवटा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

- राजस्थान जल महोत्सव- 2024 : राज्य में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध एवं जल के सदुपयोग के लिए रन आफ वॉटर ग्रिड की स्थापना होगी
- रन ऑफ वाटर ग्रिड पर 30000 करोड़ रुपए व्यय होंगे
- प्रदेश में भरपूर बारिश से उत्साह का माहौल, प्रदेश के 6 लाख से अधिक लोगों ने जल महोत्सव में भाग लिया एवं प्रतिज्ञा ली

जल के महत्व एवं जल संरक्षण पर जागरूकता से जन-जन की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है । प्रदेश के पूर्ण भरे जलाशयों एवं 385 बांधों पर जल महोत्सव का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों एवं आमजन ने भाग लिया तथा जल देवता की पूजा अर्चना की।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों एवं आमजन के लिए सिंचाई एवं पेयजल को प्राथमिकता देते हुए ईआरसीपी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया है।इसमें पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी के अधिशेष जल को प्रदेश के 21 जिलों में सिंचाई एवं पेयजल के लिए उपयोग में लाया जाएगा। वहीं शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल को लाने के लिए कार्य भी शुरू किया गया है। ईआरसीपी से जयपुर जिला भी जुड़ेगा, इसका लाभ यहां की जनता को भी मिलेगा।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इस वर्ष मानसून ने राजस्थान पर विशेष कृपा की है और अच्छे मानसून के कारण प्रदेश के बांध कुल भराव क्षमता के 84.88 प्रतिशत तक भर चुके हैं,385 बांध पूर्ण भर और ओवरफ्लो हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सामान्य से 63.71 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।कार्यक्रम में जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने सहित स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

रावत ने इससे पहले नेवटा गांव के शिव मंदिर में जलाभिषेक किया तथा कलश पूजन कर गांव की महिलाओं को कलश देकर मंदिर से नेवटा बांध तक कलश यात्रा को रवाना किया।ग्रामीणों ने श्री रावत का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, सांगानेर प्रधान भंवर कंवर, सरपंच प्रियंका शर्मा, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह, ईआरसीपी के प्रबंध निदेशक राकेश गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय त्यागी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनीता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी तथा आमजन उपस्थित थे।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

निवाई शाखा, टोंक, राजस्थान, फोन नं.: 01438-222401, 8094018411
ई-मेल: newai@bankofbaroda.com

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अतः उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुनः लौटकर आ गए हैं। अतः उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| क्र. संख्या | ऋणियों एवं जमानतदारों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ बंधक सम्पत्तियों का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **मैसर्स श्री शुभ इन्टरप्राईजेज** 1, बिलाला मार्केट, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान 304021 **प्रोपराईटर- श्री सुरेश चंद जैन पुत्र श्री दामोदर प्रसाद जैन** 1, वार्ड नं. 05, गुर्जरों का मोहल्ला, बिलाला मार्केट, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान 304021 **जमानतदार- श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री दामोदर लाल जैन, श्रीमती गटोल देवी जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन एवं श्रीमती सुमन जैन पत्नी श्री सुरेश चंद जैन** वार्ड नं. 5, गुर्जर मोहल्ला, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान 304021 | ( 1 ) श्रीमती सुमन जैन पत्नी श्री सुरेश चंद जैन के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 30.12.2020 सम्पत्ति जो वार्ड नं. 5, पुरानी सब्जी मंडी के पास, मोहल्ला गुजरान, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 27.20 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्वः राजेन्द्र पाटनी का मकान, पश्चिमः श्रीमती गटोल देवी जैन एवं श्रीमती सुमन देवी की दुकान, उत्तरः राजेन्द्र पाटनी की दुकान, दक्षिणः 20 फीट रोड ( 2 ) श्री सुरेश चंद जैन पुत्र श्री दामोदर प्रसाद जैन एवं श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री दामोदर लाल जैन के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 30.12.2020 सम्पत्ति जो मेहलों के नीचे, मोहल्ला गुजरान, कस्बा निवाई, जिला टोंक, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 171 वर्ग गज है। सीमाएं- पूर्वः रोड़, पश्चिमः चबुतरा एवं श्री कमल पंडित का मकान, उत्तरः खाम मकान एवं श्री कल्याण गुर्जर की भूमि, दक्षिणः रोड़ | 23.08.2024 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 12.08.2024 | दिनांक 18.08.2024 को बकाया राशि रू. 40,08,744.87 ( रूपये चालीस लाख आठ हजार सात सौ चवालीस एवं पैसे सतासी मात्र ) ( दिनांक 18.08.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |
| 2. | **श्री सुरेश चंद जैन पुत्र श्री दामोदर प्रसाद जैन** वार्ड नं. 5, गुर्जर मोहल्ला, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान 304021 **सह-ऋणी- श्रीमती गटोल देवी जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन एवं श्रीमती सुमन जैन पत्नी श्री सुरेश चंद जैन** वार्ड नं. 5, गुर्जर मोहल्ला, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान 304021 | श्रीमती गटोल देवी जैन पत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन एवं श्रीमती सुमन जैन पत्नी श्री सुरेश चंद जैन के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 29.04.2022 सम्पत्ति पट्टा नं. 902 जो वार्ड नं. 5, सब्जी मंडी के पास, मोहल्ला गुजरान, निवाई, जिला टोंक, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 27.20 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्वः अन्य मकान/श्रीमती गटोल देवी एवं सुमन देवी की दुकान, पश्चिमः अन्य मकान/कजोड़ मल जैन की दुकान, उत्तरः अन्य मकान/राजेन्द्र पाटनी की दुकान, दक्षिणः रोड़ | 23.08.2024 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 12.08.2024 | दिनांक 18.08.2024 को बकाया राशि रू. 25,60,250.52 ( रूपये पच्चीस लाख साठ हजार दो सौ पचास एवं पैसे बावन मात्र ) ( दिनांक 18.08.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों एवं जमानतदारों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं/जमानतदारों को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों एवं जमानतदारों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों/जमानतदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 13.09.2024
स्थानः टोंक

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

# एसयूवी गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## गाड़ी में सवार दो युवक घायल, दोनों घायलों को झुंझुनूं रैफर किया



पुलिस ने घायलों को एंबूलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

- मृतक दोनों युवक अपने परिवार में इकलौते थे, दोनों अपने गांव से खेतड़ी की ओर आ रहे थे


**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के पावटा के पास शनिवार सुबह एक एसयूवी गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गाड़ी में सवार दो युवकों के घायल होने पर झुंझुनूं रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार नंगली सलेदी सिंह निवासी मयंक शर्मा (20) पुत्र नंदलाल शर्मा व भागीरथ (24) पुत्र किशनलाल रैबारी बाइक पर सवार होकर अपने गांव से खेतड़ी की ओर आ रहे थे। इस दौरान जब वह पावटा के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एसयूवी गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में बाइक सवार दो युवक व गाड़ी में सवार दो जने घायल हो गए। हादसे की सूचना पर जसरापुर पीएचसी से 108 एंबुलेंस के पायलट कुलदीप डागर व ईएमटी सुरेश गुर्जर मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायल बाइक सवार दोनो युवकों को खेतड़ी के उप जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मयंक शर्मा व भागीरथ को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा गाड़ी में सवार घायल टीबा बसई निवासी अनिकेत व नीरज को जसरापुर पीएचसी में ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें झुंझुनूं रैफर कर दिया गया।

नंगली सलेदी सिंह निवासी अरविंद जांगिड़ ने बताया कि मृतक दोनों युवक अपने परिवार में इकलौते थे। मयंक शर्मा राजोता की निजी फार्मेसी कालेज में बी फार्मेसी कर रहा था, वहीं भागीरथ खेतड़ीनगर में ठेका कंपनी ने काम करता था दोनों सुबह अपने गांव से खेतड़ी की ओर आ रहे थे। मयंक शर्मा के पिता विदेश में रहते थे लेकिन अब गांव में ही रहने लगे। मृतक युवक मयंक शर्मा तीन बहनों में सबसे छोटा था। भागीरथ का पिता भी खेती बाड़ी का काम करता है। हादसे की सूचना पर परिजनों ने उप जिला अस्पताल में पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। घटना की सूचना पर खेतड़ीनगर पुलिस की मौके पर पहुंची। उप जिला अस्पताल में दोनों युवकों के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया।

# विधवा महिला को स्लो पॉइजन देकर जान से मारने की कोशिश

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, आरोपी आसिफ नवाज नगर परिषद उप सभापति का बेटा है



पुलिस ने विधवा महिला को स्लो पॉइजन देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

- आरोपी ने नौकरानी के जरिए महिला को नशीली गोलियां दी थी, महिला ने आरोपी पर स्लो पॉइजन देकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था

**डीडवाना, (निसं)।** एक विधवा महिला को स्लो पॉइजन देकर जान से मारने की कोशिश के मामले में डीडवाना पुलिस ने नगर परिषद के उप सभापति के बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उप सभापति के बेटे ने घर की नौकरानी को विधवा महिला की हत्या के लिए स्लो पॉइजन देने के लिए मजबूर किया था।

पुलिस के मुताबिक मामला 17 व 18 जुलाई के बीच का है। इस मामले में पीड़िता रुकसाना ने डीडवाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया था कि वर्तमान में वह मुंबई में रहती हैं और अपने ससुराल डीडवाना में आती-जाते रहती हैं। 17 जुलाई को वह डीडवाना स्थित अपने घर आई थी। इसी दौरान 18 जुलाई को अचानक उसे उल्टियां होने लगी और उसकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। इस दौरान उसने रसोई में रखे पानी के बर्तन को देखा तो उसमें सफेद पदार्थ तैरता हुआ मिला। इस पर जब उसने घर की नौकरानी यासमीन से पूछताछ की तो उसने रुखसाना के खाने में स्लो पॉइजन मिलाने की बात बताई। रुखसाना ने जब यासमीन से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि आसिफ नवाज बेगाना ने उसे यह पाउडर दिया था और रुखसाना के खाने में मिलने का दबाव डाला था। इस पर पुलिस ने भी यासमीन को गिरफ्तार किया और उससे कड़ाई से पूछताछ की तो यासमीन ने आसिफ नवाज पर रुकसाना के पानी में नशीली गोलियां मिलाने का दबाव डालने की बात कही। इस पर पुलिस ने शनिवार को आरोपी आसिफ नवाज बेगाना को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार आसिफ नवाज बेगाना डीडवाना में प्रॉपर्टी का व्यवसायी है और नगर परिषद के उपाध्यक्ष बाबू खान बेगाना का बेटा है। पीड़िता रुखसाना का आरोप है कि उसके पति की प्रॉपर्टी को हड़पने के लिए आसिफ नवाज खान ने उसकी हत्या का षड्यंत्र रचा था और नौकरानी यासमीन के जरिए उसे ठिकाने लगाने के लिए जहर दे रहा था।

# कार-पिकअप की टक्कर में आठ माह के बच्चे समेत तीन की मौत

## बच्चे के माता-पिता सहित तीन घायल हुए

- कार से बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती रिश्तेदार से मिलकर श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे

**बीकानेर, (निसं)।** कार और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में आठ महीने के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में बच्चे के माता-पिता सहित और तीन घायल हो गए। सभी कार से बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती रिश्तेदार से मिलकर श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) आ रहे थे। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां एक-दूसरे में बुरी तरीके से फंस गई। काफी मशक्कत के बाद गाड़ियों को अलग किया गया।

जानकारी के अनुसार हादसा बीकानेर-जयपुर नेशनल हाइवे पर देर रात करीब पौने बारह बजे हुआ। मामला बीकानेर के नौरंगदेसर के पास का है। एडिशनल एसपी ग्रामीण प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि हादसा देर रात करीब 12 बजे बीकानेर-जयपुर नेशनल हाईवे पर नौरंगदेसर के पास हुआ है। ऑल्टो कार और पिकअप की टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई थी। मौके पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार में श्रीडूंगरगढ़ के कालूबास निवासी रमेश सोनी, उनकी पत्नी पूजा, आठ महीने का बेटा पार्थ, भाई गोपी और मामा आडसर बास निवासी कल्याण सोनी, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) सवार थे। इसके अलावा इनका रिश्तेदार मनोज भी साथ था। मनोज की एक बेटी बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती है। उसे देखने के लिए सभी श्रीडूंगरगढ़ से बीकानेर गए थे। वापस लौटते हुए बीकानेर के नौरंगदेसर के पास हादसा हुआ और कल्याण, मनोज और आठ महीने के पार्थ की मौत हो गई। वहीं पार्थ के माता-पिता और रिश्तेदार गोपी घायल हो गए।

# कुएं में गिरने से मां समेत दो बेटियों की दर्दनाक मौत

- मां खेत पर कुएं के समीप अपनी दोनों बेटियों को नहला रही थी, इस दौरान पैर फिसलने से दोनों बेटियां कुएं में जा गिरी
- बेटियों को बचाने के प्रयास में मां भी कुएं में कूद गई, गहरे पानी में डूबने से मां और बेटियों की मौत हो गई

**करौली, (निसं)।** करौली-लांगरा थाना क्षेत्र के पाटीनकापुरा गांव में कुएं में गिरने से मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। मां खेत पर कुएं के समीप अपनी दोनों बेटियों को नहला रही थी, इस दौरान पैर फिसलने से कुएं में जा गिरी और उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा तीनों को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों के शव करौली जिला अस्पताल मोर्चरी में लेकर आए, जहां पोस्टमार्टम कराया गया है।

थाना अधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई रामकेश मीणा ने शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि मीना पत्नी अतर सिंह मीणा अपनी पुत्री नेहा और कीर्ति के साथ कुएं पर गई थी, जहां दोनों बेटियों को कुएं के पास नहला रही थी। इस दौरान अचानक फिसल कर बेटी कुएं में जा गिरी बेटियों को बचाने के प्रयास में वो भी कुएं में कूद गई। गहरे पानी में डूबने से मां और दोनों बेटियों की मौत हो गई। पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद तीनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मामले को लेकर तहसीलदार महेंद्र गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार की मौजूदगी में तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया। तहसीलदार महेंद्र गुप्ता मामले की जांच कर रहे हैं। इस अवसर पर लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव, मंडरायल तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित परिजन मौजूद रहे।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** हिरणमगरी थाना क्षेत्र में सीढ़ियों से गिरने पर घायल युवक की मौत हो गई। अन्यत्र विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में बसन्त विहार निवासी लोकेश मारू (44) पुत्र भंवरलाल मारू की सिढ़ियों से गिरने पर मौत हो गई। शुक्रवार रात में वह सिढ़ियों से गिर पड़ा था, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलने पर एएसआई बसंतीलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। लोकश नारायण सेवा संस्थान में एकाउन्टटेंट पद पर काम करता था।

इसी तरह निलोद आकोला चित्तौड़गढ़ हाल पानेरियों की मादड़ी निवासी पूजा जाट पत्नी भरत कुमार जाट ने शुक्रवार को अपने मकान में फांसी लगा ली थी। एसडीएम गिर्वा ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# महिला की हत्या कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

- चोरी किए जेवरात, 65 हजार रूपये एवं भागने में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने महिला की हत्या कर नकदी लूट व जेवरात लूट ले जाने वाले को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 24 अगस्त को पीड़ित भाविन पुत्र सुभाष भाई निवासी जसदन राजकोट गुजरात ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी बहन भक्ति वाघेला को उसका मित्र प्रकाश भगाकर उदयपुर लेकर आया, जहां किराए के मकान पर रहना शुरू किया। इस दौरान मेरी बहन की हत्या कर आरोपी फरार हो गया। इससे पूर्व आरोपी मेरी बहन को दो बार भगा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशग गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी प्रकाश पुत्र अशोक भाई सोलंकी निवासी सेमला थाना गोण्डल राजकोट गुजरात को गिरफ्तार किया।

जिसकी निशानदेही से आरोपी के चोरी किए जेवरात, 65 हजार रूपये एवं भागने में प्रयुक्त की स्कूटी बरामद की। पूर्व में प्रकाश का भक्ति का अपहरण कर ले गया। जिसके तीन संतान हो गई। लेकिन परिवारजन शादी से नाराज थे। इस पर दोनों अलग हो गए। इसके लिए प्रकाश ने भक्ति को 2 लाख 75 हजार रूपये दिये थे।

इसके बाद दुखी होकर प्रकाश ने भक्ति को मारने की ठान ली। वापस संपर्क कर भक्ति को साथ ले गया तथा काफी समय मुम्बई एवं उदयपुर में घूमे लेकिन उसे मारने का मौका नहीं मिला। इस पर शहर में किराए का मकान लेकर रहना शुरू कर दिया। जहां घटना वाले दिन रात में गला दबाकर हत्या करने के बाद प्रकाश फरार हो गया।

# रंजिश में दो गुटों में झगड़ा, फायरिंग में एक की मौत

**पाली, (निसं)।** रंजिश के चलते शनिवार को दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान फायरिंग की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो जने घायल हो गए। मृतक के शव को सुमेरपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और दोनों घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुमेरपुर थाने के भारतसिंह रावत ने बताया कि सुमेरपुर के तहसील कार्यालय के निकट कार में आए दो पक्ष आमने-सामने हो गए और एक-दूजे पर हमला कर दिया। इस दौरान फायरिंग की गई। इसमें सुमेरपुर निवासी 35 साल के पंखिल परमार की मौत हो गई और सुमेरपुर निवासी 37 साल का सुरेन्द्र घांची दो गोली लगने से गंभीर घायल हो गया। साथ ही इस घटना में सुमेरपुर के नौवी गांव निवासी 42 साल का सुरेन्द्रसिंह नोवी भी घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की बॉडी सुमेरपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। सुमेरपुर थाने के एएसआई सज्जनसिंह एक टीम लेकर दोनों घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां दोनों का उपचार जारी है। मामले की जांच में बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। इसके चलते सुमेरपुर के तहसील कार्यालय के निकट आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूजे पर हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साथ ही घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# अपहरण करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रोपर्टी कारोबारी का अपहरण कर बंधक बना उसके साथ मारपीट करने वाले दो आरेपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार पीड़ित मोहन सेन पुत्र लोगर निवासी लखावली ने 12 सितंबर को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी करने पर बदमाश सुरेश को गीतांजली मेडिकल कॉलेज के पास छोड़ कर फरार हो गए। इस पर सुरेश को दस्तयाब कर मेडिकल करवाया तथा पूछताछ में उसने रामा गांव में स्थित फार्महाउस पर ले बंधक बना मारपीट की तथा दूसरे दिन करणसिंह व नरेश डांगी कार में सुरेश को लेकर घूमते हुए छोड़ भागे। पुलिस दल ने फार्म हाउस पर दबीश देकर करणसिंह तथा लक्ष्मीलाल उर्फ लखा डांगी को गिरफ्तार किया।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की दरगाह थाना क्षेत्र में कंप्यूटर ऑपरेटर से होटल में रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मध्य प्रदेश के युवक पर शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत दरगाह थाने में दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरगाह थाना पुलिस के अनुसार थाने पर 33 वर्षीय पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़िता ने शिकायत देकर बताया कि फेसबुक पर मध्य प्रदेश के युवक से दोस्ती हुई थी। बाद में दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। कुछ समय बाद आरोपी ने उसे खुद को अनमैरिड बात कर उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी के द्वारा उसे झांसा देकर दिल्ली बुलाया और बाद में ट्रेन के जरिए अजमेर लेकर आ गया। अजमेर लाने के बाद वह दोनों एक होटल में चले गए। आरोपी के द्वारा उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया गया।

दरगाह जियारत करने के बाद वह आरोपी के साथ अजमेर से ट्रेन से वापस चली गई, लेकिन आरोपी उसे ट्रेन में बैठाकर खुद कहीं और चला गई। घर पहुंचने के बाद उसने आरोपी से संपर्क किया तो उसने फोन नहीं उठाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने आरोपी के बारे में संपर्क किया तो उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। दरगाह थाना पुलिस पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच में जुटी है।

# जगन्नाथ यूनिवर्सिटी की मेस में कीड़ों वाली खाद्य सामग्री मिली

- मेस में छात्रों द्वारा भोजन ग्रहण करने के बाद हुई फूड पॉइजनिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा टीम ने निरीक्षण किया
- कच्ची खाद्य सामग्री को बिना भंडार गृह के ही असुरक्षित जगह में स्टोर किया जाना पाया गया और काजू, राइस आदि में कीड़े मिले

**जयपुर, (निसं)।** चाकसू के निकट स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी की मेस में कुछ छात्रों द्वारा भोजन ग्रहण करने के बाद हुई फूड पॉइजनिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूनिवर्सिटी में निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई, जहां निरीक्षण के दौरान टीम को मेस में गंदगी और कीड़ों वाली खाद्य सामग्री मिली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू के निकट स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने पर टीम को यहां कच्ची खाद्य सामग्री को बिना भंडार गृह के ही असुरक्षित जगह में स्टोर किया जाना पाया गया और काजू, राइस आदि में कीड़े पाए गए। मेस की रसोई का स्ट्रक्चर खाद्य निर्माण के पूर्ण अनुकूल नहीं मिला। कच्ची सब्जी के भंडारण की जगह गंदगी मिली। इसके अलावा दीवारें और छत बदरंग मिले। फूड हैंडलर्स ने उचित पोशाक नहीं पहनी थी और प्रयुक्त हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट और स्टाफ के स्वस्थता प्रमाण पत्र तथा फोस्टेक ट्रेनिंग के प्रमाण नहीं मिले। साथ ही रसोई में मक्खी, मच्छर, चूहे का सीधा प्रवेश होता पाया गया। काजू, दाल, चावल, सूजी, मसालों, सब्जी की ठोवी, तैयार दाल, दही आदि का नमूना लिया गया, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मेस की रसोई में निम्न गुणवत्ता की सामग्री मिलने और फूड व्यवसाय नियमों की अवहेलना के कारण एफएसएसए की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा।

# अजमेर में दो बुजुर्ग महिलाओं का दिनदहाड़े अपहरण

## पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों बुजुर्ग बहनों को बदमाशों के चंगुल से छुड़या, दो बदमाश फरार, एक गिरफ्तार



पुलिस ने दोनों महिलाओं को बदमाशों के चंगुल से छुड़वाया।

- महिलाओं ने बदमाशों पर रिवॉल्वर दिखा कर धमकाने और मारपीट कर राजीनामा कर लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है
- करोड़ों की संपत्ति का विवाद बताया जा रहा है, पुलिस ने दिल्ली नंबर का एसयूवी वाहन जब्त किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में शनिवार की सुबह दिल्ली नम्बर की एसयूवी वाहन में करीब तीन से चार बदमाशों द्वारा दो महिलाओं का अपहरण करके ले जाने का मामला प्रकाश में आने पर पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई। जिला पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम प्रभारी ने तुरंत जनाना अस्पताल कायड़ एमडीएस यूनिवर्सिटी तथा आसपास के इलाके में नाकाबंदी करवा दी। पुलिस को भी दौड़ाया गया। अपहरणकर्ता शातिर बदमाश थे, जिसके चलते पुलिस को पीछा करता देख उन्होंने गाड़ी को तेज गति में यहां से वहां दौड़ाना शुरू किया, आखिर में कायड़ गांव में तीन थानों की पुलिस ने घेराबंदी करके गाड़ी को रुकवाया और अपहरण की गई महिलाओं को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाकर सुरक्षित अपने निगरानी में लिया।

जानकारी के अनुसार गाड़ी में सवार दो बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग छूटे, जबकि एक बदमाश पुलिस के हाथ लग गया। पुलिस ने उस एक बदमाश को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रथमदृष्टया मामला पुश्तैनी संपत्ति को लेकर किसी जमीनी विवाद जुड़ा बताया जा रहा है। महिलाओं के द्वारा पुलिस में दर्ज कराए मुकदमे के अनुसार किसी आदिल शेख नामक व्यक्ति द्वारा महिलाओं पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने अथवा मुकदमा ही समाप्त करने के नजरिए से महिलाओं को ठिकाने लगाने के प्रयास में अपहरण कराया जाना समझा जा रहा है। अभी इसका पूरी तरह खुलासा नहीं हुआ है। जिला पुलिस की सतर्कता और जिला पुलिस कंट्रोल रूम की तत्परता के चलते महिला को सुरक्षित पुलिस ने अपनी निगरानी में लिया है। क्रिश्चियनगंज थाना, सिविल लाइन थाना पुलिस और गेगल थाना पुलिस और माइक वन की सजगता महिलाओं को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाने में अहम रही है। अपहरण करने वाले कौन थे और कहां के रहने वाले हैं जिला पुलिस इसका खुलासा करेगी। बताया जाता है कि पुलिस ने बदमाशों की जिस गाड़ी को मौके से बरामद किया है वह दिल्ली पासिंग नंबर की है।

**मुख्य आरोपी का नाम आदिल शेख है :-** एडिशनल एसपी दुर्गसिंह ने बताया कि क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में आनासागर चौपाटी से पहले एनसीसी कार्यालय के सामने रहने वाली दो बहनें डॉ. रमा रानी जैन (72) और रिटायर्ड प्रिंसिपल कुमकुम जैन (62) का शनिवार सुबह अपहरण कर लिया गया था। महिलाओं ने बदमाशों पर उन्हें रिवॉल्वर दिखा कर धमकाने और मारपीट करते हुए राजीनामा कर लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मामला प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। महिलाओं का आरोप है कि बदमाशों ने उनके मकान के फर्जी कागजात बनवा रखे हैं। इसी को लेकर लंबे समय से कोर्ट में केस भी चल रहा है। पीड़ित महिला रिटायर्ड प्रिंसिपल कुमकुम जैन ने बताया कि आदिल शेख नाम का आदमी आए दिन धमकी देता है। उनकी प्रॉपर्टी हड़पने का प्रयास कर रहा है।

एएसपी दुर्ग सिंह ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही जिले में नाकाबंदी करवाई गई। क्रिश्चियनगंज, सिविल लाइन व कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया। इसके बाद दोनों बहनों को सुरक्षित बचा लिया। वहीं कायड़ चौराहे पर नाकाबंदी कर एक आरोपी मुकेश को डिटेन किया गया है। अन्य तीन आरोपी फरार होने में सफल हो गए। घटना के बाद महिलाएं डरी हुई हैं और ऐसे में पुलिस ने घर के बाहर एक जवान को तैनात किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी मुकेश से पूछताछ शुरू कर दी है। जब्त कार के बारे में भी जांच की जा रही है। इस मामले में पूर्व में दर्ज मुकदमे की स्थिति को भी जांचा जा रहा है।

# हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर ने शहर में 4 घंटे घूमकर किया निरीक्षण

## सिटी पार्क, इंदिरा गांधी नगर, खातीपुरा रेलवे स्टेशन के पास बसी कॉलोनी तथा दांतली-सिरोली की 1600 बीघा जमीन का औचक निरीक्षण किया

**जयपुर**। हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा ने शनिवार को करीब 4 घंटे तक अधिकारियों के साथ फील्ड में घूमकर सिटी पार्क, इंदिरा गांधी नगर, खातीपुरा रेलवे स्टेशन के सामने बसी कॉलोनियों, दांतली की 300 बीघा तथा सिरोली की 1300 बीघा जमीन का निरीक्षण करने पहुंची।

उन्होंने औचक निरीक्षण की शुरूआत मानसरोवर स्थित सिटी पार्क से की। उन्होंने कहा कि जयपुर में अतिवृष्टि के कारण जहाँ भी आवास या सड़क क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करवाएं। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय पर पूरे करवाने की जिम्मेदारी संबंधित अभियंता की होगी। घटिया निर्माण कहीं पर मिला तो तुरंत कार्रवाई की जायेगी। यह ध्यान में रहे कि, कभी भी किसी भी निर्माण कार्य का सैंपल लेकर जाँच की जा सकती है।



आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने शनिवार को अधिकारियों के साथ कई प्रोजेक्ट्स का जायजा लिया।

उन्होंने अभियंताओं को सख़्त निर्देश दिये कि जिन भी संवेदकों की शिकायत प्राप्त हो रही है या उनके द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उनकी भी तुरंत जाँच करवा ब्लैक लिस्ट किया जाये। निर्माण से आवंटन होने तक प्रत्येक प्रोजेक्ट में संवेदनशीलता से कार्य किया जाये।

उल्लेखनीय है की डॉ. रश्मि शर्मा ने कुछ दिन पहले ही प्रताप नगर का औचक निरीक्षण किया था जहाँ उन्होंने टेस्टिंग लैब में खुद अपने समक्ष सैम्पलेस की जाँच करवाई जो गुणवत्ता माणकों के अनुरूप पाये गये थे। इस दौरे के दौरान मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ **आयुक्त ने अफसरों को चेताया कि किसी भी प्रोजेक्ट के सैंपल लेकर कभी भी जांच की जा सकती है, सभी काम गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए।**

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बताया कि कालाबड की फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला है। क्षत-विक्षत हालत में होने के कारण मृतक की पहचान नहीं हो सकी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में युवक का शव पड़े देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र चालीस साल की है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान के साथ ही परिजनों की तलाश कर रही है।

# गायत्री राठौड़ ने देर रात किया जनाना व महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाएं व व्यवस्थाएं पेशेंट फ्रेंडली बनाने के निर्देश

**जयपुर**। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरुवार देर रात जनाना अस्पताल एवं सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने एवं पेशेंट फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए।

राठौड़ गुरूवार रात करीब 8.30 बजे अपने कार्यालय से रवाना होकर अचानक जनाना अस्पताल पहुंची और करीब 9.30 बजे महिला चिकत्सालय पहुंची। उन्होंने वहां सामान्य वार्ड, आईसीयू, लेबर रूम, एनआईसीयू सहित विभिन्न इकाइयों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि रोगियों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। रात के समय भी अपनी पारी के अनुसार सीनियर डॉक्टर भी उपस्थित रहें। आपातकालीन स्थिति में आने वाले रोगियों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाए। राठौड़ ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त संख्या में गार्ड लगाएं जाएं। महिला अस्पताल में यथा संभव महिला गार्ड लगाएं जाएं। अस्पताल में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर नजर रखी जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। प्रमुख शासन सचिव ने अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था में और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो। महिला और पुरुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के अलग टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों की एनर्जी ऑडिट भी किया जाना सुनिश्चित करें। अस्पतालों में समय समय पर विद्युत संचालित उपकरणों की मेंटीनेंस करवाया जाए। परिसर में बिजली के तार व्यवस्थित रूप से हों। राठौड़ ने महिला चिकित्सालय में आईसीयू की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यहां चल रहे निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक एकेडमिक चिकित्सा शिक्षा डॉ रश्मि शर्मा भी उपस्थित रहीं।



चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने जनाना और सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में मरीजों से अस्पताल में मिल रही उपचार सेवाएं तथा डॉक्टर्स व नर्सेज के बारे में पूछताछ की।

# धर्म परिवर्तन करवाने वाले दंपत्ति गिरफ्तार

## झालाना डूंगरी के लोगों ने गांधी नगर थाने का घेराव किया

**जयपुर**। झालाना डूंगरी इलाके में धर्म परिवर्तन की बात को लेकर स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने धर्म परिवर्तन करवाने वाले पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को दोनो को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने दोनो को जमानत पर रिहा कर दिया।

गौरतलब है कि झालाना डूंगरी निवासी सुमित्रा देवी (39) के यहां जमवारामगढ निवासी मुकेश रैगर (45) व उसकी धर्म पत्नी सुप्यारी (42) पहुंचे और ईशा मसीह के बारे में बताकर उससे प्रार्थना करने और घर में लगी सभी देवी-देवाओं की तस्वीर हटाने के लिए कहा। सनातन धर्म को दोनो ने ढगोसला बताते हुए ईशा मसीह पर विश्वास करने की बात कहते हुए धर्म परिवर्तन करने पर जोर डाला। आरोपी पति-पत्नी ने जबरन सुमित्रा के गले में क्रॉस का लोकेट डाल दिया।

बताया जा रहा है कि मुकेश रैगर और उसकी पत्नी ने सुमित्रा पर मानसिक व शारीरिक दबाव डालते हुए कहा कि ईसाई समाज आपके साथ है। ईसा मसीह से प्रार्थना करने पर तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जाएंगे और आर्थिक स्थिति काफी अच्छी हो जाएंगी।तुम ईसाई धर्म अपना लो। पैसे की तंगी भी खत्म हो जाएगी।

सुमित्रा पर मानसिक व शारीरिक दबाव को देखते हुए उसके बेटे आकाश ने मामले की जानकारी अपने पडौसियों को दी। जैसे ही मुकेश रैगर व उसकी धर्म पत्नी प्रार्थना करवा कर घर से निकले पडौसियों ने पति-पत्नी को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

थाने का घेराव होने के बाद पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनो से पूछताछ की तो दोनो ने अपना नाम पत्ता गलत बताया। लेकिन पुलिस सत्यापन में दोनो की पोल खुल गई। पूछताछ में मुकेश ने बताया कि वो सुमित्रा को काफी पहले से जानता है ईसा मसीह की प्रार्थना करवाने के लिए आया था। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## खेत में नर कंकाल मिलने से हड़कंप

**जयपुर**। दौलतपुरा थाना इलाके में एक खेत में शनिवार दोपहर नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। कंकाल मिलने की जगह के पास ही पेड़ पर एक फंदा भी लटका मिला। बाजरा काट रही महिला के फंदे पर लटकी शर्ट व नीचे पड़े कंकाल को देखकर चिल्लाने पर लोगों को पता चला। पुलिस नेफोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए कंकाल को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि बिलोची गांव में बावडी की ढाणी स्थित खेत में नर कंकाल मिला है। खेत में बोए बाजरे की फसल की महिलाओं द्वारा फसल काटी जा रही थी। खेत में लगे बबूल के पेड़ के पास पहुंची। पेड़ के करीब 6 फीट ऊंची डाल पर फंदे पर शर्ट लटकी थी और नीचे कंकाल था।

# 'बायोलॉजिकल ग्राफ्ट' से की कंधे की जटिल सर्जरी

**जयपुर**। कंधे की मसल्स का फटना यानी (आर.सी. टीयर) का इलाज दूरबीन के ऑपरेशन द्वारा होता है। बहुत बार मसल्स खराब होने के कारण वह फेल हो जाता है इसके उपचार के लिए राज्य में प्रथम बार "रिजेनेटन बायोलॉजिकल ग्राफ्ट" से डॉ. दिलीप मेहता ने राजस्थान के प्रथम दो मरीजों का ऑपरेशन किया। इससे पहले यह सर्जरी जयपुर के बाहर होती थी, दोनों ही मरीज बिल्कुल स्वास्थ्य एवं रिकवर कर रहे है। ज्ञात रहे कि डॉ. दिलीप मेहता अमेरिका और जर्मनी से ऑर्थरोस्कोपी और जॉइंट रिप्लासेम्ट में फेलोशिप प्राप्त है, गत 20 वर्षो से वो जयुपर में नई नई तकनीक से मरीजों को लाभान्वित कर रहे है। डॉ दिलीप मेहता जॉइंट प्रिजर्वेशन सर्जरी में महारत प्राप्त है और उसे एक नये मुक़ाम पर ले जाना चाहते हैं। डॉ. दिलीप मेहता शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर में सीनियर कंसल्टेंट नई प्रकार की तकनीक से जॉइंट प्रिजर्वेशन जैसे ऑपरेशन कर रहे है, जिससे जॉइंट प्रिजर्वेशन को सही उम्र तक टाला जा सकता है।



## सार-समाचार

### चतुर्वेदी महापरिषद् का अधिवेशन संपन्न



**जयपुर**। श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद का प्रांतीय अधिवेशन शनिवार को अनेकों उपलब्धियों के साथ सम्पन्न हुआ। महापरिषद के राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि इन उपलब्धियों में समाज उत्थान के लिए सुकन्या निधि कल्याण योजना के तहत समाज की तीन बेटियों को गोद लेने का निर्णय किया गया। इन तीनों बेटियों के पिता कोरोना में कालकल्वित हो गए थे। अब समाज इन तीनों बेटियों को स्नातक स्तर की पढ़ाई के साथ उनके विवाह करने तक की जिम्मेदारी निभाएगा। राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रभारी क्षेत्रों का दौरा कर सदस्यता अभियान बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी अपने परिवार जनों की सदस्यता सुनिश्चित करेंगे। युवाओं के लिए महिला और पुरुष वर्ग में बैडमिंटन तथा क्रिकेट प्रतियोगिताओं का जिला स्तर, प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महापरिषद के प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी और महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रांत का अधिवेशन शनिवार को टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में हुआ। अधिवेशन में समाज की प्रतिभाओं को "समाज-रत्न" और "समाज-गौरव" की उपाधि से सम्मानित किया गया। राजस्थान के प्रदेश महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि अधिवेशन के विशेष सत्र में समाज की स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों के उदबोधन एवं आशीर्वचन के पश्चात सभी ने सामूहिक स्वरुचि भोज का आनन्द लिया।

### होटल हैरिटेज मंडावा की स्टॉल पर शिरकत



**जयपुर**। चतुर्थ राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट जयपुर में होटल हैरिटेज मंडावा की स्टॉल पर गोपाल शर्मा, सरदार इकबाल सिंह, गिरीश ओझा ने शिरकत की। उनका स्वागत अरविंद पारीक व मधुसूदन खेमानी ने किया। गोपाल शर्मा ने पूरे ट्रैवल मार्ट का निरीक्षण कर सभी का उत्साह वर्धन कर संबोधित किया।

### सांगानेर में हजारों तुलसी के पौधे बांटे




**जयपुर**। सांगानेर विधानसभा में भजन फाउंडेशन की ओर से वार्ड नंबर 91 और 97 सांगानेर स्थित खोकावास और हाज्यावाला में हजारों लोगों को तुलसी औषधि पौधा गमला सहित वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गीत से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुणाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार राजस्थान में निश्चित ही इंद्रदेव मेहरबान हुए हैं इसका हमें लाभ उठाना चाहिए और अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए पूर्व में कोरोना काल में हमे पेड़ पौधों का महत्त्व मालूम चला साथ ही बड़ती गर्मी से निजात पाने के लिए भी पेड़ लगाना अति आवश्यक है। इस मौके पर लोगों ने पिछले आठ माह में हुए सांगानेर में विकास के कार्यों पर चर्चा की और भजनलाल सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सांगानेर विधानसभा संयोजक प्रकाश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक कैलाश यादव सत्यनारायण शर्मा, धन कुमार जैन, रामचंद्र यादव, संजय शर्मा और अशोक शर्मा मौजूद रहे।

### जे.डी.ए. में कार्यशाला का आयोजन

**जयपुर**। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के निर्देशन में शनिवार को मंथन सभागार में एक अनुस्थापन कार्यशाला आयोजित की गई। सचिव डॉ. निशांत जैन की उपस्थिति में नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त व उपायुक्तों को जेडीए के विभिन्न प्रकोष्ठों में होने वाले कार्यों के बारे में पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यशाला में जेडीए में पहले से कार्यरत अधिकारियों द्वारा जोन स्तर पर दी जाने वाली सेवाएं तथा अन्य कार्य-लीजडीड, नाम हस्तान्तरण, 90ए, उप विभाजन आदि के बारे में उपायुक्त जोन-7, जोन-9, व जोन-10 द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में वित्त शाखा से संबंधित कार्य, ई-नीलामी, राजस्व अर्जित करने के बारे में निदेशक (वित्त) एवं जविप्रा की ई-सेवाओं के बारे में सिस्टम एनालिस्ट ने पी.पी.टी.प्रजेन्टेशन के माध्यम नए अधिकारियों को अवगत करवाया।

# आमेर के मावठा सरोवर को चुनरी ओढ़ाकर मनाया 'जल महोत्सव'

**जयपुर**। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आमजन आमजन के हर्ष और उल्लास में शामिल होने के लिए नगर निगम हेरिटेज की ओर से जल महोत्सव 2024 आमेर के प्रसिद्ध मावठा सरोवर में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आमेर विधायक प्रशान्त सहदेव शर्मा ने मावठा सरोवर को चुनरी ओढ़ाकर सरोवर का पूजन – अर्चन किया। हेरिटेज निगम की हवामहल – आमेर जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने आमेर विधायक प्रशान्त शर्मा और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रशान्त शर्मा ने कहा कि इस बार भगवान की कृपा से अच्छी बारिश हुई और प्रदेश के सभी जलाशय जल से सरोबार हो उठे है। मानसून की बारिश से बहुत सालों बाद मावठा जल से भर गया है। मावठा सरोबर का भी एतिहासिक महत्व और मान्यता भी है। ऐसे में आज जलझूलनी एकादशी के दिन हम सभी ने इस पवित्र सरोवर पूजा वंदना की है और जल देवता से कामना भी की है कि मावठा सरोवर सदैव जल से सरोबार रहें। उपायुक्त तनुजा सोलंकी ने प्राकृतिक सरोबर और जलाशयों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से जलाशयों में प्लास्टिक और अन्य कचरा नहीं डालने की अपील की। कार्यक्रम में हेरिटेज निगम उपायुक्त तनुजा सोलंकी, एडीएम उत्तर सीमा शर्मा, आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक, निगम अधीक्षण अभियंता केएल मीणा, निगम उद्यान अधीक्षक छाजूराम मीणा, पार्षद अंजलि ब्रहुमभट्ट, हनुमान गुर्जर सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हैरिटेज नगर निगम की ओर से जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## 'गजकेसरी योग में चार राशियों की रहेगी पौ बारह'

**जयपुर**। इस माह चंद्रमा और बृहस्पति की युति से गजकेसरी योग बनेगा। देवताओं के गुरु बृहस्पति इस समय वृषभ राशि में हैं और चंद्रमा 22 सितंबर को सुबह करीब छह बजे वृषभ राशि में गोचर करेंगे। इस क्षण से बृहस्पति और चंद्रमा की युति होगी और गजकेसरी योग बनेगा। यह संयोग 22 सितंबर से 24 सितंबर तक सुबह 9:55 बजे तक रहेगा। इस समय चंद्रमा वृषभ राशि को छोड़कर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। 23 सितंबर को सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग का मिलन गजकेसरी योग होगा। गजकेसरी योग के दिन से चार राशियों के लिए अच्छा समय शुरू होगा।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिन राशियों पर गजकेसरी योग बनेगा, उनमें कर्क, सिंह, तुला और मकर शामिल है। उन्होंने बताया कि गजकेसरी योग ज्योतिष शास्त्र में बहुत ही शुभ और उत्तम बताया गया है। इस योग का निर्माण तब होता है जब गुरु और चंद्रमा की खास स्थिति बनती है।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्र से रैगिंग

■ **सीनियर छात्रों ने चाकू की नोंक पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को मुर्गा बनाया, पीड़ित पक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा**

**जयपुर**। बनीपार्क थाना इलाके में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में कॉलेज के दो सीनियर स्टूडेंट युवराज और पुष्पेंद्र द्वारा जूनियर स्टूडेंट को रैगिंग करने का मामला सामने आया है। सीनियर स्टूडेंट ने इसका वीडियो भी बनाया था। यह मामल 12 सितंबर का है। पीड़ित स्टूडेंट ने युवराज और पुष्पेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने बताया कि वह फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। इसी महीने में एडमिशन लिया था। गत 2 सितंबर को उसका कॉलेज में पहला दिन था। युवराज (मोटर व्हीकल) और पुष्पेंद्र (वेल्डर ट्रेड) सेकेंड ईयर के स्टूडेंट हैं। वह उन्हें पहले से जानता भी नहीं है।

कॉलेज के पहले दिन युवराज और पुष्पेंद्र उसके पास आए और धक्का-मुक्की करने लगे। वहां मौजूद टीचर ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। गत 12 सितंबर को पीड़ित स्टूडेंट आईटीआई पहुंचा। एक बार फिर उसका सामना पुष्पेंद्र और युवराज से हुआ। आरोप है कि दोनों ने पीड़ित को एक कमरे में बुलाया। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान चाकू भी दिखाया। इस दौरान मुर्गा भी बनाया। वीडियो में सीनियर स्टूडेंट पीड़ित से बार-बार कह रहे हैं- हमें भाई साहब बोला कर। इस पर पीड़ित छात्र हाथ जोड़कर छोड़ने की भी गुहार लगा रहा है।

जब पीड़ित स्टूडेंट घर पहुंचा तो परिजनों को इस बारे में बताया। इस पर परिजन थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है।

# राजस्थान स्टेट गैस में हुआ हिन्दी दिवस का आयोजन



राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

जयपुर। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने कहा है कि डिजिटल युग में सोशियल मीडिया पर संवाद का प्रमुख माध्यम हिन्दी बन चुकी है वहीं सिनेमा और डिजिटल मीडिया ने हिन्दी को और अधिक विस्तारित किया है। आज तकनीकी शिक्षा डाक्टरी और इंजीनियरिंग में भी हिन्दी का प्रयोग होने लगा है। राजस्थान स्टेट गैस में हिन्दी दिवस पर आयोजन किया गया। आज आक्सफोर्ड डिक्सनरी में प्रतिवर्ष हिन्दी के प्रचलित शब्द स्थान बनाते जा रहे हैं। उन्होंने संस्था के कार्य में हिन्दी के उपयोग पर बल दिया। डीजीएम विवेक रंजन व विवेक श्रीवास्तव ने हिन्दी के शब्द सामर्थ्य को रेखांकित किया। सीएफओ दीप्तांशु पारीक व डीएम आईटी गगन दीप राजोरिया ने बताया कि राजकाज सहित विभिन्न पोर्टल सरकारी कामकाज में हिन्दी के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। पीआर व राजभाषा प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 2006 से 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा है। हिन्दी विश्व की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है।

## बस का इंतजार कर रही वृद्धा को स्कॉर्पियो ने कुचला

**जयपुर**। आदर्श नगर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बस का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया है और वहीं एक युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि रोड किनारे खड़े होकर दोनों घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दोनों को टक्कर मारते हुए निकल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया और वहीं घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले की जांच सड़क दुर्घटना थाना (पूर्व) कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर स्कॉर्पियो और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि हादसे में लक्ष्मीनारायण पुरी रामगंज निवासी चौथी देवी (60) पत्नी लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत हो गई और वहीं घायल रवि बंजारा (18) निवासी लक्ष्मीनारायण पुरी रामगंज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार राजापार्क स्थित परनामी मंदिर में चौथी देवी फूल की दुकान करती थी और उसकी दुकान पर रवि बंजारा काम करता था। दोनों दुकान बंद कर घर जाने के लिए परनामी चौराहे पर रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे।

# युवाओं में बढ़ता अवसाद और नशे की लत चिंतनीय : सांसद मंजू शर्मा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान साइकाइट्रिक समिति के 39वां वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ शनिवार को होटल क्लार्क आमेर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर करण सिंह यादव तथा वर्ष 2025 के लिए निर्वाचित अखिल भारतीय अध्यक्ष चंडीगढ़ की डॉक्टर सविता मल्होत्रा मौजूद रहे।

सांसद मंजू शर्मा ने युवाओं में बढ़ते अवसाद व नशे की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मनोचिकित्सक समाज व युवा पीढ़ी के सुधारक है तथा इस तरीके की कॉन्फ्रेंस नए युवा मनोचिकित्सकों के लिए काफी आवश्यक है। आयोजन सचिव डॉक्टर मनस्वी गौतम ने बताया कि इस अधिवेशन में राजस्थान के 250 से अधिक मनोचिकित्सकों ने भाग लिया। अधिवेशन में मुख्य रूप से मनोचिकित्सा में कृत्रिम बुद्धि के उपयोग मनोचिकित्सक में कानूनी प्रक्रिया विषयों पर व्याख्यान व शोध प्रस्तुत प्रस्तुत किए गए। राजस्थान साइकाइट्रिक समिति के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान 12 अवार्ड पेपर, वर्कशॉप, 55 शोध पत्र एवं 30 शोध पोस्टर्स तथा पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया।

एस्टोनिया के प्रोफेसर एडुआर्ड मारेन कृत्रिम बुद्धि की तकनीक तथा सामान्य चिकित्सा पर प्रभाव विषय पर, इबहास दिल्ली के निदेशक डॉक्टर निमेष देसाई ने मानसिक स्वास्थ्य कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोचिकित्सा में इंश्योरेंस कंपनियों की भूमिका पर परी चर्चा की दिल्ली से डॉक्टर विशाल छाबरा, मैसूर से डॉक्टर रवनीश विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।



राजस्थान साइकाइट्रिक समिति के 39वां वार्षिक अधिवेशन के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि सांसद मंजू शर्मा का स्वागत डॉ. शिव गौत्तम ने किया।

■ **कांफ्रेंस में 12 अवार्ड पेपर, वर्कशॉप, 55 शोध पत्र एवं 30 शोध पोस्टर्स तथा पैनल डिस्कशन हुआ**

ARBIT it happens here...



## Wife Appreciation Day

No matter whether you have been married for one year, ten years, or 50 years, you need to appreciate your wife. You need to show her how much she means to you. Of course, for some men, this can come naturally. For others, it can be difficult. It's simply because some men don't like to show their feelings or they find it difficult to communicate with them. We feel you, but on *Wife Appreciation Day*, you have the perfect excuse to make sure that your wife knows how much she is appreciated.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
15 September 2024
A-B

#SAVE THE PLANET

# Greenpeace Day

Make everyday changes in your life to help preserve the planet, or volunteer with or donate to Greenpeace to further their cause of planet salvation.



On 15th September, people around the world take a little bit of time out to celebrate *Greenpeace* Day. This is the time to release that inner activist and get passionate about helping to improve the state of the planet and its environment.



## History



Greenpeace is a campaign organization for ecological issues that has become an internationally renowned entity over the past few decades. Greenpeace was originally founded by a group of 17 individual activists, located in Vancouver, who protested against offshore nuclear testing that was happening in Alaska on this date, in the year 1971.

Since that time, Greenpeace has become a Non-governmental Organization (NGO) that operates offices in at least 55 countries around the world, including an international coordinating group that functions out of Amsterdam, the Netherlands.

The organization constantly strives to implement their vision of a society, which recognises Earth as an essential life support system, with full awareness that the planet's resources are not infinite and must be protected and cared for.

Greenpeace campaigns range from educating people about various concerns such as the receding ice of the Arctic Ocean, as well as raising awareness for the protection of oceans and rainforests while also working towards nuclear disarmament.

One unique effort, that Greenpeace has been involved with, for almost 50 years is *The Greenpeace Fleet*. Containing three ships, the fleet sails around the world's oceans, raising awareness and fighting for environmental justice. Various activities include obstructing nuclear testing in the Pacific Ocean, conducting research on the effects of climate change in the Arctic Ocean, documenting data regarding plastics in the waters, and bringing humanitarian relief to people and communities who are devastated by extreme weather situations.

To recognise the contribution made by the organisation, which came out of such humble roots (yet, now boasts 2.9 million members), Mayor Gregor Robertson of Vancouver has pronounced September 15th as Greenpeace Day. In this Pacific Northwestern city, celebrations include a free family-friendly outdoor festival, tree planting, workshops on activism and many other earth focused activities.

But the celebration of the day certainly isn't limited to those living in Vancouver or the Pacific Northwest. In fact, anyone from anywhere, all over the earth, can take part in the celebration of Greenpeace Day!

## Making Everyday Changes to Help the Earth

Be green in the home and out and about by switching off unnecessary light bulbs and throwing that empty wrapper on the street in the bin. Consider these and other ideas for saving the planet, not only on Greenpeace Day, but *every day*.

- Be sure to take advantage of all of the opportunities to reuse and recycle items before just tossing them out.
- Set up a compost bin in the backyard to help minimize the amount of waste that ends up in landfills, and use it to fertilize the garden.
- Conserve water by taking shorter (and fewer) showers, turning the faucet off while brushing your teeth or shaving, checking the toilet for leaks and generally, just paying more attention to how much water is used.
- Save the earth while shopping by choosing products that are earth-friendly (especially vegetarian and vegan), avoiding plastic packaging, and making use of reusable shopping bags.






Compiled by Divij Sharma | Edited by Anjali Sharma

PART:2

# Good Bye To Dear "Golu"



The smiles say it all! Generations of students have been inspired by RD.



Quite often the life of the party until well into his eighties.



Horse riding was either introduced or revived in many schools under RD's initiative

## "A legend in our Life times," A 'role model'



RD Singh Poonch and Asha Kumari Palaitha.



The young family.

**Shiv Dayal Srivastava**



Principal Commissioner, Income tax (Retd.)
Class of 1974
Doon School

A kind-hearted gentleman, a towering personality, a pedagogue 'par excellence' and a sportsman 'non pareil,' if you conjure all this in one persona, you have the right measure of a friend, philosopher and guide, Late R. D. Singh Sir, Principal, Mayo College, House Master Doon School and Principal of Yangchenphug Central School, Bhutan, who moulded young impressionable minds into mature gentlemen, who made a mark and earned a name, worthy of stature in society, to the grounding they received at the hands of 'R. D. Sir.'

I was lucky to see Sir 's imposing personality in 1967-68, when as a student of Welham Boys' School, Dehradun, he came to meet his ward Bhavani Singh, my classmate, whose Local guardian he was.

His fair, tall frame with a sturdy physique, sharp eyes and confidence exuded a charm which captivated and evoked a deference that was spontaneous.

I was only keen to enter his tutelage and that fortified my efforts to clear the 'Common Entrance Test' and get admitted to 'The Doon School' to be taught by Sir.

Joining 'Doon School' in 1970 and having *Sir* as our History teacher was a wish come true and the beginning of a lifelong association, which then I did not foresee would evolve from a Teacher-student relationship to that of fraternal 'bon homie,' originating from school days spent together and now walking side-by-side as teammates on the Rambagh Golf Club or at Ashok Club, enjoying a relaxing evening. Sir was idolized by the students' fraternity for his multi-faceted personality that saw him excel on the games field, extra-curricular activities, Wildlife Conservation Society, 'Ghural,' the school Mountaineering Club etc. and above all, as a strict disciplinarian with a no-nonsense approach.

Cricket, Hockey, Football and Squash rackets were games that Sir dominated and the ease with which he hit boundaries and scored goals made him the 'role model' for us students to emulate and equal his prowess at sports.

It is said that in the Annual Students v/s Teachers Cricket match in Doon School, Sir had an unequalled record of having hit a six in each of those matches!!

Sometimes, I got a chance to play squash rackets with Sir and his foot work, 'parallel shots' and 'low drops' just inches above the board were unplayable and left me stranded midway on the court, but the deft shots and my stretched limbs, trying to return it, even now rekindle memories of healthy sportsmanship.

'R. D.' Sir was an avid reader of both 'Time' and 'Newsweek' magazines because whenever I met him in the Library, he was engrossed reading them and naturally, I took to reading both these magazines, being inspired by Sir.

In fact, Sir conducted the school Annual General knowledge exam and some questions on International current affairs sprung from these two magazines, which I could answer easily.

Later, I decided to pursue science stream from Class X, and thus, our classroom interaction ended but in school, the games field, Library, Central Dining Hall and school functions gave ample opportunities to be in constant interaction with Sir.

School days, especially in boarding school, bring both teachers and students very close and the community is an 'extended family' and I remember both his sons, Sahdev and Soumyadev as 'kids,' sometimes, taking them by their fingers to help cross the main field! Years later, meeting Sahdev in St. Stephen's College as an adolescent studying with my younger brother was rejuvenating, making me feel younger by the years. 'R. D.' Sir's Jeep was also an attraction, open and having the 'game net' at the rear, it symbolized his adventurous spirit and love for outdoors.

I completed schooling in 1974 and moved on from Doon School to join College, and later Law Faculty, Delhi University, and then joined the Indian Revenue Service, which brought me to Jaipur in 2000-01.

This renewed our association, our old school ties and years spent together in Doon School catalyzed the old familiarity instantly, and within no time 'R. D.' Sir, in his usual inimitable style, was now calling his 'former student' fondly as 'Commissioner *saheb*' and I, with the usual deference, telling everyone that, it required quite an effort, chastising a naughty student or reprimand on Sir's part, to mould me into a person worthy of being in his company and stand before him as a younger brother, whom he had set on a steady course to 'toil and achieve.' 'R. D.' Sir recommended me as Member for Rambagh Golf Club and Ashok Club and so much so that I played Golf with Sir to fix my handicap!

Our daily early morning meetings at Rambagh Golf Club for nearly seven to eight years, conversations over steaming hot cups of tea and Sir's repartees are some of my most treasured moments, especially his recounting one incident when a dignitary from Bhutan was visiting him in Jaipur and on seeing the traditional *Rajasthani* folk dance 'Ghoomar,' he was so impressed that he too joined, and continued dancing and had to be requested to stop as all other dancers were by then exhausted and breathless!!

These shared times gave strength and joy for basking in the sunshine of the ages old *'Guru-Shishya parampara'* and which was further accentuated when my son Siddhant, then a student of S. M. S Vidyalaya, won the Best Speakers award at the Annual Gibson Memorial Debate at Mayo College. Sir's happiness knew no bounds because he revived it as Principal, Mayo College, and now one of his student's son had won the trophy.

The days of my Jaipur posting can never be forgotten and Rambagh Golf Club evokes rich memories of a charm and the spell it cast is everfresh and inseparable from my persona.

As the years passed by Sir's health was slightly indifferent and one morning at Rambagh Golf Club while playing, he felt weak and unsteady and Sudhir Kasliwal immediately rushed Sir to the nearest hospital, and the timely medicare restored Sir to good health. Even now, 15-20 years later, Sudhir and I recount this incident and I always commend him for his presence of mind in rushing straight to the hospital from the Golf course.

Such incidents brought us even closer and our daily routine meetings were just like before, when in school, I met and greeted Sir everyday. My promotion in 2007 meant that I had to move on from 'Pink City' to the metropolis of Mumbai, and naturally, that ended our daily interaction but whenever I was in Jaipur, I never left without meeting Sir or speaking to him.

Sir's genuine warmth, affection and concern for his 'flock,' the vast majority of students, that came under his tutelage and whom he groomed into respected members of society, are a living testimony to his ceaseless efforts and sacrifice in shaping the formative years of school children, who would go on to serve society 'with integrity, honesty and impartiality, and become torchbearers to future generations.

This is the culmination of a 'life of toil, dedication and single minded pursuit of excellence' which the 'Guru' instills, to be a 'role model' for the community.

Sir, you personified these virtues and imbued us with the same desire, to live with honour and dignity and better the best.

In your passing away and moving on to your heavenly abode, we are deeply saddened by the void that you leave behind, but the 'beacon,' that you are will, shine bright from the heavens and in the evening sky, your 'aura' will be the brightest and if I can sum up pithily, it will be 'Aura Indica.' 'Gurus' are immortal for the footsteps they leave in the sands of time, inspire generations and to live in our hearts is in itself 'unending.'



**R. D. Singh**

#REMEMBERING

## Memories

R. D. Singh *saheb* was a thorough gentleman. Most respected teacher of our times. I do remember him, especially when he returned to school after marriage to his most beautiful wife, Asha.



She too joined us for lunch in Kashmir House. R. D., as we fondly called him, was always ready and enthusiast on sports field, cricket, hockey or football. He loved life to the hilt. He will be remembered in our hearts forever. In reverence

**-Amrendra *'Twiny'* Singh**

## R.D SINGH, OUR NEPHEW "GOLU"




**Pratap Singh Kunadi**
ex-DGP Police, Madhya Pradesh

R. D. Singh had a close connection with the Kunadi family. His mother was from Kunadi. Rani Saheb Manak Kanwar, R.D's mother, was the eldest daughter of Raj Chandra Sen ji of Kunadi. She was married to Maharaj Padam Deo Singh Ji of Poonch.


R.D. Singh had four sisters and a brother. He was the second eldest amongst the siblings. By convention and tradition in Poonch, R.D. Singh had honorific appellation as 'Teeka Saheb.' However, his pet name 'Golu' and it was by this name he was called in Mayo College by his contemporaries. R.D. Singh joined Mayo College in 1942. So did Balbhadra Singh Kunadi. Lt. Gen. Ajai Singh followed a year later and myself in 1944. Maharao Brijraj Singh ji joined Mayo College later and was in the same class with R.D. Singh. It is interesting that at one time we all, and Karan Singh Pipalda, were in the same dormitory in Kotah House. The partition and independence of our country proved calamitous to the family of R.D Singh. When Pakistani 'Raiders,' attacked Kashmir, the family narrowly escaped from Poonch. They came to Kunadi and never went back. Their palatial house was secured by the army, and as I understand, continues as an Officer's Mess.

They stayed with us for nearly five years, and in 1952, moved to Dehradun. R.D. Singh was a close companion of Maharaj Brijraj Singh ji and accompanied him on Tiger shoots of Maharao Bhim Singhji, the father of Brijraj Singh Ji. The other sports of those times were geese and duck shoots. With a shotgun, R. D. Singh was handy, a very good shot. He was a keen fisherman and could take risks. Before he moved to Bhutan, he, at times, used to come to Kunadi for fishing and shooting ducks and snipes. Once, we went fishing upstream of Chambal at a place called Bhanwar Khoh. It is a big *nallah* with precipice where it joined the river. It was autumn. The nallah still had a good water and flow. The water of the river was clearing after monsoon floods, but water level had gone down. One had to get down the precipice to cast. R.D Singh managed to get down on a narrow ledge, which was a few feet above the deep flowing waters of Chambal. On his third cast, he hooked a thirty-pound Siland. The fish, in its favour, had the current and gave a tough fight. Luckily, we were carrying a landing net and could reach down and get the fish out and R.D Singh managed not to tumble into the river!! He was, by nature, jovial, warm and benevolent. He was game for almost anything. A highly talented person, he was always supportive and an inspiring leader. His memories are deeply embedded in my memories.

## 'He'll continue to be a part of me'



RD and Asha - the newlyweds in Jammu and Kashmir.



RD always kept pet dogs.

**Sanjay Khati**



Principal, Mayoor School, Ajmer

The passing on of R.K. Rajendra Deo Singh Ji of Poonch on 27th August' 24 marks the end of an era, leaving a void that is deeply personal to me. I had the unique privilege of knowing him not only as a distinguished leader but as my first Chairman at Mayoor School. His presence shaped my early years as Principal, and his influence on my life and career remains profound.

One of my earliest memories with him goes back to 2009, during our first meeting. With a single glance, Sir quipped that I was an English teacher. Little did I know then that this astute and erudite individual would become a guiding force in my professional journey. His conversations with me always used to be replete with insights, quick repartee, and his ever-present, deadpan sense of humour, things I would now cherish as his fondest reminiscences.

It was soon after I joined Mayoor School as Principal that my wife and I visited him in Jaipur. I was deeply impressed by his quick wit, subtle humour, and commanding grasp of language. Sir's self-deprecating humour, his self-effacing demeanour and his ability to downplay the vagaries of life can only come from a person who is well-read, well-travelled and most importantly, the one who has soaked in life.

For me, Sir was a mentor and a firefighter at Mayoor. In my early years as Principal, I made my share of mistakes, but he was always there, steadfast, supportive, and ever-ready to offer guidance. His warmth and affection towards me were palpable and comforting when he said that I was "his kind of man." Always at it, he would call me up, guiding me on what needed to be done when it came to the affairs of the School and I fall short of words in conveying how much he would be missed.

Sir's love for literature and education was something I admired greatly. His stories about his time at The Doon School and his experiences in Bhutan are still fondly remembered by my staff. He had a knack for weaving these anecdotes into conversations, making every interaction with him a learning experience. His involvement in our School's publications and his delight in reading them demonstrated his enduring passion for language, a passion that I could see had passed on to his son, Sahdev Singh Ji, who continues to uphold his legacy.

One moment that stands out is when, despite his frail health, Sir graced us with his presence at the inauguration of our Phase II Academic Block. Needless to say, he endeared us once again with his address to the Staff.

The personal moments that I shared with him are too many to count, but a few will remain etched in my memory forever.

His retorts when I mentioned that I'm a deer in the headlights (alluding to my new responsibility at Mayoor), or the one about my penchant for cycling, are memories that make me miss him all the more.

But the one when his portrait that my wife and I presented to him, distinctly stands out as a stark reminder of the dark humour he expertised in. As he held the portrait, he commented with a wink that we would need this soon! I can't help but wonder, if he had the premonition that his end was near.

It pains me that I got stuck up in traffic and couldn't say my final goodbye to Sir but could only have a quiet moment with him at his Cremation Site. But I would certainly not like to remember him that way. I'd prefer to celebrate the legacy, the legend, the linguist that we all fondly love as R.K. Rajendra Deo Singh Ji of Poonch.

I say this with a heavy heart that I've lost a father figure, a leader, and dare say, a dear friend. He'll continue to be a part of me.

## 'The All-Rounder' Gone!

**Apurv Kumar**




MD Clarks Group of Hotels
Rajasthan Regional Representative of Doon School Old Boys Society

We are deeply saddened to announce the passing of Mr. R.D. Singh, a revered and respected Master at The Doon School, on the 27th of August, 2024. Born on the 20th of October, 1934, Mr. Singh was a distinguished scholar and sportsman whose influence and guidance shaped the lives of countless students.

Mr. Singh's academic journey began at Mayo College, Ajmer, where he completed his Senior Cambridge. His exceptional abilities were recognized early when he was awarded the President's Medal as the Best All-Round Boy at Mayo in 1950. He continued his education at D.A.V. College, Dehradun, earning degrees in History, English Literature, and Sociology, followed by a MoA in History from Agra University in 1957, specializing in Medieval India. In 1957, Mr. Singh began his teaching career at his alma mater, Mayo College, before joining The Doon School in 1959. For nearly two decades, he served the school with unwavering dedication, particularly in the History Department, where he inspired students with his profound knowledge and passion for the subject. His tenure at The Doon School was marked by his role as Head of the Department of Humanities and as Housemaster of Hyderabad House. Beyond the classroom, Mr. Singh was a celebrated sportsman who played major games for both school and college. At The Doon School, he ran the Soccer and Squash programs and contributed to the First Aid and Duke of Edinburgh's Award Scheme. As Chairman of the Games Committee from 1968 to 1972, he played a pivotal role in shaping the school's sports culture. Boys often recall seeing him drive out of the campus with his golf bag on the rear seat, as he was a passionate golfer as well. Mr. Singh's legacy is one of excellence, dedication, compassion and equanimity. He was not only an educator but also a mentor and friend to his students, known for his engaging conversations and ability to connect with everyone he encountered. His impact on the lives of those he taught and worked with will be remembered for generations to come. Mr. R.D. Singh will be profoundly missed, and his spirit will live on in Chandbagh and in the hearts of all who had the privilege of knowing him.

rajeshsharma1049@gmail.com

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हरियाणा से लाकर अवैध डीजल व पेट्रोल बेचने वाला गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से साढ़े तीन सौ लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने देर शाम को हरियाणा से लाकर क्षेत्र में डीजल व पेट्रोल की खरीद फरोख्त करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से साढ़े तीन सौ लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद किया है।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि सिंघाना थाना क्षेत्र पड़ोसी राज्य हरियाणा से सटा हुआ है। जिस पर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शिकायत मिली कि पड़ोसी राज्य में पेट्रोल व डीजल के दाम कम होने पर अन्य क्षेत्र में अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने विशेष टीम का गठन कर अवैध रूप से तेल की तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के तहत सूचना मिली की थाना क्षेत्र के भैसावता कलां में अवैध रूप से पेट्रोल व डीजल की खरीद फरोख्त की जा रही है। इस दौरान पुलिस की टीम ने भैसावता कलां में दबिश देकर भैसावता कलां निवासी योगेश कुमार उर्फ मोंटी पुत्र श्रवण शर्मा को हिरासत में लेकर तेल के बारे में पूछताछ की तो तेल पड़ोसी राज्य से अवैध रूप से लाया गया होना पाया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेश कुमार उर्फ मोंटी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 380 लीटर डीजल व 41 लीटर पेट्रोल बरामद किया है। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस टीम में डीएसपी नोपाराम भाकर, थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एएसआई इंद्राज सिंह, कांस्टेबल आशाराम, सुशील, विकास, विजेंद्र, आनंद, रमेश कुमार आदि शामिल थे।



सिंघाना पुलिस ने डीजल व पेट्रोल की खरीद फरोख्त मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

## वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में वृद्ध ने अपने मकान पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर में सुखेर थाना क्षेत्र 406 राजलक्ष्मी अपार्टमेंट न्यू भुपालपुरा निवासी कुंजबिहारी (76) पुत्र मनोहरलाल जोशी ने अपने मकान की छत पर लोहे की सीढ़ी पर फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंचकर उसे फंदे से नीचे उतरवाकर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाया है। कुंजबिहारी अपनी पत्नी के साथ रहता था, एक पुत्र अमेरिका एवं पुत्री सीकर में है। जिन्हें सूचना दी है उनके आने पर पोस्टमार्टम होगा।

वहीं शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में युवक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सवेरे गोवर्धन विलास चणबोरा तिराहे के समीप नीम के पेड़ पर काया फला फाटा दरा निवासी प्रकाश (23) पुत्र बाबूलाल कटारा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल मौहनलाल ने शव को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के आने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# एकादशी के बैवाण पर मस्जिद के बाहर पत्थरबाजी से रोष



बैवाण पर हुई पत्थरबाजी मामले में विधायक गोपीचंद मीणा धरने पर बैठ गये।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा के जहाजपुर क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी के जल विहार करने जा रहे बैवाण पर जामा मस्जिद के बाहर हुई पत्थरबाजी से लोगों में भारी आक्रोश हो गया। इससे गुस्साये लोग मस्जिद के पास धरने पर बैठ गये।

जानकारी के अनुसार जहाजपुर किले से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जलझूलनी एकादशी पर भगवान पिताम्बर राय भगवान का बैवाण निकल रहा था।

■ **घटना के बाद विधायक धरने पर बैठे**

इस दौरान बड़ी जामा मस्जिद के सामने भगवान की जयकार लगाने के बाद विवाद हो गया, जिस पर समुदाय विशेष के लोगों ने मस्जिद से पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया। वहीं घटना एक युवक घायल हुआ है। इस घटना जानकारी के बाद विधायक गोपीचंद मीणा मौके पहुंचे और घटना की निन्दा की और मौके पर धरने पर बैठ गये। घटना के बाद पीतांबर राय श्याम के जलझूलनी एकादशी बैवाण को महाराज साहब की हवेली में सुरक्षित रखवाया गया है। देर शाम तक लोगों में विरोध जारी था। लोगों की मांग है कि जिन शरारती तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है उनको तत्काल गिरफ्तार किया जाए। वहीं घटना के बाद जहाजपुर के बाजार बंद है। प्रशासन फिलहाल समझाइश के प्रयासों में जुटा हुआ है।

# आलमपुर बांध की मोरी अज्ञात द्वारा खोलने से खेत जलमग्न

## बांधों पर चौकीदार नहीं होने से खोली जा रही है मोरी

**पहाड़ी/डीग/भरतपुर,** (निसं)। उपखण्ड के पहाड़ी तहसील के गांव आलमपुर के बांध की समय से पूर्व मोरी खोल देने से किसानों की फसल चौपट हो रही है। शिकायत के बाद विभाग के कर्मी अनजान बने हुए हैं।

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग के आलमपुर बांध में लगातार वर्षा का पानी आ रहा है। जिसकी मोरी को बंद कर दिया गया था क्योंकि बांध में पानी रोकने की क्षमता 6.20 फीट है। हर वर्ष किसान को पानी की आवश्यकता होने पर अक्टूबर माह में सिंचाई के लिए बांध की मोरियां खोली जाती रही हैं। जिसकी सुरक्षा के लिए चौकीदार तैनात रहता है, लेकिन अज्ञात समाजकंटक ने अपने निज स्वार्थ के चलते मिलीभगत कर तीन बार बांध की मोरिओं को खोल दिया है। जिससे सैंकडों किसानों की फसल पानी में डूब जाने से गल रही है।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग के कनिष्ठ अभियंता से पहली बार कर दी थी। उसके बाद भी दो बार मोरी खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। सिंचाई विभाग द्वारा बांध की मोरी बिना परमिशन के खोलने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाही नहीं करने से किसानों में रोष व्याप्त है।

एस के सहरावत कनिष्ठ अभियंता ने बताया है कि बांध की अज्ञात व्यक्तिओं द्वारा मोरी खोल कर पानी को निकाल दिया गया है। बांध पर सुरक्षा के लिए कोई कर्मी नहीं रहता है। अभी मोरी बंद कराके आ रहा हूं। पूर्व में मोरी खोलने पर ग्राम पंचायत के सरपंच को बता गया था लेकिन अज्ञात व्यक्ति ने फिर मोरिओं को खोल दिया है। पानी की मोरी खोलने के मामले की रिपोर्ट पहाड़ी थाने में कराई जा रही है।

## नकदी व जेवर लूटे

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र में स्थित मकान में घुसे चोर दंपती के साथ मारपीट कर नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़गांव थाना क्षेत्र पिक पर्ल काम्प्लेक्स के पीछे बड़गांव निवासी श्यामसुन्दर चौबीसा पुत्र दुर्गाशंकर के मकान का 13 सितंबर तड़के किवाड़ तोड़कर अंदर घुसे चोर सोने की चेन, अंगूठियां, लोकेट, कुण्डल सहित करीब आठ से दस तोला सोने के जेवरात, चांदी की पायल, पूजन के सिक्के तथा 40 हजार रूपये नकदी चुरा ले लिए। इस दौरान जाग होने पर विरोध करने पर बदमाश श्यामसुन्दर, उसकी पत्नी तथा पुत्र युवराज के साथ मारपीट कर फरार हो गए। बदमाशों की संख्या तीन बताई गई। जाग होने से पहले बदमाश जेवरात व नकदी बाहर ले गए। इसी दौरान जाग होने पर तीसरे बदमाश भागने के लिए हमला कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी की लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा।

# बून्दी स्टेशन पर यात्री गाड़ी के दो कोच पटरी से उतरने की सूचना से हड़कम्प

**कोटा,** (निसं)। मंडल के बूंदी स्टेशन पर14 सितम्बर को रेलवे में होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर रेलवे में जानमाल की क्षति की रोकथाम एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे एवं राज्य सरकार की आपदा प्रबन्धन एजेन्सियों की संरक्षा के प्रति जागरूकता व सजगता को परखने हेतु 6वीं राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल बटालियन की टीम एवं रेलवे विभाग की टीम द्वारा संयुक्त फुल स्केल मॉक ड्रील अभ्यास का आयोजन किया गया।

■ **रेलवे एवं एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त सफल मॉक ड्रिल अभ्यास किया**

मॉक ड्रील अभ्यास के अंतर्गत काल्पनिक दुर्घटना का घटनाक्रम दर्शाया गया एवं घटना से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों का कौशल दक्षता जांचने हेतु एनडीआरएफ की टीम के साथ रेलवे में होने वाली आपदाओं से किस तरह निपटा जाए इसका संयुक्त अभ्यास किया गया। संयुक्त अभ्यास के अंतर्गत काल्पनिक गाड़ी संख्या 02945 डाउन के एक स्लीपर एवं जनरल कोच अवपथित होकर एक-दूसरे के ऊपर चढ़ना दर्शाया गया व 15 व्यक्ति चोटिल एवं 4 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिसकी सूचना बूंदी के ऑनडयूटी स्टेशन मास्टर द्वारा समय 6.50 बजे कंट्रोल ऑफिस कोटा को प्राप्त होने पर डीआरएम मनीष तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी सड़क मार्ग द्वारा एवं चिकित्सा टीम के अधिकारी दुर्घटना राहत गाड़ी से घटना स्थल पर पहुंचे। साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं रेलवे कर्मियों द्वारा बोगियों में फंसे घायल यात्रियों को निकालने व चिकित्सा मुहैया कराने का अभ्यास किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के पश्चात घटना को समय 8.20 बजे विनोद कुमार मीना-वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, कोटा द्वारा मॉक ड्रिल घोषित किया गया।

राज्य सरकार की बून्दी जिले के एच.आर.डी. सिंह-सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट एवं अमर सिंह राठौर, पुलिस उप अधीक्षक सहित आपातकालीन आपदा प्रबन्धन से जुड़ी एजेन्सी जैसे एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा, फायर ब्रिगेड सेवा, चिकित्सा एजेन्सी, सिविल पुलिस इत्यादि भी अभ्यास में सम्मिलित हुए। मॉक ड्रिल के इस अभ्यास में एनडीआरएफ. की टीम का नेतृत्व ई/6, अजमेर कंपनी के डिप्टी कमांडेंट योगेश कुमार मीना द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य रेलवे एवं राज्य सरकार की आपदा के समय आपदा प्रबंधन से जुड़ी टीमों की सजगता, सतर्कता एवं समय पालन को परखना एवं पाये गए दोषों एवं कमियों को सुधारना है।

# ९९ लाख के गबन के मामले में दंपती गिरफ्तार

## पुलिस ने 2 साल बाद गिरफ्तार किया, जबकि यह दंपती अलवर शहर में ही रह रहा था

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित एसबीआई शाखा महल चौक से 99 लाख रुपए का गबन करने वाली बैंक की बाबू निक्की सेठी व उनके पति योगेश कुमार को पुलिस ने 2 साल बाद गिरफ्तार किया है। जबकि यह दंपती अलवर शहर में ही रह रहा था। बैंक की बाबू ने 99 लाख रुपए फर्जी वाउचर के जरिए 20 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए थे। यह घटना 6 सितंबर 2022 का मामला है।

■ **बैंक की बाबू ने 99 लाख रुपए फर्जी वाउचर के जरिए 20 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किये थे**

कोतवाल नरेश शर्मा ने बताया 6 सितंबर 2022 को एसबीआई महल चौक बैंक मैनेजर अंशुमन ने थाने पर उपस्थित होकर मामला दर्ज करारा था कि बैंक में पद स्थापित निक्की सेठी पार्किंग खाता की इंचार्ज थी। जिसने फर्जी वाउचर बनाकर बैंक के 99 लाख 44 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए। ये अधिकतर खाते उनके परिवार वाले और मिलने वालों के हैं। जिनमें पैसे ट्रांसफर किए गए।

महिला के पति योगेश को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी स्कीम नंबर 10बी हाउसिंग बोर्ड दीवान जी के बाग के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को सूर्य नगर स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया है। अब दोनों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया है।



पुलिस ने गबन के मामले में दंपती को गिरफ्तार किया।

# सोना गिरवी रखकर 30 लाख का लोन उठाया, जांच में सोना कम निकला

**अजमेर,** (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में गोल्ड लोन देने वाली एक कंपनी के साथ खोटा सोना (कम सोने के जेवरात) गिरवी रखकर 30 लाख रुपए का लोन उठाने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि गोल्ड लोन देने वाली कंपनी के मैनेजर पहाड़ गंज निवासी कुश शर्मा पुत्र योगेश शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह बजाज फाइनेंस लिमिटेड शाखा कचहरी रोड अजमेर में मैनेजर है। 10 सितम्बर को विकास नायक पुत्र विष्णु नायक, निवासी पीलीखा लोहाखान अजमेर निवासी जेवरात लेकर लोन के लिए आया। जेवरात देखने के बाद शक हुआ कि आभूषण को बनावटी तरीके से बड़ा दिखाया गया था, जिसमें सोने की मात्रा कम थी। हमारे कर्मचारियों ने उससे पूछा तो उसने सोना अपना और ससुराल से मिलना बताया।

■ **मैनेजर ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया**

पुलिस को शिकायत की तो उसने यह आभूषण हरिओम सोनी का बताया एवं बताया कि उसने यह सोना बजाज फाइनेंस गोल्ड लोन में रखने के लिए कहा है। इसके बाद शाखा में जांच की तो पाया कि हरीराम सोनी ने पौने तीन लाख, योगेश अग्रवाल ने करीब ढाई लाख, मुकेश कुमार सोनी 24 लाख का लोन लेकर सोना गिरवी रखा। इन आभूषण हमने बाहरी वेल्यूअर से वेल्यूएशन करवाई थी तो पता चला कि ये आभूषण भी बनावटी तरीके से बनाए गए और सोने की मात्रा कम है। धोखाधड़ी कर लोन लेने के आरोप में चारों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को बनाया निशाना

## चोरों ने दो सगे भाइयों के बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी की

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा आज तक हुआ ही नहीं कि चोरों ने पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए एक ही रात्रि में तीन घरों के ताले तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि में कस्बे के वार्ड 7 में दो सगे भाइयों के बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। आस-पास में बने बड़े भाई कन्हैयालाल दर्जी व छोटे भाई गोपाल दर्जी के मकान के चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे। दोनों भाई कस्बे से बाहर गए हुए थे, मकान बंद था। चोर दोनों मकानों के कमरों व अलमारियों के ताले तोड़कर सोने चांदी के सामान चुरा कर ले गए। दोनों भाई के बड़े भाई नत्थमल दर्जी ने बताया कि घटना की रात्रि में एक भाई कन्हैयालाल जयपुर गया हुआ था, दूसरा भाई गोपाल परिवार सहित आंखों का ऑपरेशन करवाने बीकानेर गया हुआ था। दोनों घरों में अज्ञात चोर क्या क्या सामान चुरा कर ले गए हैं, दोनों भाईयों के आने के बाद ही पता चलेगा।

■ **पुलिस मोहल्ले में लगे आसपास सीसीटीवी खंगाल कर चोरों का पता लगाने में जुटी**



चोरी की वारदात के बाद सामान बिखरा पड़ा है।


वहीं कस्बे के वार्ड 4 स्थित श्रवण पुत्र गणपत स्वामी के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मुख्य दरवाजे व कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर का मालिक श्रवण परिवार सहित दिल्ली होने से पता नहीं चला चोर क्या क्या चुरा कर ले गए हैं, आने पर ही पता चलेगा। चोर तीनों घरों में चोरी करने के बाद कपड़े व अन्य सामान कमरों में बिखेर कर चले गए। चोरी की घटना का पता चलने पर एएसआई रतनलाल लुहार घटना स्थलों पर पहुंचकर आस-पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं लगा। पुलिस मोहल्ले में लगे आस पास सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर चोरों का पता लगाने में जुटी है।

# खेत में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैली

## कंकाल मिलने की जगह के पास ही पेड़ पर एक फंदा भी लटका मिला



बिलोची स्थित बावड़ी की ढाणी के एक खेत में नर कंकाल मिला।



खेत में नर कंकाल मिलने की सूचना पर पुलिस ने जांच की।

**आमेर/मानपुरा-माचेडी,** (निसं)। दौलतपुरा थानांतर्गत बिलोची गांव स्थित बावड़ी की ढाणी में शनिवार दोपहर एक खेत में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। कंकाल मिलने की जगह के पास ही पेड़ पर एक फंदा भी लटका मिला। बाजरा काट रही महिला फंदे पर लटकी शर्ट व नीचे पड़े कंकाल को देखकर चिल्लाने लगी। इस पर लोगों को पता चला। दौलतपुरा थाना पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए कंकाल को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।

दौलतपुरा थानाधिकारी मनीष शर्मा ने बताया कि बिलोची स्थित बावड़ी की ढाणी के एक खेत में नर कंकाल मिला है। खेत में बोए बाजरे की फसल की कटाई चल रही है। दोपहर को खेत में महिलाएं बाजरा काट रही थी। बाजरा काटते समय खेत में लगे बबूल के पेड़ के पास पहुंची। पेड़ के करीब छह फीट ऊंची डाल पर फंदे पर एक शर्ट लटकी दिखाई दी। नीचे जमीन पर देखने पर नर कंकाल पड़ा मिला। कंकाल को देखकर महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। खेत में नर कंकाल मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर दौलतपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए कंकाल को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया हैं। पुलिस का मानना है कि नर कंकाल करीब 20-25 दिन पुराना है। प्रथमदृष्टया जांच में गले में फंदा लगने से मौत होना लग रहा है। कंकाल के पास पड़े मिले कपड़ों से मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

■ **दौलतपुरा थाना पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए**

■ **कंकाल के पास पड़े मिले कपड़ों से मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं**

## संक्षिप्त

### फसल खराबे के मुआवजे की मांग

**मनोहरपुर,** (निसं)। शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश में अतिवृष्टि से किसानों की फ़सलों में हुए ख़राबे की विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को फसल अनुदान देने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए फसल ख़राबे की विशेष गिरदावरी के आदेश प्रसारित करवाकर प्रदेश के अन्नदाताओं को फसल ख़राबे का अनुदान देने के आदेश फ़रमाकर किसानों को अनुग्रहीत कराये, जिसके कारण प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल मिल सके।

### हिंदी दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

**नारायणपुर** (निसं)। कस्बे के कोलाहेडा मोड पर स्थित साइंस गुरुकुल सीनियर सैकण्डरी स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदी के व्याख्याता रामकुमार यादव व कैलाश शर्मा द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस के बारे में बताया गया। विद्यालय द्वारा पूर्व में आयोजित परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था प्रधान विजेंद्र सिंह शेखावत ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम योगी ने किया। इस मौके पर कोर्डिनेटर महेंद्र सिंह नरुका, प्रदीप चौधरी, कैलाश शर्मा, सौरभ जांगिड, कृष्ण सिंह, मोहन लाल मीणा, हरेन्द्र सिंह, जसवंत यादव, रोशन लाल, मुनेश कुमार सैनी, किशन लाल सैनी, अंकित शर्मा, रिंकू स्वामी, प्रवेश कुमार, संतोष गोठवाल, सुंदर सिंह सहित बडी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### हिन्दी दिवस मनाया, श्रमदान किया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक टोंक डॉ. सीएल मीना एवं कार्यक्रम अधिकारी सुमन द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रथम सत्र में स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा आंतरिक परिसर में मिट्टी का समतलीकरण एवं साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व, माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, रिपब्लिक डे परेड में राष्ट्रीय सेवा योजना की सहभागिता, युवा भारत पोर्टल आदि के बारे में जानकारी दी। तृतीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थियों के जुडाव को बढाने के लिए प्रेरित किया गया। अंतिम सत्र में हिन्दी दिवस मनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहें। ०9 निवाई- महाविद्यालय में एडमिशन में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा के विद्यार्थी।

### वैष्णव ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिले के सभी वैष्णव ब्राह्मण समाज की एक सामूहिक बैठक सीता माता रोड वैष्णव समाज के छात्रावास पर रविवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुदामा दास बैरागी ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले के सभी समाज बंधुओं की बैठक रविवार को प्रातः 10 बजे वैष्णव ब्राह्मण समाज छात्रावास सीता माता रोड सवाई माधोपुर में आयोजित की जा रहे।

### महाविद्यालय में मनाया हिन्दी दिवस

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के जीडीएमएल पटवारी पीजी महिला महाविद्यालय में हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्या डॉ सुमित्रा गुप्ता ने मुख्य अतिथि पवन कुमार शर्मा विनोद कुमार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व दिलीप शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं आतिथ्य स्वागत पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्राओं द्वारा लघुनाटिका, स्वरचित कविता, अन्त्याक्षरी, वाद-विवाद, कहानी की प्रस्तुति दी। अतिथि पवन कुमार द्वारा हिन्दी राजभाषा के मुख्य सोपानों पर आकर्षित कराते हुए छात्राओं को पाँच मुख्य बिन्दुओं सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण, शिष्टाचार, स्वदेशी से जुडे रहने के साथ स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। दिलीप शर्मा एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार द्वारा मां अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जीवन में हिन्दी भाषा का महत्व बताया गया।

# सरकार की जल नीति और प्रबंधन में सहयोग करें, जल है तो जीवन है : कलेक्टर



जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सहजमल की पहाड़ी के जोहड़ पर पूजा अर्चना कर जल उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जोहड़ के पास एक पेड़ मां के नाम पर लगाकर किया।

■ प्रमुख जलाशयों पर जल उत्सव कार्यक्रम, लोगों की रही भागीदारी

**खैरथल,** (निसं)। राजस्थान सरकार की ओर से जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए राजस्थान जल महोत्सव-2024 के तहत शनिवार को ग्यारस पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जिला मुख्यालय खैरथल के सहजमल की पहाडी के जोहड पर पूजा अर्चना कर जल उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जोहड के पास एक पेड मां के नाम पर लगाकर किया।

इस मौके पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ग्रामीणों को जल के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल ही जीवन है। इसलिए पानी को बर्बाद होने से हम-सब को मिलकर रोकना होगा। कलेक्टर ने आमजन से एक पेड मां के नाम पर लगाने का आवाहन करते हुए कहा कि जलाशयों का पानी व्यर्थ नहीं बहे और आसपास साफ सफाई रहे। इस बात का भी ध्यान रखने के साथ जन-जन को जागरूक करने की आवश्यकता है।

जिला कलेक्टर ने कहा इस बार के मानसून सीजन में राजस्थान में बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं। यह स्थिति राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता को दर्शाती है और इसीलिए सरकार ने इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया हैं और जल महोत्सव मनाए जाने के पीछे सरकार का उद्देश्य भी जल के महत्व को समाज में उजागर करना और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के साथ राज्य की जल नीति और प्रबंधन के साथ लोगों की भागीदारी को बढावा देने के लिए है।

उन्होंने कहा जल महोत्सव के तहत जिले के प्रमुख जलाशयों पर सरकार की जल नीति और प्रबंधन को बढावा दिए जाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

इस दौरान आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने लोक नृत्य संगीत और पारंपरिक प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जल का महत्व समझाते हुए जल संरक्षण और प्रबंधन में सरकार की जल नीति व एक पेड मां के नाम पर लगाकर अभियान में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

जल संरक्षण और प्रबंधन पर बच्चों की ओर से आयोजित कार्यक्रम की जिला कलेक्टर ने भूरी भूरी प्रशंसा की और बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

जिला कलेक्टर ने बताया कि खैरथल तिजारा जिले में जल उत्सव कार्यक्रम के तहत जिले के उपखंड मुंडावर किशनगढ़ बास तिजारा और कोटकासिम क्षेत्र के प्रमुख जलाशयों पर जल नीति और प्रबंधन को बढ़ावा दिए जाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों की बडी संख्या में भागीदारी रही और कार्यक्रम से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने अधिक से अधिक लोगों को जोडने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग धर्मेंद्र यादव, समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, सीडीपीओ बिना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, सहायक अभियंता भूपेंद्र सहित जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### महंत स्वामी श्याम भारती ब्रह्मलीन



**राजगढ,** (निसं)। गुरु शिष्य परंपरा के अद्भुत एवं पुरातन केंद्र अवधूत दत्त आश्रम के महंत स्वामी श्याम भारती निर्जला एकादशी पर शनिवार को ब्रह्मलीन हो गए। उनके ब्रह्मलीन होने को लेकर कस्बे सहित दूर दराज के महिला पुरुष शिष्यों में शोक की लहर दौड गई। भारती करीब 75 वर्ष के थे। संत के ब्रह्मलीन होने की सूचना पर कस्बे सहित दूर दराज के शिष्यों में शोक की लहर दौड गई। इधर कस्बे के महिला पुरुष शिष्य व दूर दराज के श्रद्धालुओं का प्रारंभ हो गया। अवधूत दत्त आश्रम की ओर सेवा भावी लोगों का आना जाना लगातार चलता रहा। अवधूत दत्त आश्रम से साधु संतों एवं सैकडों शिष्यों की मौजूदगी में रामधुनी के साथ अंतिम यात्रा सायकाल 4 बजे प्रारंभ हुई। अंतिम यात्रा स्टेशन रोड, सराय बाजार, गोल मार्केट, चौपड बाजार, गोविंद देव जी मंदिर, पुराना पुलिस थाना रोड, पंडित भवानी सहाय स्मारक, अनाज मंडी,जगन्नाथ मंदिर होते हुएआश्रम पहुंची। इस दौरान सभी मंदिरों के महंतो ने आरती उतारकर महानायक को विदाई दी। प्रमुख मार्गो में मकानों की छतों पर महिलाओं ने स्वामी श्याम भारती के अंतिम दर्शन कर भावपूर्ण विदाई दी। अवधूत दत्त आश्रम में साधु संतों की मौजूदगी में विधिवत रूप से ब्रह्मलीन संत स्वामी श्याम भारती को समाधि दी गई। इस दौरान महंत प्रकाश दास महाराज, महावीर दास, अमन भारती महाराज, एवं भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष एवं युवा मौजूद रहे।

### बाबा रामदेवजी की जयंती पर झांकी सजाई



**जयपुर,** (निसं)। जन-जन के आराध्य, वंचितों-शोषितों के उद्धारक बाबा रामदेवजी की जयंती के अवसर पर बस्सी सीतारामपुरा में प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में विशाल भंडारे का अयोजन किया गया। भक्तों ने सहभागी बन कर इस अवसर पर बाबा रामदेव जी की मनमोहक व भव्य झांकी सजाई। भव्य झांकी का भक्तों ने दर्शन लाभ लेकर मन्नत मांगी। इस अवसर मुख्य अथिति के रूप मे सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, सोहन बड़ोदिया, नरेंद्र वर्मा (एसडीएम भीलवाड़ा), अंजू वर्मा (एसडीएम आमेर), मंदिर के पुजारी दीपक वर्मा, बनीपार्क भाजपा मण्डल महामंत्री निखिल वर्मा, अंकित यादव, श्याम यादव, रितिक वर्मा, राहुल गुप्ता, रवि सैनी (पार्षद), जीतू, महेन्द्र सिंह, खुशाल वर्मा, शुभम वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। निखिल वर्मा ने बताया कि इस दौरान मंदिर में प्रसादी चढ़ाकर लोगों को प्रसाद विरित किया और मंदिर में विशाल भंडारे का अयोजन किया गया।

### फार्माकोविजिलेंस पर सेमिनार

**टोंक,** (निसं)। जनसेवा समिति, देवली में शनिवार को फार्माकोविजिलेंस का सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में फार्माकोविजिलेंस के बारे में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में यूनानी फार्माकोविजिलेंस के कोऑर्डिनेटर एवं यूनानी कॉलेज के एसोसिएट प्रो. डॉ. फिरोज खान ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने फार्मोकोविजिलेंस को बढावा देने के लिए योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य औषधियों के प्रतिकूल प्रभावों का दस्तावेजीकरण करने की संस्कृति विकसित करना एवं यूनानी, आयुर्वेदिक, एवं होम्योपैथिक औषधियों की सुरक्षा निगरानी करना है। डॉ. फिरोज खान ने औषधियों से होने वाली छोटे से छोटा साइड इफेक्ट का भी डॉक्यूमेंटेशन करने एवं उसको इंद्राज करने पर जोर दिया। डॉ. ऐमन सिद्दीकी ने कहा कि रोगी एवं आमजन भ्रामक विज्ञापनों से भ्रमित नहीं हो। डॉ. एमन ने कहा कि आमजन भ्रामक विज्ञापनों की शिकायतो को फार्माकोविजिलेंस यूनिट में इंद्राज करवा सकते है। यूनानी कॉलेज एवं यूनानी चिकित्सालय बग्गी खाना टोंक के मीडिया प्रभारी प्रो. सरफराज अहमद ने बताया कि सेमिनार का आयोजन वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रो. सरफराज ने बताया कि सेमिनार में इंटर्न डॉ. मो. शाहरुख, देवली के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीएल जांगिड जनसेवा समिति अध्यक्ष नवल मंगल, घीसा लाल टेलर, सत्यनारायण गोयल, पारस आदि मौजूद रहे।

### 'आरती का थाल सजाओ' प्रतियोगिता आयोजित

**दौसा,** (निसं)। दिगंबर जैन समाज के त्रिशला महिला मंडल द्वारा पर्वधिराज दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत स्थानीय आदिनाथ जैन मंदिर में आरती का थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंडल की प्रवक्ता विधि सेठी ने बताया कि प्रतियोगिता में बडी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। महिलाओं ने धर्म से संबंधित शुद्ध वस्तुओं एवं घर पर हस्त निर्मित सामानों से तीन मंजिल की आरती थाली-51 दीपकों वाली आरती की थाली, कैलाश पर्वत, चीनी से बने दीपक, अक्षत, बादाम, लौंग आदि से थालियां सजाई धर्मावलंबियों में धर्म और धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विधि सेठी एवं रूपा जैन ने निभाई तथा कुसुम खवा और नवीना जैन ने कार्यक्रम का आयोजन किया इस अवसर पर छाया , सुमन , आयुषी , कुमकुम, श्वेता, आरव , नीलम , अवनी , प्रीति आदि ने एक से बढ़कर एक आरती की थालियां सजाई विजेताओं को प्रायोजक पिंकी व ओमप्रकाश की ओर से आगामी कार्यक्रम में पुरुस्कार दिए जाएंगे।

# नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट रोकना हमारी जिम्मेदारी है : विधायक



प्रांतीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

**निवाई,** (निसं)। विद्या भारती संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में जयपुर प्रांत का प्रांतीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह मंत्री संतोषानंद, अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत मेहता, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष विद्या भारती संस्थान जयपुरडॉ. विजय गोयल, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सन्मति चंवरिया सहित अन्य अतिथियों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्या भारती संस्थान का उद्देश्य राष्ट्र का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्या भारती संस्थान पूरे देश में विद्यालयों का संचालन करते हुए भारतीय संस्कृति को आगे बढा रही है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्य में गिरावट आ रही है। इसको रोकने के लिए सभी को कार्य करना होगा। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में हमें राष्ट्र निर्माण के कार्य को आगे बढाने के लिए सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्थान का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान हमें सामाजिक और शिक्षा के केंद्र को आगे बढाना चाहिए। स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया व व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल ने बताया कि प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन में जयपुर प्रांत के 11 जिलों से करीब 350 से अधिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। सम्मेलन शुक्रवार की रात से शुरू होकर रविवार दोपहर तक चलेगा। सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर विद्या भारती संस्थान जयपुर के अध्यक्ष डॉ विजय गोयल, सह मंत्री विजयसिंह फौजदार, कार्यकारिणी सदस्य केसर सिंह नरूका, कोषाध्यक्ष राजेंद्रकुमार शर्मा, वेदप्रकाश कुर्मी, दिनेश बुन्देल, शंकरलाल सैनी, भारतीय शिक्षा प्रचार समिति टोंक जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा, जिला व्यवस्थापक निपुण सक्सेना, जिला सचिव दिनेशकुमार शर्मा, स्थानीय समिति कोषाध्यक्ष पदमचंद स्वामी व संरक्षक हनुमान जैन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सभी का तिलक लगाकर तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# चोरी की वारदातों का आरोपी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**राजगढ,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदातों का शातिर आरोपी हिस्ट्रीशीटर राकेश उर्फ झंडू राजगढ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चुराई हुई मोटरसाइकिल, इनवर्टर एवं बैटरी को पुलिस ने बरामद किया है। थाना प्रभारी रामजी लाल मीणा ने बताया कि 12 अगस्त को माली मोहल्ला राजगढ निवासी ने दर्ज कराया की उसके सूने मकान से 10 अगस्त की रात्रि को अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात एवं 15हजार की नगदी इनवर्टर एवं बैटरी चुरा कर ले गए। चोर उसके भतीजे पंकज की स्प्लेंडर बाइक को भी चुरा कर ले गए। इस सूचना पर टीम गठित कर साक्षय जुटाए एवं चोरी के शातिर आरोपी हिस्ट्रीशीटर राकेश उर्फ झंडू सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी निवासी आम की वाल राजगढ को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चुराई हुई मोटरसाइकिल, इनवर्टर एवं बैटरी को बरामद किया है। पुलिस आरोपी से कडी पूछताछ कर रही है।

## दुर्बलनाथजी की जयंती मनाई

**अलवर,** (निसं)। राष्ट्रीय संत श्री श्री 1008 अनंत श्री दुर्बलनाथ जी महाराज की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय संत श्री दुर्बलनाथ जयंती एवं सामूहिक विवाह समिति अलवर के तत्वाधान में शोभायात्रा, झांकी एवं भंडारे का आयोजन किया गया। बाबा श्री की झांकी अलवर शहर के मुख्य मार्ग अशोका टॉकीज से होते हुए त्रिपोलिया बाजार, हौप सर्कस, घंटाघर, भगत सिंह सर्किल, अंबेडकर सर्किल होते हुए श्री खटीक छात्रावास जेल चौराहे पर पहुंची। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बैंड मास्टर, झांकी के दौरान रास्तों में लगाई गई प्याऊ और अन्य प्रकार से सहयोग करने वाले श्रद्धालियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भव्य शोभायात्रा में महासचिव महेश बुंदेला, विश्राम बसवाल, कप्तान सिंह बुटोलिया, पूर्व सरपंच मुरारी लाल, किशनलाल छिलवाड अध्यक्ष श्री खटीक छात्रावास व धर्मशाला निर्माण एवं प्रबंधन समिति अलवर, राम किशोर चौहान पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष किशोरी लाल चौहान आदि की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने स्वयं खेत में पहुंचकर ई-गिरदावरी प्रक्रिया को समझा



कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने स्वयं खेत में पहुंचकर ई-गिरदावरी प्रक्रिया को समझा।

■ खसरे और नक्शे से किया मिलान, अधिकारियों को दिए मॉनिटरिंग के निर्देश

**कोटपूतली,** (निसं)। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल स्वयं खेतों में पहुंची और ई-गिरदावरी की प्रक्रिया को समझा। बता दें कि किसान अब ऑनलाइन ऐप के जरिए खुद ई-गिरदावरी कर सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को इसके बारे में प्रशासन जानकारी दे और जागरूक करे। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल नीमराना उपखंड इलाके के खेतों में पहुंचीं। उन्होंने राज किसान गिरदावरी के माध्यम से हो रही ई-गिरदावरी का निरीक्षण किया।

संबंधित विभागीय अधिकारियों को ई-गिरदावरी की मॉनिटरिंग करने और प्राथमिकता से कर पूरा करवाने के निर्देश दिए। नीमराना में माढंण तहसील के गांव में किसानों के खेतों में पहुंचीं थीं। वहां ई-गिरदावरी प्रक्रिया को विस्तार से जाना। ई-गिरदावरी की खसरे एवं नक्शे से मिलान कर जांच की। जिला कलेक्टर ने खेतों में फसल और खसरावार एंट्री की जानकारी ली और निर्देश दिए और कहा कि न्यूनतम रूप से 50 फीसदी गिरदावरी कार्य किसानों के माध्यम से ई- गिरदावरी से करवाया जाना है। उन्होंने ई-गिरदावरी की प्रक्रिया का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारियों से ई-गिरदावरी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने विभिन्न मीटिंगों के माध्यम से कोटपूतली-बहरोड़ जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को गिरदावरी का कार्य सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि गिरदावरी कार्य के लिए इसके बारे में ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने गिरदावरी में दर्ज रकबा का मैदानी एवं रैंडम सत्यापन पटवारी, राजस्व निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार अधिकाधिक खसरों पर स्वयं किसानों के माध्यम से गिरदावरी करवाई जानी है। इसलिए किसानों को स्वयं भी अपने खेत में ऑनलाइन एप के माध्यम से गिरदावरी करने के लिए प्रेरित करें। राजस्व विभाग ने इसके लिए 'राज किसान एप' शुरू किया है। किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के लिए यह एप डाउनलोड करना होगा। किसान स्तर से की गई गिरदावरी के बाद शेष खसरों की गिरदावरी के लिए संबंधित पटवारी को वरीयता दी जाएगी। जिला कलक्टर ने पटवारियों की ओर से गिरदावरी किए जाने की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी गिरदावरी किए जाने की सूचना सभी किसानों को दें, ताकि कोई भी पात्र किसान फसल खराबे के मुआवजे से वंचित नहीं रहे।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि ई-गिरदावरी की प्रक्रिया बेहद आसान है इसके लिए सबसे पहले काश्तकार अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर अपने जन आधार से लॉगिन करें। आधार से जुडे मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। इससे वेरिफाइड होने के बाद एप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोडें पर क्लिक करना है। फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुडे खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करें का ऑप्शन रहेगा। इन दोनों ऑप्शन में से खसरा सर्च कर क्लिक करने पर सिम्पल पेज खुलेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलिब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हैक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्त्रोत तथा फलदार पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत-खसरे में जो फसल बो रखी है, उसकी साफ-सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। इस प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार की ओर से की गई गिरदावरी सबमिट होते हुए पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी। गिरदावरी प्रक्रिया संबंधित खसरों (खेत) में खडे रहकर ही पूर्ण करनी होगी।

# हिन्दी दिवस पर गोष्ठी, कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह




हिन्दी दिवस पर उपस्थित कवि एवं साहित्यकारों का सम्मान किया।

**दौसा,** (निसं)। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हिन्दी दिवस पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी का शुभारंभ संयुक्त निदेशक गोविंद नारायण माली, ज़िला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी राजीव शर्मा और सहायक परियोजना समन्वयक रंगलाल मीना ने माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। वही कवि बुद्धिप्रकाश महावर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन रामबाबू शर्मा राजस्थानी ने किया।

इसी प्रकार रोटरी क्लब दौसा और 3 क्लासेज के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवसर पर थ्रीडी क्लासेस परिसर में हिंदी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार और शिक्षाविद डॉ. निर्मला शर्मा, रामबाबू गुप्ता ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होने बच्चों को हिंदी के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की और कहा कि विद्यार्थियों को अन्य भाषाओं के साथ साथ हिन्दी का ज्ञान होना कितना आवश्यक है इस पर विद्यार्थियों से विशेष चर्चा की। इस अवसर पर 3क्लासेज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी पेश की गई। हिन्दी दिवस के इस विशेष अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा साहित्यकार और शिक्षाविद डॉ. निर्मला शर्मा, रामबाबू गुप्ता और हिन्दी के अध्यापक और अध्यापिकाओ का माला शॉल और मूमेन्टो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधि सेठी, प्रियंका झाला, रोटरी क्लब दौसा के ट्रेनर संजय जैन, ऐजी कपिल राजोरिया, सचिव गजेंद्र झाला, उपाध्यक्ष विनोद गौड़, प्रमोद शर्मा, श्याम शर्मा, आदित्य शर्मा आदि सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम के अन्त मे रोटरी क्लब दौसा के सचिव गजेंद्र झाला ने 3 क्लासेज और आगन्तुक सभी अतिथियौ का आभार व्यक्त किया।

देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान दौसा के तत्वावधान में आयोजित हिंदी सप्ताह का समापन समारोह आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त

### जुडो में अंकिता ने जीता गोल्ड मैडल

**टोक, (निसं)।** केंद्रीय विद्यालय टोंक की छात्रा अंकिता मेहरा पुत्री लोकेश कुमार मेहरा ने 53वी केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता जुडो (बालिका) में 36 किलो वजन में अपना नाम प्रथम स्थान पर दर्ज कर विजेता हुई।



अंकिता मेहरा

अंकिता मेहरा को आगरा में प्रथम आने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। पिछले गत वर्षों में भी अंकिता मेहरा ने केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय जुडो खेल प्रतियोगिता में 3 बार ब्रोंज मैडल और एक बार सिल्वर मेडल जीता है। अंकिता ने जुडो खेलने की शुरुआत टोंक केंद्रीय विद्यालय से की जहाँ उसने अपने कोच सर बी.पी. मीना के अंडर में जुडो सीखना शुरू किया। अंकिता मेहरा ने बताया कि उसकी इस राष्ट्रीय गोल्ड मैडल जितने का श्रेय अपने माता पिता को देती हूं, जिन्होंने उसको खेलने के लिए आगे बढाया और अपने गुरुओं को जिन्होंने ट्रैन किया।

### तीन घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**निवाई, (निसं)।** रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रखी जाएगी। कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि रविवार की सुबह 9 बजे से 12 बजे तक विद्युत लाइनों की मरम्मत की जाएगी। इसके चलते हाडा वाली ढाणी, कालू पटेल की ढाणी, खणदेवत रोड, महाराजपुरा व आलियाबाद सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सिरस, (निसं)।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे समय से चिकित्सक व अन्य कर्मचारियों की पद रिक्त पडे हैं। नाराज ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पीपलू निवाई विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि सिरस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे समय से चिकित्सक, एएनएम, मेल नर्स के पद रिक्त चल रहे हैं। पदों को भरने के लिए कई बार मांग करने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे रोगियों को उपचार करवाने के लिए निवाई या टोक शहर में जाना पडता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक व चिकित्साकर्मी लगाने की मांग की है।

### पोक्सो एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में एक माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गांव करोडा निवासी लाल उर्फ विजेंद्र योगी पुत्र रामलाल उर्फ रामजीलाल योगी 1 माह से फरार चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बाद तलाशी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**टोंक, (निसं)।** पीपलू उपखण्ड के बरोनी थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवारी युवक की मौत हो गई। बरोनी थाना अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया मोटूका पुलिया के पास मोटरसाइकिल व ट्रक की टक्कर से कपिल नामा उम्र 24 वर्ष निवासी सोप थाना सोप शुक्रवार शाम जयपुर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था जिसकी ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई जिसका सहादत अस्पताल टोंक में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सूपुर्द कर अनुसंधान शुरू किया।

### सैनी सभा संस्था की बैठक आज

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय सैनी सभा संस्था की आम सभा रविवार प्रात: 10 बजे सैनी सभा भवन नंबर एक में आयोजित होगी। सैनी सभा संस्था के सचिव एडवोकेट योगेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम सभा के दौरान चुनाव समिति का गठन किया जाएगा, वहीं आजीवन सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा समाज में फैली कुरीतियों व समाज के उत्थान के विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सैनी ने आमसभा में सैनी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# पत्नी के अवैध संबंधों से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**सिकराय, (निसं)।** सिकंदरा थानांतर्गत रामगढ गांव में शुक्रवार की रात को एक युवक ने घर पर कमरे में फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। घर पर कमरे में युवक के फांसी के फंदे झुलने का मालूम चलते ही परिजनों ने युवक को फंदे से उतार कर सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी लगते ही सिकंदरा थाना पुलिस भी सिकंदरा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। वहीं मृतक सज्जनसिंह गुर्जर के भाई लखनसिंह गुर्जर ने सिकंदरा थाने में मामला दर्ज कराया है। सिकंदरा थाना पुलिस ने बताया कि मृतक युवक सज्जनसिंह गुर्जर निवासी रामगढ के भाई लखनसिंह ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है कि मृतक युवक सज्जनसिंह गुर्जर का विवाह शेखपुर निवासी पिंकी गुर्जर के साथ हुआ था। पिंकी का अवैध संबंध राहुल गुर्जर निवासी कलाली का बास



सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई।

बसवा के साथ बना हुआ था। पिंकी के अवैध संबंधों को लेकर मृतक सज्जन सिंह ने कई बार उसे समझाया और पिंकी के पिहर पक्ष के परिवारजनों को भी पिंकी के साथ अवैध संबंधों के बारे में जानकारी दी लेकिन उन्होंने पिंकी को समझाने के बजाय मृतक सज्जनसिंह को धमकाया।

पिंकी व राहुल गुर्जर के बीच लगातार बने अवैध संबंधों से तंग आकर सज्जनसिंह आत्महत्या के लिए मजबूर कर देने का मृतक के भाई ने आरोप लगाया है। वहीं सिकंदरा थाने में मृतक के परिजन व रामगढ सरपंच सुमेर मीना सहित बडी संख्या में ग्रामीणों की भीड

- मृतक के भाई ने मामला दर्ज कराया
- सिकंदरा थाना पुलिस की समझाइश के बाद शव परिजनों ने लिया

जमा हो गई। वहीं मृतक के परिजन व ग्रामीण मृतक के भाई द्वारा थाने में करवाएं नामजद मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शव लेने से इंकार कर दिया। इस पर सिकंदरा थाने के सब इंस्पेक्टर फूलसिंह मय पुलिस जाप्ते के अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को मामले में जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सिकंदरा थाना पुलिस ने मृतक के शव का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। सिकंदरा थानाधिकारी सुणीलाल मीना ने बताया कि मृतक के भाई ने मामला दर्ज करवाया है मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## डिग्गी में वॉग मैगजीन का फोटो शूट हुआ

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड के डिग्गी स्थित गढ़ में शनिवार को न्यूर्याक की एक फैमस वॉग लाईफस्टाईल पत्रिका की कवर पेज के लिये डॉक्यूमेंट्री शूट हुआ। इसमें समलैंगिक विवाह के एक आयोजन का फोटो शूट किया गया। वहीं लोगों को सोशल मीडिया पर समलैंगिक विवाह कीजानकारी मिलने पर हिन्दू संगठनों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया।

शनिवार को सोशल मीडिया पर समलैंगिक विवाह करने वाले दोनों विदेशी युवकों के इंस्टाग्राम पर अपलोड फोटो व वीडियो वायरल होने के बाद मामला जिला कलेक्टर सौम्या झां के सामने आने पर कलेक्टर ने तत्काल मालपुरा एसडीएम को मामले की जांच के आदेश दिये। कलेक्टर के आदेशों के बाद हरकत में आये स्थानीय प्रशासन ने डिग्गी हल्का पटवारी खुशीराम को मौके पर जांच के लिये भेजा। पटवारी ने गढ में चल रही रिंग सेरेमनी व हल्दी की रस्में सहित अन्य शादी की गतिविधियों एवं आलीशान सजावट तथा गढ़ में मौजूद विदेशी मेहमानों की मौजूदगी को देख मौजूद आयोजकों से जानकारी जुटाई तो पटवारी को न्यूर्याक की एक फैमस वॉग लाईफस्टाईल पत्रिका की कवर पेज के लिये डॉक्यूमेंट्री शूट करने की जानकारी दे समलैंगिक विवाह जैसी कोई गतिविधि नहीं होने की जानकारी दी। इस आयोजन को लेकर सुबह से ही डिग्गी सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में काफी चर्चा रही। पटवारी ने रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी।

इस मामले में तहसीलदार राहुल पारीक से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि जिला कलेक्टर से प्राप्त निर्देशों की पालना में वे स्वयं डिग्गी पुलिस के साथ गढ़ पैलेस डिग्गी पहुंच आयोजकों व मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। आयोजकों की ओर से बताया गया कि समलैगिंक विवाह को लेकर मैग्जीन बनाई जा रही है। इसकी शूटिंग थी न कि समलैंगिक विवाह था। प्रशासन के बयान व गढ़ में चली गतिविधियों के साथ-साथ दोनों फोरेनर युवकों के इंस्टाग्राम तथा गढ़ में उनके साथ मौजूद फैशन डिजाईनर की इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड फोटो व सूचना समलैंगिक विवाह की पुष्टि करने की नहीं थी।

## जल ही जीवन है, उसका संरक्षण जरूरी : जिला प्रमुख

**टोंक, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर संपूर्ण जिले में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को "राजस्थान जल महोत्सव-2024" का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम बीसलपुर बांध के किनारे स्थित गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया।

"राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम को

- जल संग्रहण व संरक्षण एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश में जल संग्रहण व संरक्षण की जागरूकता के लिए "राजस्थान जल महोत्सव 2024" आयोजित करने का निर्णय लिया है।



जिला स्तरीय कार्यक्रम बीसलपुर बांध के किनारे स्थित गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, एक-एक बूंद का संरक्षण जरूरी है। हमें आज के समय में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा नलों को खुला छोड़कर पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्रोतो के आसपास स्वच्छता रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार मीणा द्वारा जल का संरक्षण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में वाटरशेड के अधिशाषी अभियंता देवानंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय कोटपूतली बहरोड के जिला संगठन आयुक्त के आदेश अनुसार स्थानीय संघ कोटपूतली द्वारा पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा में आयोजित हुआ। स्थानीय संघ कोटपूतली के ए डी सी ट्रेनिंग हंसराज यादव ने बताया कि शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक सुरेला ने झंडा रोहण कर किया।

वहीं सचिव रामवीर यादव ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न निजी व राजकीय विद्यालयों के 125

- प्रशिक्षण शिविर में 125 स्काउट व 25 गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

स्काउट व 25 गाइड ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के संचालक प्यारेलाल महला के अनुसार स्काउट गाइड ने इस प्रशिक्षण शिविर में राज्य पुरस्कार अभिशंसा हेतु लॉग बुक तैयार करना, राज्य पुरस्कार का पाठ्यक्रम, प्राथमिक सहायता, पायनियरिंग, कैंपिंग, हाइक, ऐस्टीमेशन, अनुशासन, समय की पाबंदी, घर से बाहर रहकर जीवन कैसे जिया जाए इस तरह के अनेक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सहायक शिविर संचालक सीताराम गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में अनेक अतिथियों अभिभावकों ने अवलोकन भी किया। वही स्काउट गाइड के बालक बालिकाओं ने पाठ्यक्रम के अनुसार बिरला मंदिर की हाइट भी की जहां बालक बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक आनंद प्राप्त किया। इस अवसर पर कमलेश कुम्हार, ख्यालीराम सैनी ,अतुल आर्य, संदीप जांगिड, रोहिताश्व सैनी, मदन गुर्जर, हंसराज रावत, भारती यादव, किरणा जाट, अर्जुन सिंह जाट सहित अनेक दक्ष प्रशिक्षक और बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

## अवैध वसूली के आरोप में चार पुलिसकर्मी निलंबित

**दौसा, (निसं)।** पुलिस कप्तान रंजीता शर्मा ने लवाण थाना में कार्यरत चार पुलिसकर्मियों को दूसरे थाना इलाके में अवैध रुप से वसूली किये जाने की सूचना पर निलम्बित कर दिया। इधर इस कार्यवाही के बाद पुलिसकर्मियों में हडकम्प मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कप्तान रंजीता शर्मा ने लवाण थाना में कार्यरत हेड कांस्टेबल रामबाबू बैरवा, कालू सिंह, कांस्टेबल रमेश मीणा और कजोड़ बैरवा को थानाधिकारी की गैर मौजूदगी एवं अन्य जिले के थाना इलाके मे अवैधे रुप से वसूली किये जाने के आरोप में चारों को लाइन हाजिर कर उन्हें निलम्बित कर दिया।यह घटना उस समय की है जब लवाण थाना अधिकारी गोपाललाल शर्मा छुट्टी पर थे। इन चारों पुलिसकर्मियों, जिनमें हेड कांस्टेबल रामबाबू बैरवा, कालू सिंह, कांस्टेबल रमेश मीणा और कजोड़ बैरवा शामिल हैं, को लवाण सीमा छोड़कर बिना सूचना तूंगा थाना सीमा में पाया गया। आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों का वहां जाने का उद्देश्य अवैध वसूली करना था। यह मामला तब सामने आया जब इन पुलिसकर्मियों की हरकतों की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले इन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया और फिर उन्हें निलंबित कर दिया। इस घटना ने पुलिस विभाग के अनुशासन और कार्यप्रणाली पर भी सवाल खडे कर दिए हैं।

## सार-समाचार

### हिन्दी दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में शनिवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हिन्दी दिवस मनाया गया। इसी क्रम में क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में संचालित त्रिवेणी पब्लिक स्कूल परिसर एवं बालाजी बाईपास सडक स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में निबन्ध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार इस दौरान विद्यार्थियों ने बढ-चढकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षक जतिन ग्रोवर ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है। इसको राष्ट्र भाषा बनाने के लिए हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे। शिक्षिका सोनिका प्रजापति और ऐश्वर्या शर्मा ने हिन्दी विषय की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं दूसरी ओर माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और इसको राष्ट्र भाषा का दर्जा अवश्य मिलना चाहिए। वहीं आगे कहा कि इससे लिए हम सब को बढ़ चढ़कर प्रयास करना होगा। इसी क्रम में विभिन्न शिक्षक संगठनों के द्वारा भी विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शिक्षक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में दो छात्राओं का चयन

**निवाई, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल क्रीडा प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुर्भुजपुरा की दो छात्राओं का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. विनोदकुमार तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय कीडा प्रतियोगिता का आयोजन वीर तेजा उच्च माध्यमिक विद्यालय लांबा हरिसिंह में हुआ था। जिसमें विद्यालय की अनु चौधरी पुत्री शंकरलाल जाट व अंकिता जाट पुत्री गिर्राज जाट का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इनमें से अनु चौधरी को छात्रा वर्ग में जिला स्तर की श्रेष्ठ खिलाडी का खिताब भी दिया गया था। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सिकंदर खान ने बताया कि दोनों खिलाडी छात्राएं रा उ मा विद्यालय पंडितजी की ढाणी ओसियां जोधपुर ग्रामीण में टोंक जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय के विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है।





### सामूहिक गोठ व सम्मान समारोह आज

**बस्सी, (निसं)।** ऑल इंडिया अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा जयपुर के द्वारा रविवार को विशाल सामूहिक गोठ एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह बस्सी के सिद्धपीठ बैनाडा धाम में आयोजित होगा। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद ने बताया कि समारोह में 10वी व12वी कक्षा समेत स्नातक एवं स्नातकोतर में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली अव्वल रही प्रतिभाओं एवं नीट और आईआईटी समेत राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग का भी स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने बताया गया कि महासभा के द्वारा समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए राजनैतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं को आंमत्रित किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भी आंमत्रित किया गया।

### फुलेरा में भीम क्रांति दिवस मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा के अम्बेडकर सर्किल पर सुबह 10 बजे 'भीम क्रांति दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक भंवर लाल सांभरिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई की गयी। इसके बाद अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये। तत्पश्चात भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया। इसी क्रम में बाबा साहेब द्वारा बहुजन समाज के लिए कियो गये कार्यो पर गोष्ठी का आयोजन रखा गया। इसके अलावा हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एससी एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर और उप वर्गीकरण के निर्णय के खिलाफ गत 21 अगस्त को सभी एससी एसटी समाज के संगठनों द्वारा किए गये भारत बन्द की अपार सफलता पर सभी के सहयोग के लिए सभी उपस्थित बन्धुओं ने आभार जताया। इसी क्रम में सांभरलेक स्थित पुलिस डिप्टी कार्यालय पर जाकर भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर दीवार पर स्थापित की गई। इस कार्यक्रम में भंवर लाल सांभरिय, शांति लाल वर्मा, महेश कुमार वर्मा, प्रमोद मीणा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, तारा चन्द तंवर, शशिकान्त वर्मा, लक्ष्मी कान्त वर्मा, वेदप्रकाश वर्मा, रतन लाल कांसोटिया, बिरदी चन्द वर्मा, गजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र देवंदा, पन्ना लाल पंवार, ,राकेश सालोदिया, रामेश्वर लाल खोवाल, ताराचन्द गेनोलिया, रामलाल वर्मा, अनिल कुमार जितेन्द्र वर्मा, प्रदीप बिड़ला सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### एक स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांव नला निवासी विजेंद्र पुत्र हजारीलाल बैरवा को गांव नला से गिरफ्तार किया है।

# जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी की निकाली शोभायात्रा, कराया 'जलविहार'

**मालपुरा, ।** जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को मालपुरा शहर व तीर्थ स्थल डिग्गी सहित समूचे उपखण्ड क्षेत्र में गडोल यात्राऐं निकाली गई। शहर के प्राचीन सीतारामजी के मंदिर से शुरू हुई डोल यात्रा प्रमुख मार्गो से होकर सुभाष सर्किल पहुंची। डोल विमानो में विराजित ठाकुरजी के दर्शन कर विमान के नीचे से निकल आर्शीवाद लेने के लिये लोगो की लगी कतारे। हजारों की तादात में मौजूद सनातन धर्म प्रेमियों ने जय श्री कल्याण के जयकारे लगाये।

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की डोल यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। डोल यात्रा से पूर्व मंदिर के पुजारियों ने भगवान की मूर्तियों का घृताभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक व जलाभिषेक किया। इसके बाद सजे-धजे विमानों में भगवान को श्रृंगारित कर विराजित किया गया। सिरस व पराना गांव में मंगलवार को जल झूलनी एकादशी के अवसर पर ठाकुर जी की डोली यात्रा निकाली गई। श्योसिंहपुरा गांव में भी श्री रघुनाथ मंदिर में जलझूलनी पर्व पर ठाकुर जी की डोल यात्रा निकाली।



मंदिरों से शोभायात्रा के रूप में झांकियां निकाली गई तथा श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दर्शन किये।

**उनियारा/चौरु।** ग्राम पंचायत चौरु में शनिवार को जलझूलनी एकादशी पर भगवान के डोले निकाले गए। लोगों ने उपवास रख शाम को भगवान की डोला यात्राओं में हिस्सा लिया। चोरू पंचायत के सरोवर तालाब के बीचो बीच में ठाकुर जी को ले जाकर जलविहार कराया गया। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती कर फल चढाए। इस दौरान ग्राम पंचायत चौरु कस्बे में निर्जला एकादशी पर धाकड युवा शक्ति चौरु के पदाधिकारियों द्वारा यात्रियों को ठंडा मीठा पेयजल पिलाया और केला वितरण भी किया गया।

**किशनगढबास।** भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष एकादशी ग्यारस पर श्री बिहारी महाराज के मंदिर से ठाकुर जी को डोले में विराजमान कराकर शहर के विभिन्न मार्गो से निकाले गए। इस दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर ठाकुर जी का स्वागत किया और केले का प्रसाद चढाकर डोले के नीचे से निकलकर ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। ठाकुर जी की यात्रा के दौरान गंगा मंदिर के उमेश कांत वशिष्ठ नरेश कांत वशिष्ठ रैणी मोहल्ला ठाकुर जी मंदिर के यादराम शर्मा जितेंद्र भारद्वाज मनीष शर्मा

- मंदिरों में ठाकुर जी का डोला रहा आकर्षण का केन्द्र

आदि मंदिरों के महंत मौजूद रहे।

**चाकसू ।** जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को कस्बे के मन्दिरों में विराजित ठाकुरजी को नगर भ्रमण कर नौका विहार करवाया गया। इस अवसर पर कस्बे में सभी मंदिरों में ठाकुरजी की मनोरम झांकी सजाई गई और गाजे बाजे के साथ ठाकुरजी की पालकियों में नगर भ्रमण करवाया वहीं मन्दिरों में दिनभर ही विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। इस मौके पर ठाकुरजी की डोल यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने एकादशमी का वृत रखा। भगवान ठाकूरजी के फल, फूल मिठाई का प्रसाद चढाया अखंड सुहाग एवं सुख समृद्धि की कामना की।

**पावटा ।** जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को पावटा उपखंड के पावटा कस्बा स्थित गोपाल भैया मंदिर में महंत मोहनदास रामायणी महाराज, बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मे महंत जयराम दास, मुरलीधर मंदिर मे पुजारी सुरेश चंद पाराशर, मोदी मंदिर में पुजारी राधेश्याम जोशी, नरसिंह मंदिर मे पुजारी विकास शर्मा, सीताराम मंदिर पुजारी विशाल शर्मा, राठी वाला मंदिर महंत राधा मोहनदास महाराज के सानिंध्य में एवं केशव सागर धर्मशाला ठाकुर जी का मंदिर, पंसारी धर्मशाला ठाकुर जी का मंदिर, श्याम मंदिर सहित अन्य मंदिरों से डोला शोभायात्रा निकाल ठाकुरजी को नगर विहार कराया गया।

**फुलेरा ।**शनिवार को ठाकुर जी ने नगर भ्रमण करते हुए नौका विहार किया। गौरतलब है कि कस्बे के विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी ने पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण किया। इसके चलते कस्बे के पुराना स्थित प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर परिसर से निकलकर पुराना फुलेरा तेजाजी चौक में स्नान करवाया गया। इसके साथ ही कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। वहीं क्षेत्र के मायला बाजार स्थित सीताराम जी के मन्दिर परिसर से निकलकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल खेल मैदान पर पहुंची, सब्जी मण्डी स्थित राधा-गोविन्द मन्दिर परिसर से, इसी तरह ढाणी नागान के प्राचीन शिव मन्दिर से होते हुए स्कूल की ढाणी में विश्वनाथ मन्दिर में स्नान में स्नान करवाया गया। इसके बाद भजन कीर्तन किये गये। तत्पश्चात महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## विधायक धनकड़ ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए अनुशंसा की

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए विधायक कुलदीप धनकड भरपूर प्रयास कर रहे है। इसी क्रम में उन्होंने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के लिए सीसी सडक निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्यो की स्वीकृति की अनुशंसा की है।

इसमे ग्राम पंचायत कारोली में 15 लाख की लागत से सीसी सडक निर्माण कार्य बावला तिराहे से ग्राम सिमावतीया की ओर, ग्राम पंचायत मण्डा में 5 लाख की लागत से शितला माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन की नवीन छत का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत जोधपुरा के किडारोद मे 3 लाख की लागत से तेजाजी के स्थान के पास सार्वजनिक स्नानाघर व शौचालय निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत कैरोडी मे 6 लाख की लागत से मुय मार्ग से बालाजी महाराज मंदिर तक दारापुर कैरोडी सीसी सडक निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत लाडाकाबास मे 6 लाख की लागत से गोपाला भौमिया महाराज के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, श्याम मंदिर भांकरी के पास 15 लाख की लागत से सीसी चौक, ब्लॉक निर्माण कार्य, तहसील परिसर पावटा में 10 लाख की लागत से सभा भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई में 11 लाख की लागत से देव नारायण मंदिर के के पास गणेशपुरा बाछडी मे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मैड मे 5 लाख की लागत से आसन वाले भैरू जी के मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत नवरंगपुरा मे 5 लाख की लागत से शिव मंदिर के पास भैरूपुरा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत भाबरु के खुमार मोहल्ला में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में 10 लाख की लागत से श्मशान घाट विकास कार्य, ग्राम पंचायत सोठाना में 5 लाख की लागत से हीरामल बाबा स्थान के पास मेहरा, कीरो की ढाणी देवली सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत सोठाना की राउप्रावि देवली मे 7 लाख की लागत से एक कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत ढाणी गेसकान में 10 लाख की लागत से मुय मार्ग से झुण्डा वाले बालाजी तक काकडा धाम सडक का चौडाईकरण कार्य, नगरपालिका विराटनगर में 20 लाख की लागत से गणगौरी चौक के पास वार्ड न. 9 मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए अनुशंसा की है।



आप जैसे हो हमेशा वैसे ही बने रहना। आप में से प्रत्येक के पास एक विशिष्ट कौशल है और उसके साथ पूरा न्याय करें। प्रक्रिया और दिनचर्या पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। परिणाम स्वयं ही आपके अनुकूल होगा। - सूर्यकुमार यादव

भारत के विस्फोटक बल्लेबाज, अंडर-19 टीम के खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** वैलेरी ऑलमैन



**ओलिंपिक** चैंपियन अमेरिका की वैलेरी ऑलमैन ने शनिवार को यहां वांडा डायमंड लीग फाइनल में महिलाओं की डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया जबकि चीनी एथलीट फेंग बिन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फेंग ने दूसरे राउंड के बाद 67.08 मीटर के साथ बढ़त बना ली, इससे पहले अमेरिकी एथलेटिक्स ऑलमैन ने तीसरे राउंड में 68.47 मीटर के साथ अग्रणी स्थान हासिल कर लिया, जो अंत तक उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो बना रहा। फेंग अंतिम राउंड में 67.49 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रही।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल का रंगीन टीवी पर प्रसारण 1974 में जर्मनी में हुए विश्व कप से शुरू हुआ।

# एशियाई हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से पीटा

## कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये दो करिश्माई गोल किए



हुलुनबुइर, 14 सितम्बर। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के करिश्मायी प्रदर्शन के दम पर भारत ने शनिवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये 13वें और 19वें मिनट में गोल किए, जबकि पाकिस्तान के लिए अहमद नदीम ने मैच के आठवें मिनट में एकमात्र गोल किया। इस मैच के साथ भारत पड़ोसी देश को लगातार 17 मैचों में मात दे चुका है।

पाकिस्तान के अहमद नदीम ने पहले क्वार्टर के आठवें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, पेरिस 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम ने पलटवार करते हुए खेल के 13वें मिनट में गोल की बराबरी कर ली। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत की मैच में वापसी करवा दी। मैच का पहला क्वार्टर 1-1 पर समाप्त हुआ। पाकिस्तान के खिलाफ 19वें मिनट में ही दूसरा गोल करते हुए मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। भारत के लिए यह गोल भी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने ही किया। हाफ टाइम तक भारत 2-1 की बढ़त के साथ लीड कर रहा था।

भारत ने इस मैच से पहले जापान, रिपब्लिक ऑफ चाइना, मलेशिया और दक्षिण कोरिया को हराया था। खेल का आखिरी दो क्वार्टर गोलरहित रहे। हालांकि, पाकिस्तान की टीम ने मैच में वापसी करने की पूरी कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंस के सामने उनकी एक न चली। दूसरी तरफ भारत ने भी अपनी बढ़त में इजाफा करने का प्रयास किया लेकिन खेल के दूसरे हाफ में उन्हें भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी। भारत ने ग्रुप स्टेज को 15 अंको के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए समाप्त किया। वहीं, पाकिस्तान 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

### भारत-पाकिस्तान खिलाड़ियों में झड़प

इस मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच गर्मा-गर्मी देखने को मिली। खेल के आखिरी क्वाटर में दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़े, जिसेक बाद अंपायर्स को बीच बचाव करना पड़ा।दोनों टीमों के बीच इस मुकाबले के आखिरी क्वार्टर में गर्मा-गर्मी का माहौल देखने को मिला। दरअसल, पाकिस्तान ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद जवाबी हमला किया था। लेकिन तभी भारतीय डी में पाकिस्तान खिलाड़ी अशरफ राणा ने जानबूझकर जुगराज को चोट पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना के बाद जुगराज लड़खड़ाकर गिर गए। फिर दोनों टीमों के बीच छोटी मोटी झड़प देखने को मिली। इस झड़प को रोकने के लिए अंपायर्स को बीच बचाव करना पड़ा। इस घटना के बाद वीडियो रेफरी ने पाकिस्तानी खिलाड़ी अशरफ राणा को भारतीय सर्कल के अंदर जुगराज के खिलाफ कठोर व्यवहार के लिए ग्रेलो कार्ड देने का फैसला किया। जिसके चलते पाकिस्तान पांच मिनट तक सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

## 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में नौवें स्थान पर रहे साबले

ब्रुसेल्स, 14 सितम्बर। एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले ने शुक्रवार को बेल्जियम में ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल 2024 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में नौवें स्थान पर



जगह बनाई। किंग बॉडॉइन स्टेडियम में 8:17.09 के समय के साथ साबले 10 रनर में से नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पेरिस डायमंड लीग में 8:09.91 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज किया था। ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सौफिएन एल बक्काली को केन्या के अमोस सेरेम ने शीर्ष स्थान हासिल करते हुए हैरान कर दिया। 22 वर्षीय सेरेम ने 8:06.90 में फिनिश लाइन पार की और सौफिएन को 1.70 सेकेंड से पीछे छोड़ दिया। ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई ने 8:09.68 में फिनिश लाइन को पार किया और पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता केन्या के अब्राहम किबिवोट (8:10.51) को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में डायमंड लीग स्टैंडिंग में दो मीट में तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर रहे। हालांकि, शीर्ष स्थान पर रहने वाले चार एथलीटों ने ब्रुसेल्स में प्रतिस्पर्धा नहीं की, जिससे साबले को शीर्ष 10 में प्रवेश करने और अपने पहले डायमंड लीग फाइनल में क्वालीफाई करने में मदद मिली।

## केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी पंजाब एफसी

कोच्चि, 14 सितंबर। पंजाब एफसी (पीएफसी) अपना 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन में रविवार को थिरुवोनम में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे खेला जायेगा। दोनों टीमें इस सीजन की शुरुआत में डूरंड कप के ग्रुप स्टेज में मिली थीं और कोलकाता में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसमें लुका मैजसेन और मोहम्मद आयमन ने गोल किए थे। केरला ब्लास्टर्स भी नए मुख्य कोच मिकेल स्टारे के नेतृत्व में होंगी और अपने उत्साही फैंस के सामने लीग सीजन की शानदार शुरुआत करने की उम्मीद करेंगी। अपने पहले आईएसएल मैच से पहले, पीएफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस ने कहा, ''हमारे पिछले साल के डेब्यू सीजन से कई चीजें बदल गई हैं। हमारे पास नया कोचिंग स्टाफ है, नए विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं, और यही सबसे बड़ा अंतर है। इस सीजन में हम पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर करने की कोशिश करेंगे और प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई करेंगे।''

## चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

बेंगलुरु, 14 सितंबर। आगामी 11 नवंबर से बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्राफी टूर्नामेंट के लिये भारतीय महिला टीम के संभावित 33 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा शनिवार को कर दी गयी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु में 15 सितंबर से नौ अक्टूबर के बीच आयोजित राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। इस शिविर को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारियों की शुरुआत माना जा रहा है। एशियाई चैंपियंस ट्राफी 11 से 20 नवंबर के बीच बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में हॉकी इंडिया और बिहार सरकार की संयुक्त पहल वाले नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीज़न में भाग लिया था, जहां उन्हें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी टीमों के खिलाफ लंदन और एंटवर्प में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में और मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। शिविर के लिए चुनी गई टीम में गोलकीपर सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी और माधुरी किंडो शामिल हैं। चयनित रक्षकों में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री और प्रीति शामिल हैं जबकि मिडफील्ड में टीम में सलीमा टेटे, मरीना लालरामनघाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले और अजमीना कुजूर शामिल हैं। इसके अलावा, फॉरवर्ड लाइन में सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया और रुतुजा दादासो पिसल शामिल हैं।

## मंडी शहर में बनेगा आधुनिक इंडोर स्टेडियम, छह खेल कोर्ट प्रस्तावित

मंडी, 14 सितंबर। खेलों इंडिया अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर के पडड़ल में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम के लिए सदर विधायक अनिल शर्मा ने कसरत शुरू दी है। इसी के चलते खेल विभाग के नाम जमीन होने के बाद शनिवार को स्पोर्टस ऑथारिटी ऑफ़ इंडिया के वास्तुकार विभाग की टीम ने प्रस्तावित जगह का दौरा किया। उसके बाद पूरी टीम के साथ विचार विमर्श कर इसका प्रारूप बनाने के लिए दिशा निदेश दिए। इस मौके पर अनिल शर्मा ने बताया कि मंडी के पड्डल में आधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिसमें लगभग छह खेल कोर्ट प्रस्तावित है। जिसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंड बॉल व बैडमिंटन के कोर्ट शामिल हैं। इसके साथ ही यहां पर पार्किंग स्थल भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बारे में देवता समिति के साथ भी वार्ता हो चुकी है, जिसके तहत मेले के दौरान इंडोर स्टेडियम को देवताओं के लिए खुला रखा जाएगा।

# प्रथम-तिलक के शतक से इंडिया-ए ने कसा शिकंजा

## तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित की, इंडिया-डी ने एक विकेट खोकर 63 रन बनाए





अनंतपुर, 14 सितम्बर। प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया 'ए' ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित कर इंडिया 'डी' के खिलाफ अपना शिकंजा और कस लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया डी अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बना चुकी थी। रिकी भुई 44 रन और यश दुबे 15 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। रविवार को मैच के अंतिम दिन इंडिया ए को जीत के लिये नौ विकेट की दरकार होगी जबकि इंडिया डी जीत के लिये कठिन लक्ष्य 426 रन का पीछा करेगी। इंडिया ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया डी पहली पारी में देवीदत्त पड्डिकल के 92 रनों के योगदान के बावजूद 183 रनों पर विकट गयी थी। आज के खेल का मुख्य आकर्षण प्रथम सिंह का शतक रहा जिन्होने 189 गेंदों की पारी के दौरान 12 चौके और शानदार छक्का जड़ा। वे सौरभ कुमार की गेंद पर कप्तान श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट हुये । दूसरे छोर पर तिलक वर्मा का बल्ला आग उगलता रहा। उन्होने अपनी नाबाद पारी में नौ बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया।

## ओडिशा ने हॉकी अरुणाचल को 8-0 से हराया

जालंधर, 14 सितंबर। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, हॉकी कर्नाटक और हॉकी बंगाल ने 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप 2024 के पांचवें दिन अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन के अंतिम मैच में तमिलनाडु का मुकाबला हॉकी झारखंड से ड्रा रहा। दिन के पहले मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी अरुणाचल को 8-0 से हराया। प्रताप टोप्पो (8, 54) और दीपक प्रधान (37, 38) ने दो-दो गोल किए जबकि विसन ज़ाक्सा (18), करण लाकड़ा (23), प्रेमदयाल गिरी (32) और देवनाथ नानवर (47) ) ने भी एक गोल करके हॉकी अरुणाचल को जीत से दूर कर दिया। अगले मैच में दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी ने असम हॉकी को 11-0 से हराया। विजेता टीम के लिए प्रमोद पाल छह गोल कर (21, 26, 31, 37, 46, 49) शीर्ष गोल स्कोरर बने।

## भारतीय टीम ने अभ्यास के लिए पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को बुलाया



चेन्नई, 14 सितम्बर। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं और गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है ताकि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रही बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके।

यहां चार दिवसीय शिविर के लिए बुलाए गए तेज गेंदबाजों में से एक पंजाब के गुरनूर बराड़ हैं जिन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वह पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे। हालांकि गुरनूर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनकी छह फीट 4.5 इंच लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है जिन्होंने हाल में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में पांच विकेट चटकाए थे। राणा की गेंदबाजी की खासियत यह है कि छह फीट पांच इंच लंबे कद के कारण उन्होंने उछाल हासिल किया और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उन्होंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की थी।

भारत के नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल को सलाह देते हुए देखा गया कि स्टार बल्लेबाजों को गेंदबाजी किस तरह की जाये। मुंबई के ऑफ स्पिनर हिमांशु सिंह भी नेट्स का हिस्सा हैं। तमिलनाडु के बाएं हाथ के धीमे गेंदबाज एस अजीत राम ने भी नेट्स पर खूब पसीना बहाया। दूसरे दिन नेट्स पर तेज गेंदबाज आकाश दीप और यश दयाल ने बुमराह और सिराज की प्रमुख तेज गेंदबाज जोड़ी से ज्यादा गेंदबाजी की।

## अश्विन ने शतरंज लीग से पहले अमेरिकन फ्रेंचाइजी के लिये गीत किया जारी

चेन्नई, 14 सितंबर। भारत के फिरकी गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिकन



गैम्बिट्स फ्रेंचाइजी का गीत जारी किया। 'मेक द वर्ल्ड गो' नामक यह गीत चरण राज ने लिखा है और कार्तिक चेन्नोजीराव ने इसे स्वर दिया है। यह गीत टीम की एकता और रणनीति को रेखांकित करता है। अश्विन इस फ्रेंचाइजी टीम के सह मालिक हैं। यह टीम दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा के नेतृत्व में अपनी चुनौती पेश करेगी। अश्विन ने कहा,''यह हमारे लिए शतरंज की बिसात पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से जुड़ा है। हम जुनून के साथ और रणनीतिक प्रवृत्ति से प्रेरित होकर एक टीम के रूप में भारत और विश्व स्तर पर शतरंज को लोकप्रिय बनाना और बढ़ावा देना चाहते हैं।'' ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा।

# ईश्वरन ने कप्तानी पारी खेलकर बनाया नाबाद शतक, इंडिया-बी ने बनाये 309 रन

## इंडिया-सी को 216 रन की लीड



अनंतपुर, 14 सितम्बर। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (143 नाबाद) और नारायण जगदीशन (70) के बीच 129 रन की साझीदारी के बावजूद इंडिया बी को दलीप ट्राफी के दूसरे चरण के मुकाबले के तीसरे दिन इंडिया सी की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 216 रन की दरकार है।

इंडिया सी ने अपनी पहली पारी में 525 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया बी ने अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिये थे। इंडिया बी पर अंकुश लगाने में अंशुल कंबोज की भूमिका अहम रही जिन्होने पांच विकेट झटक कर इंडिया बी को अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़े स्कोर की ओर से रोक लिया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए इंडिया सी ने इशान किशन की शतकीय और मानव सुथार, ऋतुराज गायकवाड़ और बाबा इंद्रजीत की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 525 रनों का विशालकाय स्कोर खड़ा किया था। दूसरे दिन इंडिया सी की पूरी टीम को समेटने के बाद इंडिया बी की शुरुआत भी बेहतरीन हुई थी और दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद इंडिया बी ने स्कोरबोर्ड पर बिना विकेट गंवाए 124 रन टांग दिए थे।

तीसरे दिन इंडिया बी को सबसे पहला झटका एन जगदीशन के रूप में लगा। कंबोज ने उन्हें 70 के निजी स्कोर पर चलता किया। जबकि इसके बाद उन्होंने सरफ़राज़ खान और मुशीर खान को अपना शिकार बनाया। दूसरे राउंड में टूर्नामेंट का हिस्सा बने रिंकू सिंह भी कुछ ख़ास नहीं कर पाए और छह के निजी स्कोर पर कंबोज का ही शिकार बन गए।

वहीं नितीश कुमार रेड्डी की भी कंबोज ने बोल्ड कर दिया। कंबोज के अलावा इंडिया सी की ओर से विजयकुमर वैशाख साबित और मयंक मार्कण्डे साबित हुए, जिन्होंने क्रमश: वॉशिंगटन सुंदर और साई किशोर को पवेलियन का रास्ता दिखाया। हालांकि कप्तान ईश्वरन दूसरे छोर पर डटे रहे और उन्होंने एक छोर संभाले रखा। जिसका नतीजा यह हुआ कि कंबोज की बेहतरीन गेंदबाज़ी के बावजूद इंडिया सी के गेंदबाज़ इंडिया बी को ऑल आउट नहीं कर पाए। ईश्वरन 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 143 रन पर नाबाद हैं।

## जूनियर हॉकी में हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब ने जीते मैच

जालंधर, 14 सितंबर। 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2024 के छठे दिन हॉकी हरियाणा, हॉकी कर्नाटक और हॉकी पंजाब ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की जबकि हॉकी आंध्र प्रदेश और दिल्ली हॉकी का मैच 5-5 से बराबरी पर छूटा। हॉकी राजस्थान के खिलाफ पहले मैच में हॉकी हरियाणा बेहतर साबित हुई और उन्होंने अपने विरोधियों को 6-1 से हरा दिया। हॉकी हरियाणा के लिए रोहित राणा (2), सुनील मान (11), साहिल रूहल (17) और अमी खासा (60) ने एक-एक गोल किया, जबकि नवराज सिंह (7, 37) ने दो गोल किए। दूसरी ओर, अनुराग सुथार (50) ने हॉकी राजस्थान के लिए सांत्वना गोल किया। आज दूसरे मैच में हॉकी कर्नाटक ने केरल हॉकी को 6-1 से हरा दिया. हॉकी कर्नाटक के लिए आर्यन उथप्पा माउंट (6, 35) और कैप्टन सुनील पीबी (8, 45) ने दो-दो गोल किए, जबकि विवेक रवि बागड़े (22) और धनुष कावेरियप्पा मा (32) ने एक-एक गोल किया। जवाब में, अनुजिथ पी (47) ने केरल हॉकी के लिए एकमात्र गोल किया। हॉकी आंध्र प्रदेश ने रोमांचक मुकाबले में दिल्ली हॉकी से 5-5 से ड्रा खेला। हॉकी आंध्र प्रदेश के लिए कप्तान बोनी प्रशांत (1, 31) और साई कुमार मेटा (38, 40) ने एक-एक गोल किया और पाटन असद मुसफिन खान (29) ने भी एक गोल किया। दिल्ली हॉकी सभी विभागों में समान रूप से कुशल साबित हुई क्योंकि हर्ष शर्मा (5, 58) और कप्तान भानु (20, 35) ने दो-दो गोल किए और युवराज सिंह (43) ने भी एक गोल किया। दिन के आखिरी मैच में हॉकी पंजाब ने हॉकी मिजोरम पर 7-1 से जीत दर्ज की. हॉकी पंजाब के लिए, कप्तान उज्वल सिंह (10) ने स्कोरबोर्ड पर खाता खोला, उनके साथ हर्षदीप सिंह (12), जपनीत सिंह (15), ओम रजनेश सैनी (36), लोवेनूर सिंह (40), जरमन सिंह शामिल थे।

## भारतीय व्यवस्था अपने आप संचालित होती है, इसे सुरक्षित रखना लक्ष्य : मोर्ने मोर्कल

चेन्नई, 14 सितम्बर। भारत के नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था अपने आप संचालित होती है और उनका लक्ष्य छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना होगा। मोर्कल काफी समय से भारत में रह रहे हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जॉइंट्स के सहयोगी स्टाफ में भी शामिल थे। इसलिए वह भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था से अच्छी तरह वाकिफ हैं और जानते हैं कि उन्हें इसमें किस तरह से काम करना है। मोर्कल ने बीसीसीआई टीवी से कहा,''यहां एक ऐसी व्यवस्था है जो अपने आप संचालित होती है। इसलिए इसे सुरक्षित रखना और छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना ही लक्ष्य होगा।''

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज को यह भी लगता है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह हमेशा अपने-अपने विभाग में मोर्चा संभालेंगे और उनका काम उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह देना होगा। जल्द ही 40 वर्ष के होने वाले मोर्कल ने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उच्च स्तर के खिलाड़ी हैं जो हमेशा अपने क्षेत्र में मोर्चा संभालेंगे। हमारी जिम्मेदारी उनका समर्थन करना और उन्हें सर्वोत्तम सलाह देना है जो हम दे सकते हैं।''

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 544 विकेट लेने वाले मोर्कल भारतीय खिलाड़ियों का पेशेवर रवैया देख कर भी हैरान हैं। उन्होंने कहा,''यह अच्छा संकेत है और उम्मीद है कि हम इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।'' मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहलेलगाए गए अभ्यास शिविर में टीम से जुड़े और वह खिलाड़ियों के साथ भरोसा बनाने के साथ इस पर भी गौर कर रहे हैं कि वह उनकी कैसे मदद कर सकते हैं। उन्होंने



कहा,''मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाना महत्वपूर्ण है। मैं इनमें से कई खिलाड़ियों के साथ खेला हूं और आईपीएल के कारण मेरे उनके साथ अच्छे संबंध हैं। खिलाड़ियों के साथ दोस्ती और अच्छे संबंध बनाना बेहद महत्वपूर्ण होता है।''

## पाक क्रिकेट बोर्ड ने दी 12.8 अरब के बजट को मंजूरी

लाहौर, 14 सितंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 12.8 अरब रुपये के बजट को मात्र 23 मिनट की दो बैठकों में मंजूरी प्रदान कर दी है। समाचार पत्र 'डॉन' के अनुसार पहली बैठक छह जुलाई को यहां पीसीबी के मुख्यालय में हुई जबकि दूसरी पिछले गुरुवार को इकबाल स्टेडियम में हुई। बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस की मेजबानी के लिए तीन स्टेडियमों के पुनरुद्धार के लिए 12.8 अरब रुपये के बजट को मंजूरी दी । ट्रॉफी अगले साल होगी। डॉन के अनुसार दोनों बैठकों की अवधि कुल मिलाकर मात्र 23 मिनट थी, जो ऐसे बड़े निर्णय लेने के लिए असामान्य रूप से कम है।

# इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को हराया

## लियाम लिविंगस्टोन प्लेयर ऑफ द मैच, सीरीज 1-1 से बराबर




कार्डिफ, 14 सितम्बर। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया 28 रन से जीता था। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान फिल सॉल्ट ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क की पहली हाफ सेंचुरी और जोश इंग्लिश के 42 रन की मदद से 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने शानदार बल्लेबाजी की। उनके 87 और जैकब बेथेल के 44 रन की मदद से इंग्लैंड ने 19वें ओवर में 7 विकेट में 194 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले के 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 67 रन बनाए। यहां दोनों ओपनर्स, मैथ्यू शॉर्ट और ट्रैविस हेड ने पहले विकेट के लिए 26 बॉल पर 52 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले 50 रन महज 4 ओवर में बनाए। इंग्लैंड के कप्तान फिल सॉल्ट ने शानदार शुरुआत दी। उन्होंने 23 बॉल पर 39 रन बनाए जिसकी मदद से टीम ने शुरूआती 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 65 रन बनाए। 22 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली हाफ-सेंचुरी लगाई। उन्होंने 161 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 31 बॉल पर 50 रन बनाए। पारी में मैकगर्क ने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके अलावा विकेटकीपर जोश इंग्लिस ने भी 42 रन की तेज पारी खेली। कप्तान ट्रेविस हेड ने 14 बॉल में 31 रन बनाए।

# ‘ट्रम्प और हैरिस दोनों शैतान हैं, दोनों में से जो कम बुरा है उसे वोट करें’

## ईसाई धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रैंसिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवारों पर अपना बयान दिया

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। ईसाई धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरू पोप फ्रैंसिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवारों पर अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि डॉनल्ड ट्रम्प की अप्रवासी विरोधी नीतियों और कमला हैरिस के गर्भपात अधिकारों के लिए समर्थन का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि दोनों ही उम्मीदवार जीवन के खिलाफ हैं, दोनों ही शैतान है। अब अमेरिका की जनता को तय करना है। उन्हें जो भी उम्मीदवार कम दुष्ट लगे वह उसे अपने विवेक के आधार पर चुनें।

एशिया के अपने 12 दिवसीय दौरे के बाद रोम वापस लौट रहे पोप से जब मीडिया कर्मियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि दोनों ही जीवन के खिलाफ हैं। एक आप्रवासियों को त्याग देता है एक वह है जो बच्चों को मारता है, दोनों ही प्रत्याशी जीवन के खिलाफ है।

- **पोप ने कहा, ट्रम्प ने अप्रवासी विरोधी नीतियों का समर्थन किया तथा कमला हैरिस ने उपराष्ट्रपति रहते गर्भपात के अधिकारों का खुला समर्थन किया था, दोनों ही उम्मीदवार जीवन के खिलाफ हैं तथा दोनों ही शैतान हैं।**
- **पोप ने अपने बयान को विस्तार से समझाते हुये कहा, एक आप्रवासियों को त्याग देता है एक वह है जो बच्चों को मारता है, दोनों ही प्रत्याशी जीवन के खिलाफ हैं।**

पोप ने कहा कि मैं अमेरिका का निवासी नहीं हूं और मैं वहां मतदान नहीं करूंगा। लेकिन यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि प्रवासियों को देश में आने की इजाजत नहीं देना , उनको काम न करने देना, उनका स्वागत नहीं करना या फिर गर्भपात का समर्थन करना यह सब पाप ही है।

दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प को उनकी अप्रवासी विरोधी नीतियों के लिए जाना जाता है। उन्होंने हाल ही में अवैध अप्रवासियों को पकड़ने और उन्हें निर्वासित करने का वादा किया है, जबकि दूसरी उम्मीदवार कमला हैरिस ने एक कानून के जरिए महिलाओं गर्भपात करने का अधिकार बना दिया था। हैरिस को इस कानून का समर्थनकर्ता माना जाता है और उन्होंने इसे बहाल करने का वादा किया है।

पोप ने कहा कि दो बुराइयों में से कम को चुनना होगा। इन दोनों में से कौन कम है, वह महिला या वह सज्जन? मुझे नहीं पता। मेरा कहना यही है कि अमेरिका कि जनता को अपने विवेक के आधार पर चुनना होगा और जो कम दुष्ट हो उसको चुनना होगा।

अमेरिका में अगले नवबंर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। उसकी प्रक्रिया चल रही है। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उम्मीदवार है तो वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से कमला हैरिस उम्मीदवार है। डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से पहले वर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन उम्मीदवार थे लेकिन बाद में उन्होंने पार्टी के दवाब और स्वास्थ कारणों के कारण अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। इसके बाद यह चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच की सीधी लड़ाई बन गया है।

# कश्मीर: शनिवार को मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 14 सितम्बर। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। बारामूला जिले में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों की मौत हो गई, सूत्रों ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा ऑपरेशन शुरू किया गया। शुक्रवार देर रात उत्तरी कश्मीर जिले के पट्टन इलाके के चक टापर क्रीरी में गोलीबारी शुरू हुई। वहीं, एक अलग मुठभेड़ में सेना की राइजिंग स्टार कोर इकाई के जवानों ने शुक्रवार को कठुआ में दो आतंकवादियों को मार गिराया था। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार इलाके में तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की।

- **गत शुक्रवार को किश्तवाड़ में मुठभेड़ में दो जवानों की शहादत की बदला सुरक्षाबलों ने पांच आतंकियों को मारकर लिया।**

# बंगाल: प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने प्र.मंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखा

## डॉक्टरों ने आर.जी. कार मैडिकल कॉलेज मामले में दखल देने की गुहार लगाई

कोलकाता, 14 सितम्बर। पश्चिम बंगाल में प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रेसीडेंट द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। जूनियर डॉक्टरों ने पीएम और राष्ट्रपति से आरजी कर अस्पताल के मामले में दखल देने की गुहार लगाई है। डॉक्टरों ने चार पेज के पत्र में देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में जूनियर डॉक्टर 35 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अभी तक तीन बार डॉक्टरों से बातचीत के लिए बुलाया था। लेकिन डॉक्टरों ने कुछ शर्तें रख दीं, जिसके चलते यह बातचीत नहीं हो पाई है। वहीं, ममता बनर्जी ने इस्तीफे की पेशकश तक कर डाली, लेकिन डॉक्टर टस से मस नहीं हुए हैं।

जूनियर डॉक्टरों ने चार पेज का पत्र लिखा है। इस पत्र को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी भेजा गया है। इस पत्र में लिखा गया है कि आप देश का मुखिया हैं। ऐसे में यह मामला आपके सामने रख रहे हैं। हम अपने उस सहयोगी के लिए न्याय चाहते हैं जो एक बेहद घृणित अपराध की शिकार हो गई है। ऐसा होने के बाद हम हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत बिना किसी डर और आशंका के जनता की सेवा कर सकेंगे। पत्र में डॉक्टरों ने लिखा है कि इस मुश्किल समय में आपका दखल हम सभी के लिए रोशनी की किरण की तरह से काम करेगा। आप ही हैं जो हमें हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएंगे। आंदोलनकारी डॉक्टरों में शामिल अनिकेत महतो ने बताया कि पत्र का मसौदा इस महीने की शुरुआत में तैयार किया गया था और इसे गुरुवार रात भेजा गया।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद हड़ताल जारी है। जूनियर डॉक्टरों ने बारिश और अन्य चीजों की की परवाह किए बिना स्वास्थ्य भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं।

- **गौरतलब है कि डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में जूनियर डॉक्टर 35 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने बारिश के दौरान तम्बू के नीचे खड़े होकर प्रर्दशन किया।**

# सुपरस्टार विजय फिल्मी दुनिया छोड़कर राजनीति में अपना करियर बनाएंगे

चेन्नई, 14 सितम्बर। तमिल एक्टर थलपति विजय जल्द ही अपना फिल्मी करियर छोड़कर राजनीति में अपना करियर बनाएंगे। लेकिन उससे पहले बैंगलुरु स्थित डिस्ट्रीब्यूशन हाउस केवीएन प्रोडक्शंस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने एक और फिल्म साइन की है। फैंस इस बात से एक्साइटेड हैं कि एक्टर अपनी नवगठित पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम के साथ राजनीति में जाने से पहले अपनी 69वीं फिल्म पूरी करेंगे और ये उनकी आखिरी फिल्म भी होगी।

शुक्रवार को, केवीएन प्रोडक्शंस ने विजय की आखिरी फिल्म के बारे में अपने एक्स पर अपडेट दिया। उन्होंने सबसे पहले विजय का चेहरा दिखाए बिना उनकी हिट फिल्मों के सीन्स का एक वीडियो शेयर किया और लिखा, "5 मणि-कु संधिप्पोम नानबा नानबी। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी पहली तमिल फिल्म है। यह एक उत्सव है। यहां तक कि उत्सव का भी अपना इतिहास है।' बाद में, उन्होंने घोषणा की, "थलपति के लिए प्यार। हम सभी आपकी फिल्मों के साथ बड़े हुए हैं और आप हर कदम पर हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं। 30 वर्षों से अधिक समय तक हमारा मनोरंजन करने के लिए थलपति को धन्यवाद।" उन्होंने इस दौरान फैंस के साथ विजय की बातचीत का भी एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में उनके फैंस उनकी फिल्मों से उनके जुड़ाव के बारे में भी बात करते नजर आ रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस ने कहा कि प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी।

- **सुपरस्टार विजय ने 30 साल के अपने फिल्म करियर में 68 फिल्में की हैं तथा उनमें से अधिकतर बड़ी हिट साबित हुईं हैं।**

# ‘वरिष्ठ विपक्षी नेता ने मुझे प्र.मंत्री पद का ऑफर दिया था’

## गडकरी ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले उनके समक्ष यह ऑफर आया था

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। केंद्रीय परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने उनके सामने प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। पत्रकारिता पुरस्कार समारोह के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा, "मैंने नेता से कहा कि मैं एक विचारधारा और विश्वास का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं एक ऐसी पार्टी में हूं जिसने मुझे वह सब कुछ दिया है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। कोई भी प्रस्ताव मुझे लुभा नहीं सकता।'

हालांकि, नितिन गडकरी ने विपक्षी नेता का नाम नहीं बताया और न ही घटना के बारे में डिटेल से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनावों से पहले एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने मुझसे संपर्क किया था। उस समय माना जा रहा था कि बीजेपी पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी और सरकार बनाने के लिए उसे कुछ विपक्षी दलों के समर्थन की जरूरत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे साफ तौर पर कहा कि मैं कुछ सिद्धांतों और विश्वासों के साथ बड़ा हुआ हूं और मैं उनसे समझौता नहीं करूंगा।'

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। बीजेपी की 240 सीटें ही आईं, जिसके बाद टीडीपी, जेडीयू जैसे दलों की मदद से गठबंधन की सरकार बनानी पड़ी। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को अकेले दम पर बहुमत हासिल हुआ था।

इस बार कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने इंडिया अलायंस बनाया, जिसने एक साथ मिलकर देशभर में चुनाव लड़ा। इसका असर यह हुआ कि एन.डी.ए. के लिए 400 पार का दावा करने वाली भाजपा बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। हालांकि, फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने।

- **गडकरी ने मीडिया को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने नेता को बताया कि मैं एक विचारधारा और विश्वास का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं एक ऐसी पार्टी में हूँ जिसने मुझे वह सब कुछ दिया है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। कोई भी प्रस्ताव मुझे लुभा नहीं सकता।"**
- **उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे साफ तौर पर कहा कि मैं कुछ सिद्धांतों और विश्वासों के साथ बड़ा हुआ हूं और मैं उनसे समझौता नहीं करूंगा।'**

# अशोक गहलोत के सब्सिडी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्टाम्प ड्यूटी और कन्वर्ज़न चार्जेज़ में 75-75 प्रतिशत छूट दी जायेगी। इसमें से भी 25 प्रतिशत शुल्क की भरपाई पुनः कर दी जायेगी। इसी प्रकार लैंड टैक्स, विद्युत शुल्क, बाजार अथवा मंडी टैक्स के साथ ब्याज सब्सिडी में छूट दी जायेगी। निर्माण, एम.एस. एम.ई., लॉजिस्टिक तथा उभरते उद्योगों को ब्याज में सब्सिडी, टर्म लोन में राहत, ग्रीन इंसेंटिव, केपिटल सब्सिडी, टर्न ओवर लिंक सब्सिडी, इन्वैस्टमेंट सब्सिडी, कल्स्टर बेनेफिट समेत कई तरह की छूट देने के वायदे किए गए थे। इसी प्रकार एम.एम.एम.ई. (मध्यम दर्जे) कंपनियों को एम्प्लॉयमेंट जनरेशन सब्सिडी (रोजगार सृजन छूट) देने की बात कही गई थी।

मजेदार तथ्य यह है कि गहलोत सरकार के कार्यकाल में रिप्स-2022 की घोषणा तो की गई, लेकिन इसके प्रक्रिया सम्बंधी दिशानिर्देश बनाने का कोई काम नहीं हुआ। ऐसे में इन कंपनियों व उद्योगों को यह सब्सिडी और छूट किस प्रकार दी जायेगी, इसके बारे में कभी ना तो अशोक गहलोत साफ-साफ बता पाए और ना ही उनकी सरकार ने कोई सब्सिडी अथवा छूट जारी की। उधर जिन निवेशकों ने करोड़ों रुपये लगाकर राजस्थान में अपने उद्योग अथवा व्यापार स्थापित किए, वह आज आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पिछले करीब 2 सालों में इन निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिलने के कारण तथा अशोक गहलोत सरकार की झूठी और थोथी उद्योग राहत की घोषणाओं के चलते राजस्थान में निवेश के विपरीत माहौल भी बना।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद जो बजट सत्र हुआ, उसमें एक भी दिन अशोक गहलोत सदन की कार्यवाही में शामिल होने नहीं पहुंचे। इस वजह से उन्हें पिछली कांग्रेस सरकार के झूठे वादों और नाकामियों पर कोई जवाब नहीं देना पड़ा।

हालांकि वह अपनी "स्लिप डिस्क और पीठ दर्द" के चलते बिस्तर पर लेटे-लेटे और सोशल मीडिया पर नई सरकार के विदेशी निवेश के दौरे पर तंज कसने और अखबारों में फोटो छपवाने से नहीं चूके। मीडिया ने इनके आरोपों और कथनों को ज्यों का त्यों प्रकाशित तो किया, लेकिन उनकी सरकार के कार्यकाल में उद्योग निवेश को लेकर किए गए झूठे वादों पर सवाल नहीं उठाए।

# ‘विनेश फोगाट खुद को अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ कोई अपील ही नहीं करना चाहती थीं’

## इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से विनेश फोगाट का केस लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे ने यह दावा किया

नई दिल्ली, 14 सितम्बर। वकील हरीश साल्वे ने पेरिस ओलंपिक को लेकर दावा किया है कि विनेश फोगाट चाहती ही नहीं थीं कि खेल पंचाट में उनके खिलाफ लिए गए फैसले को हम चुनौती दें। दरअसल, पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट को 7 अगस्त को पेरिस ओलंपकि में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल के ठीक पहले 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया था, जिसके कारण पहलवान विनेश फोगाट फाइनल से बाहर हो गई थीं। ओलंपिक के इतिहास में यह पहली बार था, जब भारत की कोई महिला पहलवान ओलंपिक के फाइनल में पहुंची हो।

हरीश साल्वे का यह बयान विनेश के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि जब ओलंपिक संघ ने उनको फाइनल के ठीक पहले अयोग्य घोषित किया तो उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ की तरफ से कोई समर्थन नहीं मिला। विनेश ने कहा था कि हमारे जो वकील थे वह उस फैसले को लेकर पहले से ही उदार दिख रहे थे। इन सभी कारणों से ही उन्हें ओलंपिक में भारत का महिला पहलवानी का पहला गोल्ड या रजत पदक नहीं मिल सका। हालांकि, भारतीय ओलंपिक संघ और विनेश फोगाट की तरफ से इस फैसले के खिलाफ अपील की गई थी, जिसमें हरीश साल्वे ने ही वकील के रूप में उनका प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया और विनेश को बिना पदक के ही वापस लौटना पड़ा।

टाइम्स नाउ को दिए अपने एक इंटरव्यू में हरीश साल्वे ने बताया कि हमारी पेशकश के बाद भी विनेश फोगाट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती नहीं देना चाहती थीं। हालांकि बाद में हमें अपील देने लायक सभी दस्तावेज और जानकारी मिल गई, जिसके बाद हमनें कड़ा संघर्ष किया। लेकिन हमारी अपील को खारिज कर दिया गया। मैंने उन्हें यह भी बताया कि हम मध्यस्थता पुरस्कार के खिलाफ दिए गए इस फैसले को लेकर स्विस अदालत में चुनौती दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, बाद में उनके वकीलों नें मुझे बताया कि वह इसे आगे नहीं ले जाना चाहती। साल्वे ने आरोप लगाया कि विनेश फोगाट के वकीलों में तालमेल की कमी थी, ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त की गई एक बहुत बेहतर लॉ फर्म को कुछ वकीलों ने कहा कि हम आपके साथ कुछ भी साझा नहीं करेंगे। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान महिलाओं की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग में फाइनल के दिन ही 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

- **हरीश साल्वे ने कहा, इंटरनैशनल ओलंपिक एसोसिएशन के फैसले के खिलाफ हमारी ओर से विनेश फोगाट को स्विस आर्बिट्रेशन सैन्टर में अपील करने की पेशकश की गई थी, लेकिन, फोगाट ने इस मामले में हमें कोई प्रतिक्रिया ही नहीं दी तो फिर हम कर भी क्या सकते थे।**
- **हरीश साल्वे ने कहा, हमें फोगाट का केस लड़ने के लिए दस्तावेजों व मामले को समझने के लिए फोगाट के वकीलों की ओर से सहयोग की आवश्यकता थी, लेकिन, उनके वकीलों ने कोई सहयोग नहीं किया, बाद में उनके वकीलों से पता चला कि फोगाट आगे अपील ही नहीं करना चाहती।**

# जलजीवन मिशन में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टैंडर डालने का उसका उद्देश्य एक ही था और वह था मेघा इंजीनियरिंग के टैंडर को प्रतिस्पर्धात्मक दिखाना।

**तीनों पैकेज में दोनों फर्मों की रेटों का विवरण समझिए:- राशि करोड़ रुपए**

| पैकेज | सरकार का ऑफर | रामकी इंफ्रा | मेघा इंजी. | मेघा संशोधित | % ऊपर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3913 | 5322 | 5205 | 5205 | 33 |
| 2 | 1807 | 2549 | 2494 | 2494 | 38 |
| 3 | 2066 | 2996 | 2872 | 1901 | (-) 8 |
| योग | 7786 | 10867 | 10571 | 9600 | 23 |

गहलोत सरकार ने जून 2023 में निविदाएं आमंत्रित कीं और अगस्त 2023 में निविदाएं खोलकर प्रोसेस कीं। चाहे उन्होंने अनुमोदित नहीं कीं लेकिन खेल तो वे कर गए, क्योंकि 'मेघा इंजीनियरिंग को पूरा अवसर मिल गया कि वह इस 23 प्रतिशत ऊपर की 2000 करोड़ की राशि से नेताओं, अफसरों को खरीद सके। सवाल यह उठता है कि:-

- एच.ए.एस. मॉडल में कंपनी निर्माण अवधि (4 साल) पूरी होने के 20 साल बाद की कीमत को आंख मींचकर भरती है, क्योंकि, न उसे पता और न सरकार को पता कि 2048 की स्थिति क्या होगी।
- जब सरकार के पास देने को पैसे नहीं थे तो आने वाली सरकारों पर बोझ डालकर आधी अधूरी योजना का काम शुरू करके जनता को क्यों मूर्ख बनाया जा रहा था।
- जनता को तो ये भी नहीं मालूम कि कुल लागत का 40 प्रतिशत भुगतान फर्म को अगले चार साल में होगा और बचे हुए 60 प्रतिशत का भुगतान अगले 20 सालों में किश्तों में होगा, लेकिन, सरकार कंपनी को बैंक ब्याज दर से 2 प्रतिशत ज्यादा ब्याज देगी। सवाल है, आखिर क्यों, जबकि पूरी योजना के 80 प्रतिशत भाग का अभी अता-पता ही नहीं है।
- रेटों के ऊपर दिए विवरण से साफ है कि सरकार के एस्टीमेट से केवल दो महीने में 33 और 38 प्रतिशत ऊंची दर हो गई जो मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।
- पूरे टेंडर की सबसे बड़ी शर्त, जिसका लाभ मेघा इंजीनियरिंग जरूर उठाएगी, वो है कि कंपनी अपनी मनमर्जी से परियोजना की डिज़ाइन बदल सकती है, अर्थात् पाइप, नहर, बांध आदि के साइज़ में घटत भी कर सकती है।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह निकलता है कि अशोक गहलोत ने मेघा इंजीनियरिंग को काम दिलाने के लिए सभी तरह के प्रभाव का इस्तेमाल किया और हजारों करोड़ का घोटाला किया। इसका खुलासा तो सी.ए.जी. ऑडिट या सी.बी.आई. जांच से ही संभव है।

# मेव समाज ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद दिल्ली चले गए। जहाँ जामिया मिलिया विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन किया।

ज़ुबेर खान ने एक साल पहले लिवर ट्रांसप्लांट कराया था। लोकसभा के चुनाव में अधिक भागदौड़ से तकलीफ बढ़ गई थी, उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। करीब 15 दिन पहले मेदांता अस्पताल (गुरुग्राम, हरियाणा) के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। उसके बाद बीच-बीच में जयपुर ले जाकर उनका इलाज कराया गया। बाद में ढ़ाई पेड़ी (अलवर शहर) में खुद के घर में ही आई.सी.यू. तैयार कराया था।

ज़ुबेर खान जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी दिल्ली के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे थे। उस दौरान उनकी दिल्ली में रोड पर पैंफलेट लगाते समय राजीव गांधी से मुलाकात हुई थी।

उनसे प्रभावित होकर राजीव गांधी ने उनको एन.एस.यू.आई. का राष्ट्रीय सचिव बनाया था। तभी वे गांधी परिवार के नजदीक आ गए थे। फिर, उनको 1993 में टिकट दिया गया था। राजीव गांधी के बाद उन्होंने यू.पी. में प्रियंका गांधी के साथ खूब काम किया है। प्रियंका गांधी के उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव रहने के दौरान ज़ुबेर खान उनके साथ सह प्रभारी सचिव थे।

# सरकार ने ...

सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क की दर 12.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गयी है।

# ‘निवेशकों ने प्रदेश की डबल इंजन सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लर्निंग के लिए एक महाविद्यालय भी खोला जाएगा। इसके साथ ही 25 आई.ए.एस. अधिकारियों को विश्व के 25 बड़े देशों के साथ समन्वय के लिए लगाया जाएगा, जो राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की अर्थ व्यवस्था को अगले पांच साल में दोगुना करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राइज़िंग राजस्थान के लिए इन्वैस्ट समिट की तरह ग्लोबल समिट किया जाएगा। इसमें विदेशों में जाकर इन्वैस्टमैंट के लिए निवेशकों को तैयार किया जाएगा। इस दिशा में राजस्थान सरकार 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में भी राईज़िंग राजस्थान रोड शो का आयोजन करेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं है। सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाओं के साथ राजस्थान की डबल इंजन सरकार पर देश-विदेश के निवेशकों ने विश्वास जताया है। भाजपा की सरकार ने भी उन्हें सुरक्षा के साथ समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए आश्वस्त किया है। भाजपा जो कहती है उसे पूरा करने पर यकीन करती है। कार्य करने की इच्छा शक्ति हो तो ईश्वर भी आप की मदद करने को तैयार हो जाता है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही ऊर्जा और पानी के क्षेत्र में कार्य करने की योजनाएं बनाई गई।

इस दिशा में जहां 32 हजार मेगावाट ऊर्जा के एमओयू साइन किए गए वहीं पानी के लिए ईआरसीपी और यमुना जल समझौता जैसे वर्षों से लंबित कार्य को पूरा करने की दिशा में कार्य किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र में इन्वैस्ट समिट के बाद "कम इन इंडिया, मेक इन इंडिया" का सपना का साकार करने के उद्देश्य से दक्षिण कोरिया और जापान में जाकर निवेशकों को आमंत्रित किया है। जबकि राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने निवेशकों को आमंत्रित तो किया लेकिन निवेशकों ने उन पर भरोसा तक नहीं जताया। पूर्ववर्ती सरकार के राज में प्रदेश की सरकार अस्थिर थी, गहलोत सरकार कुर्सी बचाने के लिए होटलों में बैठी रही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विदेशी निवेशकों को सुरक्षा के साथ सुविधाएं, संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए आश्वस्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित भाजपा सरकार प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है। ऐसे में हम सभी को मिलकर मुख्यमंत्री के इस प्रयास को पूरा करने के लिए कार्य करना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान को विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार बनने के साथ ही इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया था। सीएम शर्मा ने विदेशी निवेशकों के साथ कई दौर की बैठके की और उत्साहित निवेशकों को राधे-राधे के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम में मंच पर भाजपा राजस्थान के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी, भाजपा महामंत्री एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल उपस्थित थे।

एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में मंत्री मंडल के सदस्य, सासंद, विधायक, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी-एसटी मोर्चा के साथ सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के संयोजक एवं सह संयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।

- **मदन राठौड़ ने कहा, प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार अस्थिर थी, कुर्सी बचाने के लिए होटलों में डेरा डाला था तो निवेशकों को भरोसा कैसे दिलाती?**

# अशोक गहलोत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संबंध हैं।

गहलोत को ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा प्रताप सिंह बाजवा के साथ हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि माकन को संभवतः गहलोत पर नज़र रखने के लिए तथा उन्हें बैलैंस करने के लिए लाया गया है, क्योंकि, दोनों का आपसी बैर का इतिहास रहा है।

इसके अलावा दोनों का बैलैंस करने के लिए प्रताप सिंह बाजवा को नियुक्ति दी गई है। बाजवा, हरियाणा के पड़ोसी राज्य पंजाब के हैं तथा हरियाणा में बड़ी संख्या में सिख रहते हैं।

गहलोत के पास कोई खास काम नहीं होगा, चूंकि, चुनावों का सारा कंट्रोल भूपेन्दर सिंह हूडा के हाथों में है। गहलोत इस मौके का इस्तेमाल करके खुद को और अधिक महत्पूर्ण पद पर लाने की कोशिश करेंगे, लेकिन, पूर्व मुख्यमंत्री के लिए यह एक लंबी और कठिन राह साबित होगी।

# प्र.मंत्री मोदी के सी.जे.आई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को शक तो होगा।

वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि सी.जे.आई. ने कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच "शक्ति के पृथक्करण" से समझौता किया है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा सी.जे.आई. की स्वतंत्रता पर से भरोसा उठ गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को सी.जे.आई. की स्वतंत्रता के साथ हुए इस समझौते का विरोध करना चाहिए।

भाजपा के सम्बित पात्रा ने विपक्ष पर जवाबी प्रहार किया कि "क्या प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में तत्कालीन सी.जे.आई. ने भाग नहीं लिया था। उन्हें प्रधानमंत्री के सी.जे.आई. से मिलने पर आपत्ति नहीं है बल्कि गणपति पूजा पर है।

पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता राजनीति कर रहे हैं। मुझे हैरानी है कि अगर प्रधानमंत्री सी.जे.आई. से मिलते हैं तो आप आपत्ति करते हैं पर जब राहुल गांधी अमेरिका सांसद इल्हान उमर से मिलते हैं, जो पाक अधिकृत कश्मीर के हैं, तो आपका कोई आपत्ति नहीं होती।"

भाजपा के महासचिव बी.एल. संतोष ने भी विपक्ष की आलोचना की और कहा कि वामपंथी रुझान वाले नेता धार्मिक कार्यक्रम से परेशान हैं। शिवसेना के मिलिन्द देवड़ा ने भी मोदी के इस विज़िट को अनावश्यक उछाले जाने की आलोचना की और कहा कि वर्ष 2009 में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने इफ्तार पार्टी की थी, जिसमें तत्कालीन सी.जे.आई. के.सी.बालकृष्णन ने भाग लिया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908